* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

25 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 37

लगातार आगे बढ़ रहा है झारखंड आप आकर खुद देखें : हेमंत सोरेन




# BERLIN GENERAL HOSPITAL

**A Super Speciality Unit**

## Grand Opening




Today
25th November

**पंचमुखी मंदिर के पास, हरमू बाजार, रांची**

संपर्क करें: +91-9431529314, +91-9431529315

न्यूरो सर्जरी (मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की सर्जरी ), जनरल सर्जरी / लेप्रोस्कोपिक दूरबीन से सर्जरी, नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विभाग), जनरल मेडिसिन, प्रसूति एवं स्त्री रोग, हड्डी रोग/ घुटना रिप्लेसमेंट / कूल्हे का रिप्लेसमेंट, कैंसर विज्ञान, NICU, ICU, डायलिसिस, मानसिक रोगों का चिकित्सा, यूरोलॉजी (मूत्र रोग-चिकित्सा), कार्डियोलॉजी (हृदय रोग विभाग), पैथोलॉजी, डिजिटल एक्स-रे, 3D /4D इको, अल्ट्रा सोनोग्राफी, CT स्कैन, ईसीजी 12 लीड्स, मूत्र संबंधी जांच, एंडोस्कोपी (शरीर के अंदरूनी अंगों का जांच), ब्रॉकोस्कोपी (फेफड़ों का जांच), कोलोनोस्कोपी (बड़ी आंत की जाँच), एचडीयू, आधुनिक OT, डीलक्स रुम, जनरल वार्ड, लेबर रुम, 24 X 7 फार्मेसी, 24 X 7 एम्बुलेंस

**Your One-Stop Solution For All Ultramodern Health Care Services**

## BERLIN DIAGNOSTICS & DAY CARE

OPP- DAV NANDRAJ SCHOOL, Bariatu Road, Ranchi - 834009

**1ST PET CT IN RANCHI**

**उपलब्ध सेवाएं**

रांची में पहली बार संपूर्ण शरीर PET-CT, गामा कैमरा , नॉन-इनवेसिव कार्डिएक एंजियोग्राफी बोनस्कैन, प्रिवेंटिव न्यूक्लियर मेडिसिन थेरेपी, सभी आयु समूहों के लिए स्वास्थ्य पैकेज, CT, MRI 3T, USG, X-Ray 24x7 एम्बुलेंस सेवाएं, 24x7 फ़ार्मसी और मुफ्त होम डिलीवरी।

gurugracia.com

Mob.: 9341529301, TOLL FREE 18008913990

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 49,600 रु./10 ग्राम
चांदी 64,500 रु./प्रति किलो



# पीओके वापस लेने की तैयारी में है भारत!

## सेना की उत्तरी कमान के कमांडर के बयान तो इसी ओर इशारा करते हैं : मोदी, शाह और राजनाथ की तिकड़ी क्या कुछ बड़ा करने वाली है

आजाद सिपाही विशेष

**क्या पीओके, यानी पकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत के कब्जे में जल्द आने वाला है। क्या पीओके को लेकर भारत कोई बड़ा कदम उठाने वाला है। यह सवाल अब बहुत तेजी से लोगों की जेहन में उठने लगा है। कहते हैं कि बिना आग धुआं नहीं उठता। यह कहावत पीओके के संबंध में अभी सटीक साबित हो रही है, क्योंकि आग तो हर भारतीय के सीने में लग चुकी है और इसे प्रज्ज्वलित किया है देश की तीन ताकतवर त्रिमूर्तियों ने। ये हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। हाल के दिनों में जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान आये हैं और यदि उनकी समीक्षा की जाये, तो इससे यही लगता है कि पकिस्तान को पीओके से जल्द हाथ धोना पड़ेगा। भारत के कई बुद्धिजीवियों और सेना के जानकारों ने भी निजी स्तर पर इसकी समीक्षा की है। इसका आधार भी है। समय-समय पर सेना की तरफ से भी संकेत दिये जा रहे हैं कि भारत पीओके को कब्जे में लेने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उधर पीओके में भी पाकिस्तानी सेना के विरुद्ध बगावत तेज हो चुकी है। वहां की जनता भी भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। अभी बीते मंगलवार को लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा दिया गया एक बयान सुर्खियों में है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने जैसे आदेशों को पूरा करने के लिए तैयार है। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जैसे ही यह कहा, पीओके को लेकर देश एक बार फिर से उत्साहित हो गया। इस बयान के बाद भारत और पाकिस्तान के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हलचल बढ़ गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पीओके को पाने की अपनी हसरत कई बार जाहिर कर चुके हैं। पीएम मोदी कह चुके हैं कि पाकिस्तान ने अवैध रूप से कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है, वह कसक अभी भी हमारे दिलों में है। देश के रक्षा राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी पीओके को वापस हासिल करने के लिए कड़े बयान दे चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह पीओके को लेकर संसद में बयान दे चुके हैं कि पीओके जम्मू कश्मीर यानी हिंदुस्तान का हिस्सा है। इसे पाने के लिए हम अपनी जान भी दे देंगे। आखिर भारत को कब यकीन हुआ कि पीओके भारत वापस ले सकता है। भारत का पाकिस्तान पर 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक कौन भूल सकता है, जब भारत ने पाकिस्तान को उसकी औकात याद दिलायी थी। उसके घर में घुस कर मारा था। यह पाकिस्तान के लिए एक मैसेज भी था कि यह नया भारत है, जो घर में घुसकर मारता है। डंके की चोट पर मारता है। अब जब सेना के इतने बड़े अफसर की तरफ से पहली बार इस तरह का बयान आया है, तो सवाल उठ रहा है कि क्या भारत पीओके को वापस हासिल करने के लिए तैयारी कर रहा है या कर चूका है। पीओके को लेकर किस तरीके की बातें चल रही हैं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पीओके पर क्या कहा

बीते मंगलवार को उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी द्वारा दिया गया एक बयान खूब सुर्खियां बटोर रहा है। मीडिया से बातचीत के क्रम में एक मीडियाकर्मी ने उनसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जिक्र करते हुए पीओके से संबंधित सवाल पूछ लिया। इसमें उस बयान का जिक्र किया गया, जिसमें रक्षा मंत्री ने कहा था कि हमने अभी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की विकास यात्रा शुरू की है। जब हम गिलगित-बाल्टिस्तान तक पहुंच जायेंगे, तभी लक्ष्य पूरा होगा। इसका जवाब देते हुए लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पीओके को वापस लेने के लिए भारतीय सेना पूरी तरह से तैयार है। जब भी सरकार आदेश देगी, हम उस पर अमल कर देंगे। उन्होंने कहा कि 160 आतंकी, लांचिंग पैड पर हैं। 300 के करीब कुल आतंकी इस समय सीमा के उस पार सक्रिय हैं। सीजफायर दोनों देशों के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसको तोड़ा गया, तो हम ईंट का जवाब पत्थर से देने को भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पीओके पर जैसे रक्षा मंत्री कह चुके हैं और यह संसद में प्रस्ताव भी पास हुआ है। इसमें नया कुछ नहीं है। जहां तक भारतीय सेना की बात है, तो हम पूरी तरह से तैयार हैं। जब सरकार आदेश देगी, भारतीय सेना इस काम में जुट जायेगी। वह पूरी तरह से तैयार है।

### पीओके पर पीएम नरेंद्र मोदी

चाहे वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे हों या मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों की पीओके को लेकर चाहत साफ दिखाई पड़ती रही है। पीएम मोदी कई बार कह चुके हैं कि पाकिस्तान ने अवैध रूप से कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है, जिसकी कसक हमारे अंदर है। पीएम मोदी कहते हैं कि पीओके जम्मू-कश्मीर का अभिन्न हिस्सा है।

कश्मीर मसला बिना पीओके के लोगों को शामिल किये बिना नहीं हल किया जा सकता। पीएम मोदी तो यहां तक कहते हैं कि पकिस्तान से अगर युद्ध होता है, तो हफ्ता-दस दिन काफी है उससे निपटने के लिए। उन्होंने 15 अगस्त 2016 को स्वतंत्रता दिवस का भाषण देते हुए लाल किले की प्राचीर से भी इसका जिक्र किया था। गिलगिट-बाल्टिस्तान, बलूचिस्तान, पीओके में नागरिकों पर होने वाले जुल्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा था, दूरदराज के लोग, जिन्हें मैंने देखा तक नहीं, जिनसे मैं मिला तक नहीं, जब ऐसे लोग भारतीय प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा करते हैं, उनका अभिवादन करते हैं, तो यह देश के 125 करोड़ लोगों का सम्मान होता है।




### पीओके पर गृह मंत्री अमित शाह क्या कहते हैं

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने का विधेयक पेश करते हुए संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने भी पीओके का जिक्र किया था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था, इस देश का विभाजन कांग्रेस पार्टी ने धर्म के आधार पर करवाया था। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जब भी मैं जम्मू-कश्मीर कहता हूं, तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चीन भी इसके अंदर आता है। क्या कांग्रेस पीओके को भारत का हिस्सा नहीं मानती है? हम तो इसके लिए जान दे देंगे। लोकसभा में चर्चा करते हुए शाह ने कहा था, हमारे एजेंडे में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी शामिल है। शाह पीओके को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। उनकी बॉडी लैंग्वेज भी उस वक्त बदल जाता है, जब वह पीओके के बारे में बात करते हैं। उनकी आंखों में साफ दिखता है कि पीओके पाने की उनकी चाहत किस कदर उग्र है।

### पीओके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह क्या कहते हैं

चुनावी दौरे पर हिमाचल गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके को लेकर नया बयान दिया। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके पर फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के दौरान ही ले लिया जाना चाहिए था। अफसोस यह है कि उस समय पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिक भारत ने बंदी बना लिये थे, इसके बावजूद भारत ने पाकिस्तान से पीओके वापस नहीं लिया। वहीं कांगड़ा में चुनावी रैली के दौरान लोगों ने 'पीओके चाहिए' के नारे लगाये। इस पर राजनाथ सिंह ने मंच से कहा, धैर्य रखें, जल्द मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहले भी कहा है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में पाकिस्तान ने जो किया है, उसे उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान वहां अत्याचार कर रहा है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। हमारा लक्ष्य गिलगिट-बाल्टिस्तान तक पहुंचना है।

सेना के जानकार बताते हैं कि 2014 के बाद से भारतीय सेना में बड़ा बदलाव आया है। अब भारत डिफेंसिव मोड में नहीं रहता, बल्कि अटैकिंग मोड में रहता है। पीओके और बलूचिस्तान का मामला सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है। देश की संसद में गृह मंत्री इस पर आधिकारिक बयान दे चुके हैं कि एक दिन पीओके को वापस भारत हासिल कर लेगा। अब सेना के उत्तरी कमान के कमांडर का बयान आया है। यह भी काफी महत्वपूर्ण है। इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। आने वाले कुछ सालों में हम बड़े एक्शन की उम्मीद कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि यह संभव है कि अगले कुछ समय या साल में पीओके पर भारत की कार्रवाई भी शुरू हो जाये। भले ही लिमिटेड वॉर हो। उत्तरी कमान के कमांडर के बयान का यही मतलब है कि भारत किसी भी समय कार्रवाई को अंजाम देने के लिए तैयार है। पाकइस समय तमाम मुश्किलों से गुजर रहा है। राजनीतिक अस्थिरता के साथ-साथ पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति भी काफी खराब है। चीन और अन्य देशों का कर्ज बढ़ गया है। ऐसे में कोई ताज्जुब नहीं होगा, अगर आने वाले वर्षों में पाकिस्तान के तीन टुकड़े हो जायें। इनमें एक पर चीन कब्जा कर सकता है, जबकि दूसरे पर अफगानिस्तान। बलूचिस्तान में भी माहौल खराब हो चुका है।

---

# राज्य में सत्ता के शीर्ष पर बैठे हैं भ्रष्टाचारी : बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** अगर राज्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना है, तो सबसे पहले सत्ता के शीर्ष पर बैठे भ्रष्टाचारी लोगों पर अंकुश लगाना होगा। क्योंकि जबतक शीर्ष पर भ्रष्टाचारी रहेंगे नीचे वाले भी भ्रष्टाचार करते रहेंगे। आज झारखंड में जांच एजेंसी यही काम कर रही हैं। ये बातें गुरुवार को भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह जिला के झंडा मैदान में हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ जन आक्रोश प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद पर हमला करते हुए कहा कि जब-जब इन दलों की देश में या राज्य में सरकार बनी है, तब-तब ये लोग सिर्फ देश या राज्य को लूटने का काम किये हैं। ये लोग सिर्फ पैसे के लिए सरकार बनाते और राजनीति करते हैं। मैं तो कहता हूं कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का नाम झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी होना चाहिए।

**झामुमो अलग राज्य के उद्देश्य से भटक कर मुद्रा मोचन में लग गया :** उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अलग राज्य के निर्माण के उद्देश्य से भटक कर मुद्रा मोचन में लग गया है। अगर वे चाहते तो 1991 में ही झारखंड अलग राज्य बन गया होता, लेकिन कांग्रेस वालों ने उस आंदोलन को खरीदने का काम किया और झारखंड मुक्ति मोर्चा वालों ने आंदोलन को बेचने का काम किया। आज हेमंत सोरेन जिन लोगों की गोद में बैठकर राजनीति कर रहे हैं, उन्होंने ही उनके पिता को जेल भेजने का भी काम किया था, क्योंकि उस वक्त केंद्र में और बिहार में इनके सहयोगी दलों की ही सरकार थी। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा की अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार नहीं बनती, तो आज झारखंड अलग राज्य भी नहीं बनता। अतः जब राज्य भाजपा ने बनाया है, तो विकास भी भाजपा ही करेगी।

**भाजपा की जब-जब सरकार बनी है, देश में विकास का काम हुआ है :** श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 50 से 60 साल तक शासन किया, लेकिन याद कीजिए कि गांव तक सड़के नहीं थीं, बिजली नहीं थी, पेयजल की समस्या से लोग जूझते रहते थे। लेकिन जब देश में भाजपा की सरकार बनी और राज्य में भी भाजपा की सरकार बनी, तो आज राज्य के गांव-गांव को सड़क के माध्यम से शहरों से जोड़ा गया, पुल-पुलिया बनाया गया, गांव को बिजली पहुंचायी गयी। आज झारखंड के लगभग सभी गांव में सड़क और बिजली पहुंच चुकी है। लेकिन आज हेमंत सोरेन की सरकार अपने तीन साल पूरे कर चुकी है और इन तीन सालों में विकास की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी है। ना तो एक किलोमीटर सड़क का निर्माण कर पायी है और ना ही एक पुल का निर्माण कर पायी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की जो योजनाएं राज्य को मिलती है, चाहे वह पेयजल की योजना हो, गरीब लोगों को राशन देने की योजना हो, आयुष्मान की योजना हो या कोई और जनहित की योजनाएं हो, इन सभी योजनाओं को राज्य सरकार ने खटाई में डाल देने का काम की है। मोदी द्वारा भेजे जाने वाले अनाजों का कालाबाजारी हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में बालू, कोयला, लोहा, पत्थर सहित अन्य खनिजों का अवैध खनन हो रही है और दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। पुलिस पैसे की वसूली में लगी हुई है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है, अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र में राज्य का मालिक जनता होती है। अतः आज मैं आप लोगों के बीच यह कहने आया हूं कि जिस हेमंत सोरेन की सरकार को आपने राज्य की सत्ता सौंपी है विकास करने के लिए, लेकिन वह हेमंत सोरेन की सरकार लुटेरों की सरकार निकली। यह संदेश आप सब यहां से अपने-अपने घरों में गांवों में जाकर लोगों को बतायें। पूर्व आई लक्ष्मण प्रसाद सिंह, नुनू लाल मरांडी, प्रकाश सेठ, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, बीजेपी जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय, जमुआ भाजपा विधायक केदार हाजरा, सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

# हाइकोर्ट में समरी के आठवें गवाह बसंत राम का बयान दर्ज, 15 लोगों की होनी है गवाही

**रांची (आजाद सिपाही)।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की चुनाव याचिका पर हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई जारी रही। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित आठवें गवाह बसंत राम का बयान दर्ज किया गया। बसंत राम ने भी अपने बयान में यही बताया कि समरी लाल का परिवार आजादी से पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है। इसके बाद अदालत में समरी लाल की ओर से यह जानकारी दी गयी कि उनकी तरफ से कुल 15 गवाह ही प्रस्तुत किये जायेंगे। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभाष सिन्हा और अविनाश अखौरी ने पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने उनका पक्ष रखा। शुक्रवार को भी इस मामले में सुनवाई जारी रहेगी।

# नहीं आये विधायक आलोक चौरसिया के गवाह, कोर्ट ने जतायी नाराजगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री और 2019 विधानसभा चुनाव में मेदिनीनगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे केएन त्रिपाठी की चुनाव याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने आलोक चौरसिया की ओर से गवाह उपस्थित नहीं किए जाने पर नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने उन्हें यह निर्देश दिया कि अगले सप्ताह डे टू डे बेसीस पर तीन गवाहों के बयान दर्ज करवाया जाये। केएन त्रिपाठी की ओर से सभी गवाहों का बयान दर्ज किया जा चुका है। बता दें वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में केएन त्रिपाठी को शिकस्त देकर भाजपा के आलोक चौरसिया ने जीत दर्ज की थी। जिसके बाद केएन त्रिपाठी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देते हुए उनका निर्वाचन रद्द करने की मांग की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत इस मामले पर सुनवाई कर रहा है।

# राज्य वन सेवा के आठ अफसर आइएफएस में प्रोन्नत, यूपीएससी ने लगायी मुहर

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य वन सेवा के आठ पदाधिकारियों को भारतीय वन सेवा (आइएफएस) में प्रोन्नति के लिए यूपीएससी ने मुहर लगा दी है। दिल्ली में हुई यूपीएससी की बैठक में सुनील कुमार, एसपी सिंह, ओमप्रकाश, शशि कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, शिव कुमार प्रसाद, अजय कुमार और तारकनाथ के नामों पर मुहर लगायी गयी और उन्हें भारतीय वन सेवा में प्रोन्नत करने की सिफारिश कर दी गयी। बैठक में यूपीएससी के दो सदस्यों के अलावा राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन एल ख्यांगते, प्रधान वन्य संरक्षक संजय श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# झारखंड कैबिनेट की बैठक अब एक को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड कैबिनेट की बैठक अब एक दिसंबर को होगी। पहले यह बैठक 28 नवंबर को बुलायी गयी थी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में होने वाली कैबिनेट की बैठक की तारीख में बदलाव की जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा दी गयी है। यह बैठक शाम चार बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि 28 नवंबर यानी सोमवार को शाम चार बजे से होने वाली मंत्रिपरिषद की बैठक अब एक दिसंबर यानी गुरुवार को चार बजे से होगी।

---

# मुख्यमंत्री ने सीओ और अन्य के खिलाफ एसीबी जांच की मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हेमा प्रसाद, तत्कालीन अंचलाधिकारी एवं अन्य के विरुद्ध जामताड़ा जिला के मिहिजाम थाना अंतर्गत बुटकेरिया मौजा में अवैध रूप से जमीन की खरीद बिक्री किये जाने से संबंधित मिहिजाम थाना कांड संख्या-47/2016, जो वर्तमान में अनुसंधान अंतर्गत है, को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन दे दिया है।



**फरार रहने की स्थिति में कुर्की-जब्ती का निर्देश :** मामले में हेमा प्रसाद, तत्कालीन अंचलाधिकारी जामताड़ा, इस्माइल टुडू तत्कालीन अंचल निरीक्षक तथा अन्य के विरुद्ध पीइ दर्ज करने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया था। प्रतिवेदन के अनुसार, इस संबंध में जामताड़ा थाना में आइपीसी की धारा 420/406/409/468/471 एवं 120- बी के तहत कांड संख्या 47/16 दर्ज किया गया है। प्रतिवेदन से यह स्पष्ट होता है कि इस कांड में सभी नौ प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध मामला सत्य पाते हुए अविलंब गिरफ्तार करने तथा फरार रहने की स्थिति में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने एवं उचित माध्यम से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त करने हेतु प्रतिवेदन समर्पित करने तथा पर्यवेक्षण में लंबित अन्य निर्देशों का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

## हाइकोर्ट ने लचर व्यवस्था पर की तल्ख टिप्पणी

# गलत काम करने की खदान है रिम्स

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रिम्स में इलाज की लचर व्यवस्था और विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए रिम्स की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी। चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन व जस्टिस सुजीत नारायण की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा कि झारखंड में दो तरह की खदान है। एक कोयले के दोहन के लिए और दूसरा रिम्स, जहां गलत काम करने की खदान है।

रिम्स में सिर्फ कमियां ही कमियां हैं। इसे दुरुस्त करने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं की गयी है। रिम्स के डॉक्टर धड़ल्ले से प्राइवेट प्रैक्टिस भी करते हैं तथा साथ में एनपीए भी लेते हैं। सरकार ने प्राइवेट प्रैक्टिस करने पर रोक लगाने के लिए समिति भी बनायी है। समिति क्या कर रही है। खंडपीठ ने कहा कि रिम्स में प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। रिम्स अधीक्षक ऐसे व्यक्ति को होना चाहिए, जिसका पूर्ण नियंत्रण रिम्स की सारी व्यवस्था पर होनी चाहिए।

खंडपीठ ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव (अपर मुख्य सचिव) को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। इससे पूर्व रिम्स की ओर से अधिवक्ता डॉ अशोक कुमार सिंह ने पैरवी की, जबकि राज्य सरकार की से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि रिम्स में इलाज की बदतर स्थिति को गंभीरता से लेते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने उसे जनहित याचिका में तब्दील कर दिया था।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रिम्स में चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए पहले झारखंड के नागरिकों, बाद में संशोधित कर झारखंड के निवासियों से आवेदन मांगने पर नाराजगी जतायी थी तथा जवाब मांगा था। पूछा था कि किस कानून, नियम, परिनियम, सर्कुलर या सरकार के किस आदेश से इस तरह का आवेदन मांगा गया है। सभी पद झारखंड के लोगों के लिए कैसे आरक्षित कर दिया गया। रिम्स में चतुर्थ वर्ग के 467 विभिन्न पदों पर चल रही नियुक्ति प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों को अगले आदेश तक नियुक्ति पत्र देने पर भी रोक लगा दी थी।

**हाइकोर्ट ने परिवहन सचिव को सशरीर हाजिर होने का दिया आदेश :** हाइकोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भुगतान मामले में दिये गये आदेश का अनुपालन नहीं होने पर परिवहन सचिव को अगली सुनवाई में सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई नौ दिसंबर को होगी। परिवहन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अदालत में एक अवमानना याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि हाइकोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाये का भुगतान करने का आदेश 29 जनवरी 2020 को पारित किया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि संबंधित कर्मचारियों के बकाये की गणना कर इसका भुगतान कर दें।

www.epaper.azadsipahi.com

25 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 37

बहुविवाह-निकाह और हलाला पर पाबंदी की मांग, सुप्रीम कोर्ट नयी संविधान पीठ बनायेगी



SURJABASHA




CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

# लगातार आगे बढ़ रहा है झारखंड आप आकर खुद देखें : हेमंत सोरेन

## दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड राज्य दिवस समारोह में हुए शामिल

- स्टॉलों में गये, बढ़ाया कलाकारों का हौसला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देशवासियों से झारखंड आने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में आप सभी का स्वागत है। यहां आकर देखिए, झारखंड कितना खूबसूरत है और यह आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस राज्य में जब आप आयेंगे, तब यहां की धरा आपका दिल मोह लेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रगति मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड लगातार आगे बढ़ रहा है। यह आप यहां आकर खुद देख सकते हैं।



प्रगति मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में राज्य दिवस समारोह का उद्घाटन करते सीएम हेमंत सोरेन।

### झारखंड के लोग बना रहे हैं अलग पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है। आज झारखंड के आदिवासी और मूलवासी शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक तौर पर अपनी अलग पहचान बनाने में लगे हैं। आज हर जगह एक प्रतिस्पर्धा की स्थिति बनी है। हर किसी में अपनी क्षमता और हुनर है, जिसके बल पर वह अपनी पहचान बनाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में जिस परिवार को दो वक्त का भोजन सही से नहीं मिल पाता था, उस परिवार के बच्चे खेल में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज उन सभी हुनरमंद बच्चों को वर्तमान सरकार तराशने में लगी है और आने वाली पीढ़ी को उनके लिए बेहतर मार्ग प्रशस्त करने के लिए रोज नयी सोच के साथ देश के सामने आ रही है।

### मुख्यमंत्री ने पुराने दिन याद किये

मुख्यमंत्री ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि जिस प्रगति मैदान में वह वर्षों पहले पढ़ाई के दौरान आये थे, आज वहां अतिथि के रूप में आये हैं। यह बेहद खुशी का क्षण है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में आयोजित झारखंड दिवस समारोह में पाइका, पंच-परगनिया, मुंडारी, मानभूम छऊ, नागपुरी नृत्य के माध्यम से झारखंड के कलाकारों ने सबका मन मोहा। एक ओर जहां कलाकारों ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री उनके बीच पहुंच कर उनकी हौसला अफजाई की।

### झारखंड के स्टॉल का किया अवलोकन

झारखंड दिवस समारोह में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 में झारखंड पवेलियन का परिभ्रमण किया और मेले में भाग लेने वाले झारखंड के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने मेले में पलाश, झारक्राफ्ट, खादी, कृषि, पशुपालन विभाग का जैविक कृषि का स्टॉल, वन विभाग का स्टॉल, ऊर्जा विभाग का जरेडा स्टॉल, लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के स्टॉल में विशेष रुचि दिखायी।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक दिनेश विलियम मरांडी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, उद्योग सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य उपस्थित थे। मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड पार्टनर स्टेट के तौर पर शामिल होकर एक अमिट छाप छोड़ रहा है।

## केंद्र सरकार ने अतिरिक्त बिजली खरीद पर लगायी रोक

# झारखंड में बिजली संकट गहराया, लोड शेडिंग जारी

- बकाया भुगतान नहीं करने तक ऐसी ही रहेगी स्थिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बिजली संकट गहराता जा रहा है। पिछले एक महीने से राज्यभर में लगातार 500 मेगावाट की लोड शेडिंग की जा रही है। हर दिन घंटों बिजली काटी जा रही है। स्थिति यह है कि सुबह पांच बजे से 10 बजे के बीच तीन-चार घंटे और शाम पांच बजे से रात 10 बजे के बीच तीन-चार घंटे बिजली कट रही है। इसके पीछे वजह यह बतायी जा रही है कि जेबीवीएनएल द्वारा अतिरिक्त बिजली खरीदने पर केंद्र सरकार ने रोक लगा दी है। ये रोक डीवीसी का बकाया भुगतान नहीं होने पर लगायी गयी है। रोक सेंट्रल पावर एक्सचेंज से बिजली खरीद पर लगायी गयी है।



केंद्र की तरफ से कहा गया है कि जब तक राज्य सरकार बकाया भुगतान नहीं करती है, तब तक ऐसे ही बिजली में कमी रहेगी। इधर जेबीवीएनएल को राजस्व वसूली में नुकसान हो रहा है। इस वजह से भी यह स्थिति बनी हुई है। डीवीसी दस फीसदी बिजली कटौती कर रहा है।

### गांवों की हालत खराब

राज्य के ग्रामीण हिस्सों की स्थिति और खराब है। वहां 10 से 12 घंटे तक बिजली कटौती हो रही है। राज्य को फिलहाल टीवीएनएल से 360 मेगावाट, एनटीपीसी से पांच सौ मेगावाट, इनलैंड से 50 मेगावाट समेत अन्य स्रोतों से कुल मिला कर 12 सौ से 14 सौ मेगावाट बिजली मिलती है। जबकि, शाम के समय बिजली की मांग बढ़कर 17 सौ से 18 सौ मेगावाट पहुंच जाती है। अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति जेबीवीएनएल पावर एक्सचेंज के जरिये करता है। चूंकि अभी पावर एक्सचेंज से बिजली खरीदने पर रोक लगी हुई है, ऐसे में पांच सौ मेगावाट लोड शेडिंग करनी पड़ रही है।

# अवैध खनन मामले में पूजा सिंघल और 3 डीएमओ पर केस करने की सिफारिश

- प्रवर्तन निदेशालय ने पुलिस मुख्यालय को भेजा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मनी लांड्रिंग और मनरेगा घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध खनन के मामले में बड़ी सिफारिश की है। इडी ने जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल, जो खनन सचिव थीं, और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है। इडी ने जिन अन्य के खिलाफ केस करने को कहा है, उनमें जेल में बंद पूर्व जेइ राम विनोद सिन्हा और



पाकुड़ के डीएमओ प्रदीप कुमार साह, दुमका के डीएमओ कृष्णचंद्र किस्कू और साहिबगंज के जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार के नाम शामिल हैं। इडी ने करीब ढाई सौ पेज के अनुलग्नक के साथ पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा है। इसमें अवैध खनन में इनकी भूमिका बतायी गयी है। इडी की सिफारिश के बाद अब इन सभी के खिलाफ एक नया मामला दर्ज हो सकता है। इडी ने साहिबगंज इलाके में एक हजार करोड़ से अधिक के स्टोन चिप्स की तस्करी की बात स्वीकारी है, जिसमें इन अधिकारियों की भूमिका बतायी जा रही है।

### झूठी मेडिकल रिपोर्ट लेने की कोशिश की पूजा ने

इडी ने लिखा है कि पूजा सिंघल ने जमानत लेने के लिए झूठी मेडिकल रिपोर्ट हासिल करने की कोशिश की है। यह कोशिश इडी के अधिकारियों की सतर्कता के कारण विफल हो गयी।

## बिस्ट्रो कैफे के साथ एक्सपो मेला शुरू, राज्यपाल रमेश बैस ने किया उद्घाटन

# हर क्षेत्र में विकास से ही देश का चौतरफा विकास होगा : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस ने जूनियर चैंबर इंटरनेशनल (जेसीआइ) के रजत जयंती वर्ष के मौके पर एक्सपो उत्सव का उद्घाटन किया। एक्सपो 28 नवंबर तक चलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि जेसीआइ पूरे देश में काम करती है। जेसीआइ लोग जिस प्रक्रिया के तहत सामाजिक काम में लगे रहते हैं, वह देश को विकास की ओर ले जाता है। इस क्रम में राज्यपाल ने कहा कि हर क्षेत्र में विकास होगा, तभी देश का चौतरफा विकास अच्छे से हो सकेगा। उन्होंने उदाहरण दिया कि अगर हम सिर्फ खेती पर आधारित रहेंगे, तो देश का विकास होना संभव नहीं हो सकता। अगर सिर्फ उद्योग-धंधों में ही लगे रहे, तो भी विकास नहीं हो सकता। देश का विकास तभी हो सकता है, जब सभी दिशा में काम हो और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चला जाये।

राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि रांची जैसे शहर में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मैं



मोरहाबादी मैदान में गुरुवार को एक्सपो उत्सव का उद्घाटन करते राज्यपाल रमेश बैस।


उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जो इस आयोजन में लगे हुए हैं और लोगों को एक्सपो के संबंध में जानकारी दे रहे हैं।

**एक्सपो में इस वर्ष ब्रिस्ट्रो कैफे है खास :** यह एक्सपो का 25वां साल है। इस वर्ष एक्सपो में 325 स्टाल हैं, जो सभी बिक गये हैं। एक्सपो दिन के साढ़े 11 बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ शाह ने बताया कि इस वर्ष हमलोग ब्रिस्ट्रो कैफे लेकर आये हैं, जो ग्राउंड के बीच में है। इस कैफे में खाने की नयी-नयी चीजें का लुत्फ आप उठा सकते हैं। इस वर्ष हमने 'अपना घर' के नाम से रियल इस्टेट के लिए अलग हैंगर लगाया है। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप जोन के माध्यम से हमलोग नये उद्यमियों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए पिंक हैंगर बनाया गया है, जिसमें महिला उद्यमियों के स्टॉल हैं।

**बच्चों के लिए भी बहुत कुछ नया है :** एक्सपो में इस साल बच्चों के लिए भी बहुत कुछ नया है। बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क बनाया गया है। इसमें 15 से अधिक प्रकार के झूले हैं। इस साल एक्सपो में क्यूआर कोड सिस्टम लगाया गया है, ताकि लोगों को एक्सपो के अंदर आते ही सभी स्टॉल की जानकारी मिलने लगे।

### सूई से लेकर कार तक सभी सामान मिलेंगे

एक्सपो चीफ अभिषेक केडिया ने बताया कि उनकी पूरी कोशिश है कि एक्सपो में इस वर्ष लोगों को सूई से लेकर कार तक सभी सामान अच्छे ऑफर के साथ मिले। ऑफर की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एक्सपो में इस वर्ष इंट्री टिकट के साथ 36 डिस्काउंट कूपन दिये जा रहे हैं। कूपन शहर के प्रमुख संस्थानों के होंगे। टिकट की कीमत 20 रुपये रखी गयी है। इसके अलावा शनिवार को मिडनाइट बाजार लगाया जा रहा है। इसके तहत सभी स्टॉल संचालक रात 12 बजे तक स्टॉल खुले रखेंगे। एक्सपो में रंगारंग कार्यक्रम भी होते रहेंगे। मशहूर सिंगर ओशो यहां प्रस्तुति देंगे। पुरी के मशहूर सैंड आर्टिस्ट भी मोरहाबादी मैदान में अपनी कला प्रस्तुत करेंगे।




## औद्योगिक हलचल : एक और सौदे की चर्चा से गर्म है भारतीय उद्योग जगत

# 7000 करोड़ में टाटा समूह खरीद सकता है बिसलेरी ग्रुप

- बेटी जयंती का बिजनेस संभालने से इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड थम्स अप, गोल्ड स्पॉट और लिम्का को कोका-कोला को बेचने के लगभग तीन दशक बाद, रमेश चौहान बिसलेरी इंटरनेशनल को बेचने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उनकी बेटी जयंती बिजनेस संभालना नहीं चाहती हैं। इसलिए इसे बेचा जा रहा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) बिसलेरी को छह हजार से सात हजार करोड़ रुपये में खरीद रहा है। बिसलेरी के चेयरमैन रमेश चौहान ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि वह अपने पैकेज्ड पानी के कारोबार के लिए एक खरीदार की तलाश कर रहे हैं और टाटा कंज्यूमर सहित कई प्लेयर्स से बात कर रहे हैं।

**बिजनेस बढ़ाने के लिए उत्तराधिकारी नहीं :** 82 साल के चौहान का कहना है कि बिसलेरी को विस्तार के अगले लेवल पर ले जाने के लिए उनके पास उत्तराधिकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि बेटी जयंती कारोबार में ज्यादा दिलचस्पी नहीं रखती। उन्होंने बताया कि बोतलबंद पानी के कारोबार से बाहर निकलने के बाद वह वाटर हार्वेस्टिंग, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग जैसे पर्यावरण और चैरिटी से जुड़े कामों पर फोकस करना चाहते हैं।

**जयंती ने प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पढ़ाई की :** रमेश चौहान की बेटी जयंती ने हाइस्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पढ़ाई करने के लिए लॉस एंजिल्स के फैशन इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन एंड मर्चेंडाइजिंग में एडमिशन लिया। फिर उन्होंने इस्टिटूटो मारंगोनी मिलानो में फैशन स्टाइलिंग को सीखा। उन्होंने लंदन कॉलेज ऑफ फैशन से फैशन स्टाइलिंग और फोटोग्राफी भी सीखी है। जयंती ने 24 साल की उम्र में बिसलेरी ज्वाइन की थी। उन्होंने दिल्ली ऑफिस का कार्यभार संभाला, जहां उन्होंने जमीनी स्तर पर शुरुआत की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## जमीन कारोबारी की हत्या का ग्रामीणों ने किया विरोध

# आक्रोशित लोगों ने एदलहातू के सभी गली और मोहल्लों के रास्ते किये बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र स्थित एदलहातू में बुधवार की देर शाम अपराधियों ने जमीन कारोबारी धवन कुमार राम की गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस हत्या के विरोध में स्थानीय लोगों ने गुरुवार की सुबह से ही एदलहातु की सभी गलियों और मोहल्लों का रास्ता बंद कर दिया था, जिसके कारण लोगों को परेशानी हुई। मौके पर पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।

**एदलहातू मैदान में मारी थी गोली** : बता दें कि धवन अपने दो दोस्त भोला सिंह और गांधी के साथ एदलहातू मैदान में आग ताप रहे थे। इस दौरान धवन मोबाइल पर गेम भी खेल रहे थे। वहीं दोनों दोस्त भी मोबाइल ही देख रहे थे। शाम साढ़े छह बजे तीन अपराधी वहां पहुंचे। बाइक को घटना स्थल से कुछ दूरी पर खड़ी कर सीधे धवन के पास पहुंचे। करीब दस फीट की दूरी से अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। धवन को गोली लगी और वह वहीं गिर गये। इसके बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। आसपास मौजूद लोग धवन को रिम्स ले गये, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

### ग्रामीण एसपी ने गठित की एसआइटी

प्रभारी सिटी एसपी नौशाद आलम ने एसआइटी का गठन किया है। सदर डीएसपी के नेतृत्व में गठित एसआइटी में बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन के अलावा अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कालू गिरोह के कई लोगों से पुलिस की पूछताछ जारी

बरियातू थाना क्षेत्र स्थित एदलहातू में जमीन कारोबारी धवन राम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में रांची पुलिस अपराधी कालू लामा गिरोह के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसमें से दो को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कांड में ये दोनों लोग शामिल थे या नहीं। पूछताछ और पूरे मामले की जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।

# बिहार क्लब में विनोद पांडे का सम्मान सह स्वागत समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के सदस्य विनोद पांडे को झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाये जाने एवं राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब के सभागार में सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री विनोद पांडे ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा हमें जो सम्मान मिला है या झारखंड मुक्ति मोर्चा के तमाम कार्यकर्ताओं का स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन के कई पहलू को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी ने कहा कि हम कार्यकर्ताओं के सामने कई चुनौती है विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को पंचायत स्तर पर पार्टी के कार्य करने की जरूरत है। मैं सभी कार्यकर्ताओं को समान रूप से सम्मान के साथ ध्यान भी दूंगी। अब इस चुनौती में कार्यकर्ताओं के प्रति हमारा और दायित्व बढ़ गया है।

आयोजन समिति के सदस्य लालजी रमन, अरुण वर्मा, विक्रम सिंह, शिवनंदन मिश्रा, निजामुद्दीन अंसारी, राकेश सिंह, मुन्ना यादव, सुजीत कुजूर और संजय ठाकुर ने 101 किलो का माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर विनोद पांडे को सम्मानित किया।

समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, सुशीला एक्का, रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, हेमलाल मेहता, अंतु तिर्की, समनूर मंसूरी, उमेश यादव, आफताब आलम, रीना तिर्की, महावीर विश्वकर्मा, रामशरण विश्वकर्मा, जुबेर अहमद, मोहम्मद फैजी, अश्वनी शर्मा, शिव शंकर महतो, किरण मिंज, समीर खान, मधु तिर्की, हरी गुप्ता, कुमार संजीव रंजन, शांति तिर्की, संध्या गुड़िया, नीतू लिंडा, कलाम आजाद, वीरू तिर्की, जनक नायक, राजेश गुड़िया, खुर्शीद आलम, बिलाल अंसारी, शमीम मंसूरी, वीरू साहू, बबलू राम, तालकेश्वर महतो, आशुतोष वर्मा, शकील साहिल हबीब, जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक, रवि पंडित, अप्पू त्रिवेदी, चिंटू कुमार, अजय सोनी, मो असलम, अजीज असारी, कृष्णा महतो, रिशु रितेश, अमितेश वर्मा, सुधांशु दुबे, आदिल इमाम, अजय वर्मा सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता सम्मिलित रहे। स्वागत सह सम्मान समारोह की अध्यक्षता पवन जेडिया ने किया एवं संचालन लालजी रमन और विक्रम सिंह ने किया। सभा समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन पूर्व नगर सचिव अरुण वर्मा ने किया।

# झारखंड विस में छात्र संसद: बच्चों ने सीखी विधायिका की बारीकियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस के आखिरी दिन गुरुवार को द्वितीय छात्र संसद में प्रदेश के छात्र-छात्राओं ने संसदीय प्रक्रिया की जानकारी ली। विधानसभा में संसदीय प्रक्रिया का पालन करते हुए विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लिया। छात्रों में से ही मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर का चुनाव किया गया। सदस्यों ने सवाल पूछे और संबंधित विभाग के मंत्रियों ने उसके जवाब दिये।

**सीपी सिंह ने बताया अच्छा प्रयास** : इस आयोजन को भाजपा के नेता और झारखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर सीपी सिंह ने अच्छा प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि यह छद्म विधानसभा है। छद्म विधानसभा और असल विधानसभा में अंतर होता है। आज शांतिपूर्ण माहौल में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने सदन चलाया। वास्तव में ऐसा नहीं होता है।

**सदन में कई बार गलत निर्णयों का समर्थन और सही का होता है विरोध** : श्री सिंह ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे से सवाल पूछते हैं। कई बार ऐसा माहौल बन जाता है कि सत्ता पक्ष के गलत निर्णयों का भी उस पक्ष के लोग समर्थन करते हैं। वहीं, विपक्षी दल भी सत्ता पक्ष के बेहतर फैसले की भी आलोचना करते हैं। सदन में लोग ह्विप से बंधे होते हैं। उन्होंने कहा कि जब नये सदस्य चुनकर विधानसभा आते हैं, तो विधनसभा का सत्र आहूत करने से पहले चार-पांच दिन का ट्रेनिंग कैंप लगना चाहिए। तब उसका कुछ सार्थक परिणाम सामने आयेगा।

**संसदीय प्रक्रिया सीख रहे हैं बच्चे : स्पीकर**

विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि हमलोग जो करते हैं, उसे सही ढंग से परोसेंगे, तो उसका परिणाम सही ही होगा। अगर हम परोसेंगे आम और आप परोसेंगे इमली, तो टेस्ट में बदलाव आ जायेगा। ये अच्छा है या बुरा है, इसे बेहतर तरीके से आप लोगों तक पहुंचायेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को संसदीय प्रक्रिया का ज्ञान हो रहा है। कैसे प्रश्न किया जाता है। कैसे ध्यानाकर्षण होता है। कैसे कार्यस्थगन होता है। तमाम विधायी प्रक्रिया का तकनीकी ज्ञान इन्हें मिला है।

**हर जनप्रतिनिधि का एक ही उद्देश्य, जनसमस्या का हो समाधान** : यह पूछे जाने पर कि सदन काफी शांतिपूर्ण है, श्री महतो ने पूछा कि आप क्या चाहते हैं। इन्हें भी अशांत कर दें। सदन शांतिपूर्वक ही चलनी चाहिए। सदन के अंदर बैठे सभी जनप्रतिनिधियों का एक ही लक्ष्य होता है। सभी एक ही डोर से बंधे होते हैं कि जनसमस्याओं को उचित प्लेटफॉर्म पर रखें और उसका समाधान हो। झारखंड विधानसभा की स्थापना के 3 दिवसीय समारोह के समापन के बारे में पूछने पर रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि वह इससे बेहद संतुष्ट हैं। हमलोग बेहतर करते हैं, लेकिन उसे इस तरह से परोसा जाता है कि अगले दिन हमें खराब लगता है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड में सिपाहियों को प्रमोशन देने की तैयारी में मुख्यालय, मांगी गयी सूची

**रांची (आजाद सिपाही)।** पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में सिपाहियों को पदोन्नति देने की तैयारी में है। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। 2005 बैच के साक्षर आरक्षी और साक्षर हवलदार को पदोन्नति दी जायेगी। इसके लिए सभी क्षेत्रीय डीआईजी, के साथ साथ सीआइडी, एसीबी, विशेष शाखा, एससीआरबी, रेल सहित अन्य विंग के डीआइजी से सूची मांगी गयी है। डीआइजी कार्मिक ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। डेटा मुख्यालय को उपलब्ध होने के बाद मुख्यालय स्तर से निर्णय लिया जायेगा।

### आरयू पब्लिकेशन कमिटी की बैठक संपन्न



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विवि की पब्लिकेशन समिति की बैठक गुरुवार को हुई। अध्यक्षता कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने की। इसमें डॉ जी एस झा, डॉ आरके शर्मा, डॉ एमसी मेहता, डॉ चंद्रिका ठाकुर, डॉ स्मृति सिंह, डॉ समीरा सिन्हा, डॉ दीपाली अपराजिता डुंगडुंग एवं डॉ कंजीव लोचन उपस्थित थे। बैठक में फैसला किया गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत सभी विभागों एवं कॉलेजों के सभी प्रकाशन पब्लिकेशन कमिटी के अनुमोदन के उपरांत ही प्रकाशित किये जायेंगे। कमिटी सभी प्रकाशनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी। विश्वविद्यालय के सभी प्रकाशित दस्तावेज एवं हमारे शिक्षकों एवं अन्य सभी प्रकाशन विवि के पब्लिकेशन डिवीजन में रखे जायेंगे।

### भगायी गयी थीं स्वाधार गृह की बच्चियां, घटना में गोंदलपुरा के वासुदेव यादव का हाथ

**रांची/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग स्वाधार गृह से 21 नवंबर को सात बच्चियां भागी नहीं थीं, बल्कि उन्हें भगाया गया था। उन्हें भगाने में बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा गांव निवासी वासुदेव यादव का हाथ है। वह गांव की एक लड़की को अपने साथ ले जाना चाहता था। उसी बच्ची ने अन्य छह लोगों को तैयार किया। इन सभी ने 21 नवंबर की रात गार्ड को बांध कर मुख्य दरवाजा को तोड़ा और भाग निकलीं। इस संबंध में लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज किया गया है, जिसमें वासुदेव यादव को आरोपी बनाया गया है। स्वाधार गृह से जुड़ी पूनम साहू ने यह मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक घटना के दिन वासुदेव यादव एक बड़ा वाहन लेकर वहां पहुंचा था और अपने साथ सात बच्चियों को लेकर भागा। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वासुदेव यादव घटना के बाद से फरार चल रहा है।

### कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने किया लैंग्वेज लैब का उद्घाटन



**रांची (आजाद सिपाही)।** इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज विभाग मोरहाबादी में गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने लैंग्वेज लैब का उद्घाटन किया। इस लैंग्वेज लैब को कुलपति ने आधुनिक कंप्युटरों एवं उपकरणों से लैस करवाया है। कुलपति, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, आइएमएस के निदेशक वीएस तिवारी, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह, कोऑर्डिनेटर डॉ नीलू ने दीप प्रज्ज्वलन किया। सभी कंप्यूटर की मदद से छात्रों से हेडफोन माइक के माध्यम से कनेक्ट हुए और उन्हें लैंग्वेज लैब के लिए बधाई दी। आइएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। कोऑर्डिनेटर रणधीर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर विभाग के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कांटाटोली फ्लाइओवर: रैयतों के बीच बंटेगा 28 करोड़, मांगा गया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। फ्लाइओवर के लिए लगभग 1.22 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा वितरण की कार्रवाई भी जल्द शुरू की जायेगी। 20 अवार्ड बन चुके हैं। सभी रैयतों को जिला भू-अर्जन की ओर से नोटिस जारी कर दिया गया है। रैयतों के बीच मुआवजे के तौर पर 28 करोड़ रुपये वितरित किये जायेंगे। जिला प्रशासन ने सभी रैयतों से आवेदन मांगें हैं। अब तक एसपीजी मिशन का ही आवेदन मिल पाया है।

**भूमि के लिए 26.5 करोड़ और संरचना के लिए 1.50 करोड़ तय** : जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने मुआवजे की राशि तय कर दी है। कुल 28 करोड़ वितरित किये जायेंगे। इनमें भूमि के लिए 26.50 करोड़ और संरचना में 1.50 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं। रैयतों से आवेदन मांगे गये हैं।

**आवेदन के साथ जो दस्तावेज देने हैं** : आवेदन के साथ रैयतों को दावा पत्र भी देना होगा। इसके अलावा जमीन से संबंधित सारे दस्तावेज और रैयत को अपनी पहचान से संबंधित डॉक्यूमेंट भी देने होंगे।

**40 करोड़ से बढ़ कर 224 करोड़ रुपये हो गयी है लागत** : कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण की लागत बढ़ कर 224 करोड़ रुपये हो गयी है। शुरुआत में 40 करोड़ की डीपीआर बनी थी। धीरे-धीरे 84 करोड़ पहुंचा। इसके बाद फ्लाइओवर निर्माण की लागत 187 करोड़ पहुंची और फिर 28 सितंबर, 2021 को झारखंड कैबिनेट में इसके निर्माण के लिए बजट राशि 224 करोड़ तक जा पहुंची।

**वर्ष 2016 में बनी थी योजना** : कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण की योजना वर्ष 2016 में बनी थी। वर्ष 2017 में इसका काम आवंटित किया गया था, लेकिन भू-अर्जन नहीं होने के कारण काम चालू नहीं हो सका। मई 2018 में भू-अर्जन का काम पूरा हुआ। जून 2018 में क्लियरेंस के बाद काम शुरू किया गया था। जून 2020 तक कांटाटोली फ्लाइओवर बन कर तैयार हो जाना चाहिए था। कुछ अड़चनों के कारण काम धीमा हो गया था। लेकिन अब फ्लाइओवर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

# हाइकोर्ट ने सरकार से पूछा, झारखंड में कितने टाउन प्लानर की है आवश्यकता

### स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ राजेश कुमार के नक्शा विचलन मामले में दायर नक्शा स्वीकृति से संबंधित राधिका शाहदेव एवं लाल चिंतामणि नाथ शाहदेव की हस्तक्षेप याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में नगर विकास विभाग के टाउन प्लानर गजानंद राम कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे राज्य में टाउन प्लानर की स्थिति के बारे में पूछा। इसके बाद कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताने को कहा है कि राज्य में टाउन प्लानर के कितने पद स्वीकृत हैं और पूरे राज्य में टाउन प्लानर की कितनी आवश्यकता है। पदों को भरने के लिए क्या कार्रवाई की गयी है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में रांची नगर निगम और रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार में स्वीकृत पदों पर नियुक्ति के बारे में पूछा था। इस पर गजानंद राम की ओर से कहा गया था कि रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार में स्वीकृत पद पर नियुक्ति नहीं हुई है। कांट्रैक्चुअल बेसिस पर काम चल रहा है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए रांची नगर निगम एवं आरआरडीए को कड़ी फटकार लगायी थी। कोर्ट ने कहा था कि रांची नगर निगम में 20 वर्षों से कोई नियुक्ति नहीं हुई है। राज्य सरकार के दूसरे विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर/ एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जैसे पदों पर नियुक्त किये गये अधिकारियों को रांची नगर निगम और आरआरडीए में प्रतिनियुक्ति पर रखा गया है। ये अधिकारी टाउन प्लानर की अहर्ता भी नहीं रखते हैं। हस्तक्षेपकर्ता की ओर से लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव ने पैरवी की।

# सरकारी स्कूलों में समय पर मिलेंगी किताबें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को किताबों की समय पर आपूर्ति के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। झारखंड काउंसिल ऑफ एडुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर रांतू, रांची की ओर से इसके लिए टेंडर नोटिस भी जारी कर दिया गया है। निदेशक किरण कुमारी पासी ने एकेडमिक इयर 2023-24 के लिए योग्य एजेंसियों से किताबों की आपूर्ति में आवेदन करने को कहा है। चयनित एजेंसियों से किताबों की आपूर्ति के बाद इसे की ओर से स्कूलों में सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क बांटा जायेगा। इसका फायदा समग्र शिक्षा अभियान के तहत पहली क्लास से लेकर आठवीं तक के बच्चों को मिलेगा। साथ ही एनसीइआरटी के स्तर से डेवलप किताबों का लाभ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स को मिलना है। जारी किये गये टेंडर नोटिसे के आधार पर माना जा रहा है कि अगले वर्ष समय पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को किताबों की आपूर्ति कर दी जायेगी। इच्छुक एजेंसियों के लिए 30 नवंबर को प्रि-बिड मीटिंग होगी। 22 नवंबर तक आवेदन जमा किये जा सकेंगे। 13 दिसंबर तक जरूरी डीडी (डिमांड ड्राफ्ट), पेपर सैंपल और अन्य रिपोर्ट जमा करने होंगे।

# बढ़ सकती हैं धुर्वा थाना प्रभारी की मुश्किलें

### कथित होमगार्ड मारपीट केस में मानवाधिकार आयोग ने डीजीपी को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी पर दर्ज मामले को गंभीरता से लिया है।

दरअसल धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने राजीव कुमार पर कथित गाली-गलौज, मारपीट और फर्जी केस का मामला दर्ज किया था। मामले पर आयोग ने पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग रांची को कार्रवाई के लिए पत्र भी भेजा था, लेकिन अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। आयोग ने 22 नवंबर को एक बार फिर पत्र जारी कर चार सप्ताह के अंदर कारवाई करने का निर्देश दिया है।

अगर चार सप्ताह के अंदर पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं होती है, तो पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग रांची को सशरीर आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इस पत्र की कॉपी आयोग ने डीजीपी को भी भेजी है।

# कमलदेव गिरि हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजपा के कार्यक्रमों में लेता था हिस्सा, कई तस्वीरें वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चक्रधरपुर के हिंदू नेता कमलदेव गिरि हत्याकांड के मुख्य आरोपी सतीश प्रधान को चाईबासा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सतीश कुमार की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें वह भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल हुआ दिख रहा है। बता दें कि कमलदेव गिरि हत्याकांड के मुख्य आरोपी सतीश प्रधान को बीते मंगलवार( 22 नवंबर ) को चाईबासा पुलिस ने उत्तरप्रदेश के बलिया से गिरफ्तार किया है। उसने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि आपसी रंजिश की वजह से कमलदेव गिरी की हत्या की गयी थी। गौरतलब है कि चक्रधरपुर के भारत-भवन चौक के पास 12 नवंबर को कमलदेव की हत्या कर दी गयी थी।

**छह माह पहले से की जा रही थी रेकी** : सतीश ने ही कमलदेव की हत्या के लिए जाहिद को सुपारी दी थी। कमलदेव की हत्या के लिए लगभग छह महीने से रेकी की जा रही थी। इसके लिए अब तक सतीश ने जाहिद को लगभग 70 हजार रुपये दिये थे। घटना को अंजाम देने के बाद सतीश जमशेदपुर भाग गया था। वहां से रांची गया और फिर रांची से जमशेदपुर आने के बाद वापस बलिया चला गया था। वह लगातार अपना लोकेशन बदल रहा था, जिस कारण पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी। बीते मंगलवार को चाईबासा पुलिस ने उसे बलिया से गिरफ्तार किया। उसने बताया कि बीते साल दोनों के बीच मारपीट हुई थी। इस मामले में दोनों जेल भी गये थे। उस वक्त सतीश की शादी होनी थी, जिस कारण वह रोष में था और मन ही मन कमलदेव की हत्या करने का प्लान बना लिया। सतीश ने जाहिद को हत्या की सुपारी दी। जाहिद और उसके साथी राकिब की गिरफ्तारी होने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो पायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.9 °C | 12.2 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.08 बजे |



### उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियों का लिया जायजा

# 27 को नेमरा में शहीद सोबरन सोरेन को श्रद्धांजलि देंगे सीएम, गुरुजी होंगे साथ



## अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया

वहीं दौरे के दौरान उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के पैतृक गांव नेमरा में भी संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर तैयारियों का जायजा लिया एवं सुरक्षा दृष्टिकोण से विभिन्न व्यवस्थायें करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। इन सबके अलावा दौरे के दौरान उपायुक्त ने हेलीपैड, गार्ड ऑफ ऑनर आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने लुकैयाटाड़ में बन रहे प्लस टू विद्यालय के निर्माण कार्य को देखकर भड़क गई और संवेदक को हर हाल में 27 नवंबर तक कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता सौरव प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार,सचिदा प्रसाद गुप्ता, थाना प्रभारी शिवनंदन प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/गोला।** सांसद शिबू सोरेन के पिता शहीद सोबरन सोरेन के शहादत दिवस के अवसर पर गोला प्रखंड के बरलंगा पंचायत अंतर्गत लुकैयाटांड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के साथ गोला प्रखंड का दौरा किया। उल्लेखनीय है कि 27 नवम्बर को शहादत दिवस है और शहादत दिवस पर लुकुइयाटांड स्थित शहीद स्थल पर स्वर्गीय सोबरन सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए सैकड़ों लोग उपस्थित होते हैं। इस वर्ष शहादत दिवस पर सीएम हेमंत सोरेन और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन समेत प्रदेश के कई मंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। डीसी ने लुकैयाटांड मैदान में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए कार्यक्रम के दिन स्थल पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं समारोह के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# डिस्टीलरी सब्जी मार्केट में दुकान लेने के लिए 215 लोगों ने किया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लालपुर-कोकर मार्ग स्थित डिस्टिलरी सब्जी मार्केट का उद्घाटन 15 नवंबर को हो चुका है। 5.17 करोड़ से बने इस मार्केट में कोकर-लालपुर मार्ग के सब्जी व मांस मछली बेचनेवाले दुकानदारों को दुकानें आवंटित की जानी है। इसके लिए रांची नगर निगम ने दुकानदारों से आवेदन करने का आग्रह किया है। लेकिन, अब तक सिर्फ 215 लोगों ने ही मार्केट में दुकान लेने के लिए आवेदन जमा किया है। जबकि, वर्ष 2016 में जब इस मार्केट में फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे किया गया था, तो 355 लोगों ने अपना नाम निगम की सूची में दर्ज कराया था।

**2016 के सर्वे को कट ऑफ डेट बनाया :** निगम ने दुकान आवंटन के लिए वर्ष 2016 के सर्वे को कट ऑफ डेट बनाया है। मतलब 2016 में जिन फुटपाथ दुकानदारों द्वारा यहां दुकानें लगायी जाती थीं, उन्हें ही प्राथमिकता पर मार्केट में दुकान मिलेगी।

**दुकानदारों को बसाने की योजना :** इस नवनिर्मित मार्केट के ग्राउंड फ्लोर, छत व मार्केट के चारों ओर बनी सड़क के किनारे 300 दुकानदारों को बसाने की योजना है। निगम का मानना है कि अगर इन दुकानदारों को यहां पर बसा दिया जाये, तो लालपुर-कोकर मार्ग जाममुक्त हो जायेगा।

# राज्य सरकार भ्रमजाल से लोगों को भ्रमित कर रही है : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत शेड्यूल एरिया में एकल पद पर आरक्षण को लेकर कैबिनेट से एक प्रस्ताव पास करके इसे केंद्र सरकार के पास भेजने का निर्णय बुधवार को आयोजित हुई टीएसी की बैठक में किया गया। भाजपा ने इस पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए राज्य की हेमंत सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के उद्देश्य से सरकार ऐसा काम कर रही है। कहा कि हेमंत सरकार सब कुछ केंद्र के पाले में डाल रही है। खाओ, खिलाओ और हिट हो जाओ।

एसटी आरक्षण से संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट से पास करके उसे केंद्र सरकार के पास भेजने के फैसले पर निशाना साधते हुए बाबूलाल मरांडी ने टवीट कर कहा कि जब सरकार की मंशा ठीक नहीं है। जब हेमंत सरकार को अपने झूठे वादों की पोल खुलने का डर सताने लगा तो तकनीकी रूप से अव्यवाहारिक विषयों को केंद्र के पाले में डालकर लोगों को भ्रमित कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने कहा के मौजूदा झारखंड सरकार ठीक इसी भ्रमजाल से लोगों को भ्रमित कर रही है ताकि इनके भ्रष्टाचार से लोगों का ध्यान भटक सके।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। आर्थिक समस्याओं का समाधान। व्यापार वृद्धि।

**वृष** संकल्पित काम पूरे होंगे। भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। उद्योग-धंधे में सफलता।

**मिथुन** आर्थिक स्थिति सुदृढ़। धनलाभ के अवसर बनेंगे। नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है।

**कर्क** शुभ समाचार मिलेगा। गृह-भूमि और वाहन का सुख। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास। शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे। परिवार में मांगलिक कार्य होगा। संबंधियों का आवागमन।

**तुला** परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। सेहत में सुधार होगा। नये वाहन खरीद का संयोग।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति का योग।

**धनु** निराशा दूर होगी। बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। धन लाभ के अवसर बनेंगे। संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या। नवीन समस्या को आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय। चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में डॉ मृणालिनी अखौरी की प्रस्तुति पर झूम उठे लोग

# चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एजी ऑफिस परिसर में ऑडिट सप्ताह के समापन के अवसर पर गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का आरंभ सबसे पहले पद्मश्री मुकुंद नायक के नागपुरी गीतों से हुआ। इसके बाद झारखंड की मशहूर गायिका डॉ मृणालिनी अखौरी ने एक से बढ़ कर एक गजलों की प्रस्तुति दी।



विभाग के पदाधिकारियों की फरमाइश पर उन्होंने होठों से छू लो तुम, निकलो ना बेनकाब जमाना खराब है... और चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल... जैसी जगहों के साथ किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है.... और होश वालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है... जैसी गजलें प्रस्तुत की। मृणालिनी अखौरी ने गजल गीतों की ऐसी महफिल सजाई की लोग झूम उठे।

उनके साथ तबले पर जाहिद खान ने, ऑर्गन पर सौरव कुमार ने, गिटार पर शांतनु मुखर्जी ने और ऑक्टोपैड पर अतनु चटर्जी ने साथ दिया। अंत में झुमकी रॉय ने भी कुछ फिल्मी नगमे प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विभाग के डायरेक्टर और साथ ही एयरपोर्ट के निदेशक और कुछ आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सुदेश महतो ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# पीक आवर में लोड शेडिंग से मिले निजात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने राज्य में हो रही बिजली की समस्या को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा। श्री महतो ने कहा कि राज्य में बिजली की हो रही भारी लोडशेडिंग से जनजीवन मुश्किलों में पड़ा है। सबसे विकट स्थिति ग्रामीण इलाकों में है। ग्रामीण इलाकों में 8 से 12 घंटे तक की बिजली कटौती हो रही है। मौजूदा हालात के मद्देनजर बिजली की व्यवस्था में सुधार को लेकर अब तक के सरकारी प्रयास निराशाजनक हैं, जबकि ऊर्जा मंत्रालय सीएम के अधीन है। लोडशेडिंग को लेकर पारदर्शी निर्णय अथवा सर्कुलर भी नहीं जारी किये गये हैं और न ही उपभोक्ताओं को आधिकारिक तौर पर जानकारी दी जा रही है कि किस फीडर से कितने घंटे और कब बिजली की कटौती होगी। बार-बार बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। इस संकट से निपटने की सरकार की कार्य योजना और तैयारियों के अभाव में जनप्रतिनिधियों को भी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती की वजह से पढ़ाई-लिखाई, खेती सिंचाई, व्यापार और इलाज के क्षेत्र में प्रतिकूल स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। इससे विकास और आर्थिक प्रगति भी प्रभावित हुई है। सुदेश महोत ने कहा है कि खबरों के मुताबिक 15 ओक्टुबर से ही लगातार झारखंड को अतिरिक्त बिजली खरीदने पर रोक है। जेबीवीएनएल ने बकाये भुगतान के लिए सरकार से 500 करोड़ की मांग की है। सरकार इस संकट पर गंभीरता दिखाये और कम से कम पीक आवर में लोड शेडिंग की समस्या से निजात दिलाये।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थियों का मार्शल आर्ट और यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की कक्षा छठी की छात्रा एलीना दानिश को गुमला में आयोजित झारखंड कुने डो (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता अंडर 14 में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विवेकानंद विद्या मंदिर रांची में भारत सरकार द्वारा आयोजित यूथ पार्लियामेंट और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं के आर्य राज एवं कमर आलम ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके लिए उन्हें क्रमशः 2000 तथा 1000 रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं तथा नौवीं के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया था, जिसके लिए उन्हें भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने बच्चों को बधाई दी। प्राचार्य राज किशोर शर्मा ने कहा कि यदि हम सभी यह ठान ले कि हमें क्या हासिल करना है और अपने आप को सकारात्मक सोच के साथ उस कार्य में लगा दे तो असंभव कार्य को भी संभव बनाया जा सकता है। विद्यालय के उप प्राचार्य केआर झा ने विद्यार्थियों को जीत की बधाई दी।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीआइडी एसपी को चार सप्ताह में कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीआईडी के रांची एसपी को चार सप्ताह के अंदर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अगर चार सप्ताह के अंदर एसपी की ओर से कार्रवाई नहीं होती है, तो उन्हें सशरीर आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश आयोग ने पत्र के जरीये दिया है। इस पत्र की कॉपी आयोग की ओर से डीजीपी को भी भेजी गयी है। बता दें कि झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी पर दर्ज मामले पर कार्रवाई को लेकर पूर्व में आयोग की ओर से पत्र लिखा गया था लेकिन मामले में अबतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दोबारा आयोग ने पत्र लिखकर कार्रवाई का निर्देश दिया है। बताया गया कि धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने राजीव तिवारी पर कथित रूप से गाली-गलौज करने, मारपीट और फर्जी केस का मामला दर्ज किया था। इसे लेकर राजीव कुमार तिवारी ने आयोग से शिकायत की थी।

### संगठनों को आगे कर दलित विरोधी मानसिकता प्रदर्शित कर रही है राज्य सरकार : अमर बाउरी

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर जारी आरक्षण को लेकर लगातार विरोध - समर्थन को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, रांची की मेयर सीट को एसटी की बजाय एससी रिजर्व किये जाने के घोषणा के बाद से ही एसटी जाति से संबंधित संगठन विरोध कर रहे हैं। इसको लेकर भाजपा विधायक अमर कुमार बाउरी ने ट्वीट कर कहा कि गठबंधन सरकार संगठनों को आगे कर पुनः अपना दलित विरोधी मानसिकता प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्था पर यह दबाव व एक वर्ग को शोषित करने का प्रयास स्वीकार्य नहीं है। चुनाव आयोग के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही राज्य के 50 लाख से अधिक अनुसूचित जाति वर्ग के भी हितों का संरक्षण किया जाना चाहिए।

### राज्य में अनुसूचित जातियों का अपमान हो रहा है : डॉ शहदेव राम

**रांची (आजाद सिपाही)।** नेशनल फोरम ऑफ वीकर सेकशन ऑफ सोसाइटी प्रसिडेंट डॉ शहदेव राम ने गुरुवार को कहा है कि झारखंड में अनुसूचित जातियों का लगातार अपमान हो रहा है। चाहे वो छात्रों की उच्च शिक्षा की बात हो, अनुसूचित जाती आयोग की बात हो, खाद्य आयोग की बात हो, प्रोन्नती की बात हो या फिर नियुक्ति की बात हो। राज्य के अनुसूचित जातियो को नजर अंदाज किया जा रहा है। राज्य में 50 लाख अनुसूचित जाती हैं। लेकिन सरकार का उनको नजरअंदाज करना इस बात को साबित करता है की सरकार दलित विरोधी है। निकाय चुनाव में अनुसूचित जाती का विरोध षड़यंत्र साबित हो रहा है। आखिर कब तक लोग सहेंगे। सरकार अनसुचित जातियों को अपमानित करना बंद करें, नहीं तो अनुसूचित जातियां राज्य और देश में आंदोलन करने को मजबूर हो जायेंगी।

# मानव तस्करी के शिकार झारखंड के 14 बच्चों को दिल्ली में कराया गया मुक्त

**मुक्त होनेवालों में साहिबगंज के तीन बालक एवं 11 बालिकाएं शामिल**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मानव तस्करी के शिकार झारखंड के साहिबगंज जिले के तीन बालक एवं 11 बालिकाओं को गुरुवार को दिल्ली में मुक्त कराया गया। काउंसिलिंग के दौरान 12 वर्षीय एक बच्ची ने बताया कि एक वर्ष पहले उसके गांव का एक व्यक्ति उसे लेकर दिल्ली आया। एक साल तक विभिन्न इलाकों की कोठियों में घरेलू कार्य कराया गया। विरोध करने पर उसे रेड लाइट एरिया में बेच दिया गया। उसने कहा कि वहां से एक दिन मौका देखकर वह खिड़की से कूदकर भाग निकली एवं एक ऑटो वाले की मदद से पुलिस स्टेशन पहुंच गई। पुलिस ने झारखंड भवन से समन्वय स्थापित किया और बच्ची के घर का पता लगाया गया। उसकी मां की मौत हो चुकी है और पिता ने दूसरी शादी कर ली है। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उसे दिल्ली लाया गया था ।

दिल्ली में एकीकृत पुनर्वास संसाधन केंद्र की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि साहेबगंज जिले के 14 बच्चों में से नौ बच्चों को दिल्ली पुलिस के सहयोग से दिल्ली के सीमावर्ती क्षेत्र हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से मुक्त कराया गया है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने बताया कि इन सभी बच्चों को झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए इनकी सतत निगरानी की जायेगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड में ऐसे दलाल बहुत सक्रिय हैं, जो छोटी बच्चियों को बहला-फुसलाकर अच्छी जिंदगी जीने का लालच देकर उन्हें दिल्ली लाते हैं और विभिन्न घरों में उन्हें काम पर लगाने के बहाने से बेच देते हैं।

## कांके वार्ड दो से पार्षद चुनाव लड़ेंगी सरिता

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगर निकाय चुनाव में नगर की सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक हलचल काफी बढ़ गयी है। हालांकि अभी चुनाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। साथ ही आरक्षण रोस्टर के तहत कई सीटों की स्थिति बदल गई है। इसके बावजूद निवर्तमान से लेकर भावी प्रत्याशी अपनी जमीन तलाशने में जुट गए है। अपने स्तर से लोगों को समझाने के साथ ही उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए मुस्तैदी से जुट गए हैं। इसी क्रम में काके के वार्ड नंबर 2 के पार्षद गुंद्रा उरांव ने कहा कि इसबार वार्ड नंबर 2 से उसकी पत्नी सरिता देवी चुनाव में लड़ेगी। गुरूवार को गुंद्रा उरांव ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। श्री उरांव ने कहा कि इस बार महीला एसटी सीट होने के इस बार मेरी पत्नी सरिता देवी वार्ड नंबर 2 पार्षद पद के लिऐ चुनाव लड़गी। उन्होंने कहा कि वार्ड दो की जनता ने मुझे मेरे कार्य को सराहा और समान दिया है। उम्मीद है इसी तरह एक मौका मेरी पत्नी सरिता देवी को देगी ताकी सारी मूलभूत सुविधा को जनता तक पहुंचा सके।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पूर्णता गीत संगीत और नृत्य कला से : डॉ शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में चल रहे चार दिवसीय युवा महोत्सव 2022 (21 से 24 नवंबर) के चौथे दिन गुरुवार को 'श्यामोत्सव' की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गयी। इसके बाद अनामिका सोरेन और उनके समूह के द्वारा गायन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आयुषी मिश्रा, शशि और उनके समूह के द्वारा आकर्षक रंगारंग गायन प्रस्तुति दी गयी। मौके पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने भी अपने गायन कला की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप मे रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने इस प्रकार के कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने युवाओं के उत्साह को बढ़ाते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पूर्णता नृत्य, गायन की कला कौशल के द्वारा प्रदर्शित होती है। श्यामोत्सव उसी की एक कड़ी है। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एमसी मेहता भी मौजूद थे। श्यामोत्सव के संचालन में विनय भरत उपस्थित थे। इस चार दिवसीय युवा महोत्सव के आयोजन में विभिन्न कमेटियों के सदस्य, शिक्षकों, कर्मियों, पत्रकारिता विभाग की टीम और विश्वविद्यालय की बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी रही।

# लंबे समय से चल रही अपूर्ण योजनाओं को प्राथमिकता के साथ करें पूरा : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में सिंचाई, सड़क, बिजली, पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिले में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति को लेकर डीसी ने बैठक की। टेक्निकल एवं सिविल वर्क से संबंधित बैठक में ऊउ राहुल कुमार सिन्हा ने योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। वहीं अधिकारियों को इससे जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**कोई भी समस्या हो तुरंत लिखित रूप में :** प्रशासन को दे सूचना बैठक में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारियों को चल रही स्कीम से संबंधित रिपोर्ट देने को कहा। उन्होंने कहा कि जो स्कीम लंबे समय से चल रहे हैं और कारणवश अपूर्ण हैं, उनको पूरा करना प्राथमिकता है। योजनाओं को पूर्ण करने में नन डिपार्टमेंटल इश्यू हैं तो बताएं उनका समाधान किया जायेगा। बैठक में सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि यदि किसी भी योजना के क्रियान्वयन में भूमि संबंधी समस्या अथवा अन्य किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो बिना देर किए लिखित रूप में जिला प्रशासन को इसकी सूचना दें। उसका निराकरण अविलम्ब कराकर योजना कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जा सकें।

**प्रशासनिक भागीदारी की आवश्यकता पर विचार विमर्श :** सिरम टोली से मेकॉन गोलचक्कर तक एलिवेटेड रोड, अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक रोड के चौड़ीकरण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की भी उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रियाओं को उपायुक्त जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। विभिन्न स्कीम में विधि व्यवस्था की समस्या एवं प्रशासनिक भागीदारी की आवश्यकता पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने पर कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के वेतन पर रोक जारी रखने का निर्देश डीसी द्वारा दिया गया।

# तय कार्यकाल मिले

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ठीक ही ध्यान दिलाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीइसी) के कार्यकाल की कम अवधि का बुरा असर चुनाव सुधारों पर पड़ रहा है और इससे आयोग की स्वतंत्रता भी प्रभावित हुई है। तथ्य खुद पूरी स्थिति स्पष्ट कर देते हैं। 1950 से लेकर 1996 तक शुरुआती 46 वर्षों में देश में 10 निर्वाचन आयुक्त हुए। यानी इनका औसत कार्यकाल करीब साढ़े चार साल का निकलता है। इसके बाद के 26 वर्षों में 10 चुनाव आयुक्त नियुक्त किये गये हैं। इनका औसत कार्यकाल करीब ढाई साल बनता है। इन दोनों अवधियों को जो चीज अलग करती है वह है मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में टीएन शेषन का बहुचर्चित कार्यकाल। देखा जाये तो देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग कितनी अहम भूमिका निभाता है। यह बात रेखांकित ही हुई शेषन के कार्यकाल में। आश्चर्य नहीं कि छह साल का संविधान द्वारा तय कार्यकाल पूरा करने वाले वह आखिरी चुनाव आयुक्त साबित हुए। हालांकि संवैधानिक व्यवस्था अब भी यही है कि मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्ति के दिन से छह वर्ष की अवधि या 65 साल की उम्र होने तक (जो भी पहले हो) अपने पद पर रहेंगे। चूंकि ज्यादातर चुनाव आयुक्त नौकरशाह ही रहे हैं, इसलिए उनके रिटायरमेंट की उम्र पहले से पता होती है। जाहिर है कोई सरकार इसे स्वीकार करे या न करे, चयन ही इस तरह से होता रहा है कि किसी को भी इस पद पर ज्यादा समय न मिले। नतीजतन, कोई भी चुनाव आयुक्त अपने विजन को कार्यान्वित करने का मौका नहीं पाता। सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ध्यान दिलाया कि चूंकि संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय नहीं की गयी है और यह काम संसद पर छोड़ा गया है, ऐसे में तमाम सरकारें संविधान की इस चुप्पी का फायदा उठाती रहीं। फायदा उठाने की बात इसलिए भी थोड़े विश्वास के साथ कही जा सकती है, क्योंकि ऐसा नहीं है कि सरकार के सामने इसे तय करने की कोई बात आयी ही न हो। आंतरिक प्रस्तावों, सुझावों को छोड़ दें तो भी लॉ कमिशन 2015 की अपनी रिपोर्ट में कह चुका है कि मुख्य चुनाव आयुक्त समेत सभी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यीय चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर होनी चाहिए, जिसमें प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष (या लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता) के अलावा देश के मुख्य न्यायाधीश भी शामिल हों। बावजूद इसके सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के सख्त रवैये के बाद अब उम्मीद की जानी चाहिए कि यह मामला अपनी तार्किक परिणति तक पहुंचेगा। आखिर, भारत जीवंत और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसे चुनाव सुधारों के जरिये और मजबूत किया जाना चाहिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने ठीक ध्यान दिलाया कि चूंकि संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया तय नहीं की गयी है और यह काम संसद पर छोड़ा गया है, ऐसे में तमाम सरकारें संविधान की इस चुप्पी का फायदा उठाती रहीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज झारखंड को अलग राज्य बने हुए 22 साल हो गये और इन 22 सालों में झारखंड ने बहुत ही उतार-चढ़ाव देखा और उसका अनुभव किया। आज से 22 साल पहले जो झारखंड था, निश्चित रूप से आज वह झारखंड नहीं है। झारखंड में विकास हुआ है, लेकिन झारखंड में जितनी खनिज संपदा थी, उसे देखते हुए इसका जितना विकास होना चाहिए था, वह आज नहीं हो पाया है।**

# 22 साल बाद कहां खड़ा है झारखंड



**सूरज शाहदेव**



अगर कोई बच्चा 2000 ई में जन्म लिया होगा, तो वह आज पोस्ट ग्रेजुएट हो गया होगा। आज झारखंड भी 22 साल का स्नातकोत्तर युवा हो गया है। लेकिन क्या झारखंड अपने पैरों पर खड़ा हो पाया है। इसे जानने के लिए कुछ जरूरी पैमानों को समझना जरूरी है। मसलन, बजट का आकार, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार की स्थिति, साक्षरता दर, गरीबों की संख्या और लिंगानुपात की स्थिति 22 साल पहले क्या थी और आज क्या है? लेकिन उससे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर किन कारणों से झारखंड बिहार से अलग एक स्वतंत्र राज्य के रुप में इसकी स्थापना की गयी।

जब देश आजाद हुआ उस वक्त भाषा के आधार पर राज्य पुनर्गठन किया गया था। मतलब एक भाषा बोलने वाले लोगों को एक राज्य में रखा गया था। इस तरह से उस वक्त बिहार और झारखंड की जो भाषा थी, वह हिंदी होने के कारण इसे बिहार में रखा गया। लेकिन बिहार और झारखंड में कई असमानताएं देखने को मिलती थीं। अगर बिहार और झारखंड की तुलना करें, तो हम पाते हैं कि बिहार और झारखंड में भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भाषाई, इन चारों ही दृष्टि से झारखंड हमेशा ही बिहार से पृथक परिचय लिये हुए था। जहां बिहार मैदानी क्षेत्र और कृषि प्रधान क्षेत्र हुआ करता था, तो वहीं झारखंड पठारी, वन और खनिज संपदाओं से घिरा हुआ एक क्षेत्र था। यहां कृषि लायक भूमि बहुत कम थी। बिहार की भाषा जहां आर्यन थी, तो झारखंड की भाषा द्रविड़ और ऑस्ट्रेलॉयड्स थी। जहां बिहार में एक प्रतिशत आदिवासी जनजाति का निवास था, वहीं झारखंड में 26 फीसदी आदिवासी निवास करते थे। यहां 32 प्रकार की जनजातियां रहती थीं। यहां की बोली, भाषा, खान-पान, पहनावा, पर्व-त्योहार बिहार से पूरी तरह से भिन्न थे।

**2002 में बाबूलाल मरांडी की सरकार ने स्थानीय नीति और नियोजन नीति 1932 खतियान आधारित लागू करवायी थी।**

जब अंग्रेजों ने 1793 ई में स्थायी बंदोबस्त कानून लाया और 1859 में बिक्री और किराया कानून बनाया, तो इन दोनों ही कानून के कारण झारखंड के आदिवासियों की जमीन बाहरियों को हस्तांतरित की जाने लगी। उसके बाद जब अंग्रेजों ने भारतीय वन अधिनियम कानून बनाया, तो इसके तहत झारखंड के आदिवासियों को वनोत्पाद लेने से रोका गया, जो उनकी आमदनी एवं जीविकोपार्जन का जरिया था। झारखंड खनिज पदार्थों से परिपूर्ण एक राज्य था। इसके कारण यहां कल-कारखाने लगाये जाने लगे और यहां के मूलवासियों को जमीन और घर छोड़ना पड़ा। उन्हें विस्थापित होना पड़ा। उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया। यहां बाहरियों का आगमन शुरू हो गया। इनके बीच आपसी टकराव भी होने लगा। अतः इन सभी कारणों को लेकर सबसे पहले 1920 में जयपाल सिंह मुंडा ने पहली बार अधिकारिक रूप से झारखंड अलग राज्य की मांग रखी थी, लेकिन अंग्रेजों ने उसे खारिज कर दिया। कहा जाता है कि जयपाल सिंह मुंडा अलग राज्य के मुद्दे को लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस से भी मिले थे और अलग राज्य बनाने की मांग रखी थी, लेकिन तब नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कमजोर न पड़ जाये, इस खातिर उसे रोकने को कहा था। जब देश आजाद हुआ और जयपाल सिंह मुंडा की पार्टी ने विधानसभा में अच्छा परफॉर्म किया, तब उन्होंने राज्य पुनर्गठन आयोग के सामने एक अलग राज्य बनाने की मांग रखी, लेकिन तत्कालीन सरकार ने इसे बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया। झारखंड अलग राज्य की मांग की लड़ाई वर्षों तक चलती रही। जब केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी, तो झारखंड के लोगों के सपने को साकार करने के लिए उनकी मांग को पूरा किया। 15 नवंबर 2000 को झारखंड एक अलग राज्य के रूप में देश के मानचित्र में 28वां राज्य बना।

आज झारखंड को अलग राज्य बने हुए 22 साल हो गये और इन 22 सालों में झारखंड ने बहुत ही उतार-चढ़ाव देखा और उसका अनुभव किया। आज से 22 साल पहले जो झारखंड था, निश्चित रूप से आज वह झारखंड नहीं है। झारखंड में विकास हुआ है, लेकिन झारखंड में जितनी खनिज संपदा थी, उसे देखते हुए इसका जितना विकास होना चाहिए था, वह आज नहीं हो पाया है।

**झारखंड में बजट का आकार बढ़ा**

झारखंड में पिछले 22 सालों में बजट का आकार 20 गुणा बढ़ गया, लेकिन उस अनुपात में ना तो लोगों की आमदनी बढ़ी और ना ही रोजगार बढ़े। आज भी राज्य में सबसे ज्यादा गरीब परिवार हैं। राज्य की एक चौथाई से अधिक आबादी अब भी निरक्षर है। झारखंड का पहला बजट 5516.33 करोड़ का था। आज यह बढ़कर एक लाख करोड़ से अधिक का हो गया। यानी 22 साल में बजट का आकार 20 गुणा बढ़ा। तीन मार्च 2001 को झारखंड को मृगेंद्र प्रताप सिंह ने झारखंड का पहला बजट पेश किया था। उस बजट में उन्होंने सभी क्षेत्रों को समाहित करने की कोशिश की थी। राज्य के मुखिया बाबूलाल मरांडी थे। उन्होंने कम संसाधनों के बावजूद विकास का काम किया। उन्होंने भ्रष्टाचार पर नियंत्रण रखा। उनकी पहली प्राथमिकता थी झारखंड का विकास। उन्होंने गांव को शहर से जोड़ने हेतु ग्रामीण सड़कें बनवायीं। पुल-पुलिया बनवाये। गांवों में बिजली पहुंचायी। उस वक्त लगा कि सचमुच झारखंड विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। लेकिन बाबूलाल मरांडी को पद छोड़ना पड़ा। उनके बाद 2014 तक कोई भी सरकार कार्यकाल को पूरा नहीं कर सकी। रघुवर दास की सरकार राज्य की पहली सरकार थी, जिसने अपना कार्यकाल पूरा किया। उसमें भी झारखंड में विकास नजर आया। उनके कार्यकाल में झारखंड का अपना विधानसभा भवन बना।

**झारखंड में अभी भी सबसे ज्यादा गरीबी है :** झारखंड में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या देश में सबसे अधिक है। झारखंड के 37 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा से नीचे हैं। 2004-05 में झारखंड में 45.3 प्रतिशत परिवार गरीबी रेखा के नीचे गुजर बसर कर रहे थे। वहीं साल 2009-10 में राज्य में बीपीएल परिवारों की संख्या 39.1 प्रतिशत थी। झारखंड अलग होने के समय राज्य की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा के नीचे थी। झारखंड की आर्थिक स्थिति ऐसी है कि राज्य का हर व्यक्ति 26 हजार से अधिक का कर्जदार है। प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय से झारखंड में प्रति व्यक्ति आय काफी कम है। राज्य की 27 प्रतिशत आबादी अनपढ़ है। बेरोजगारी दर में इजाफा देखने को मिला है। यह आंकड़ा 17.13 फीसदी पर पहुंच गया है। इस मामले में झारखंड देशभर में तीसरे स्थान पर है। वहीं कृषि क्षेत्र में 26.04 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि दर दर्ज की गयी है।

**22 सालों में झारखंड में साक्षरता**

बिहार से अलग होने के समय राज्य की आधी आबादी निरक्षर थी। 2001 में झारखंड के 53.56 प्रतिशत लोग साक्षर थे। 10 साल बाद 2011 में यह प्रतिशत बढ़कर 66.41 हो गया। 2018 में यह आंकड़ा 73.20 प्रतिशत तक पहुंचा। मतलब अब भी राज्य में 27 प्रतिशत लोग निरक्षर हैं। 22 सालों में मात्र 20 प्रतिशत आबादी साक्षर हो पायी। लोगों को साक्षर करने के लिए सरकार की ओर से बहुत प्रयास हो रहे हैं, लेकिन ये नाकाफी हैं।

**झारखंड में लिंगानुपात**

किसी भी राज्य के विकास के पैमाने को मापने में लिंगानुपात को भी अहम माना जाता है। झारखंड में पिछले 20-22 सालों में लिंगानुपात कम होने की बजाय बढ़ा है। साल 2001 में राज्य में एक हजार पुरुष पर 941 महिलाएं थीं। वहीं 2011 में इस अनुपात में थोड़ी कमी आयी। इस साल एक हजार पुरुष पर 949 महिलाएं थीं। लेकिन नौ साल बाद यानी 2019 इस आंकड़े में बढ़ोतरी हो गयी। इस साल एक हजार पुरुष पर 881 महिलाएं थीं।

श्रमिकों का बड़ी संख्या में पलायन

जिनके लिए झारखंड अलग राज्य बना, आज वही लोग इसका लाभ नही उठा पा रहे है। आज भी यह देखा जाता है कि झारखंड के तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में बाहरियों का कब्जा है। खनिज संपदाओं से परिपूर्ण जिलों या क्षेत्रों में पायेंगे कि वहां झारखंड के मूलवासी कम और बाहरी ज्यादा हैं। झारखंडी लोग अशिक्षा के कारण अपने अधिकार को न समझ पा रहे हैं और न ही लाभ उठा पा रहे हैं। आज भी अलग राज्य बनने के 22 साल के बाद रोजगार की तलाश में लोग राज्य से देश के विभिन्न राज्यों और महानगरों में जाते है। राज्य के विकास में उग्रवादी गतिविधियां भी रोड़ा अटकाती रही हैं। हालांकि 2002 में बाबूलाल मरांडी की सरकार ने इसे रोकने हेतु 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति लागू करवायी थी, लेकिन हाइकोर्ट ने उस नीति को खारिज कर दिया था। आज भी झारखंड बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है। आज भी गांवों में पेयजल की समस्या है। झारखंड के सभी शहीद परिवारों को उचित मान-सम्मान, शिक्षा और रोजगार में प्राथमिकता नहीं दी जाती है।

**(लेखक राजनीतिक विश्लेषक और स्वतंत्र स्तंभकार हैं।)**

# ये लड़ाई है श्रद्धा और समाज की

**सुनील बादल**

दिल्ली की श्रद्धा वालकर (27) और आयुषी यादव (21) की अमानुषिक हत्या संयोग से चर्चा में है वर्ना लाखों ऐसी लड़कियां गांवों से लेकर शहरों तक से लापता हो गईं हैं,उनकी हत्या हो गयी या उन्हें खामोश कर दिया गया।

झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, बंगाल,ओडिशा और बिहार में मानव व्यापार से लेकर संदिग्ध विवाह और काम दिलाने के नाम पर ले जाकर बेच देने और शोषण लाखों मामले दर्ज हैं और बहुत से मामले सामने आते भी नहीं।

दरअसल यह एक द्वंद है बदलते भारत और आधुनिकता के भ्रम के बीच.लगभग चार दशक पूर्व जब रंगीन टीवी के रूप में सूचना और मनोरंजन की क्रांति हमारे घरों में घुसी तो ब्यूटी पार्लरों की बाढ़ गांव से शहर तक आई और चुंबन पर आपत्ति करने वाला आम भारतीय बिना शादी किए लिव इन रिलेशनशिप को भी कानूनी स्वीकार कर लिया। इसका सबसे ज्यादा असर उन निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ा जो परंपरा से भी बंधे थे और पिछड़े भी कहलाना नहीं चाहते थे।

श्रद्धा पालघर महाराष्ट्र की तो आयुषी मूलतः गोरखपुर की थी और दोनों के मन में दो प्रकार के द्वंद थे। श्रद्धा अच्छी पढ़ी लिखी मासकॉम की विद्यार्थी रही थी और कॉल सेंटर में काम करती घर से दूर थी तो आयुषी यह समझने की भूल कर बैठी थी कि 99 प्रतिशत भारतीय फिल्मों और धारावाहिकों में जाति धर्म विहीन प्रेम विवाहों के दृश्यों और गीतों पर ताली बजाने और नाचने वाला भारत इसे स्वीकार नहीं करता।

श्रद्धा अपने बगावती फैसले के कारण माता पिता के अभिकावत्व से दूर अकेली निर्भर थी उस आफताब पर जिसके आकर्षण और भय से वह पुलिस को अपने टुकड़े किए जाने के आवेदन को वापस ले लेती है। यहां उसके साथ इस बात का भी भय था कि समाज उसे वापस स्वीकार नहीं करेगा!

जब सारे रास्ते बंद हों तो उसे बंद करने वाला समाज और माता पिता के साथ मनोरंजन के वे सौदागर जिम्मेदार हैं जो अपने मुनाफे के लिए भारत की सच्चाई के बजाय फैंटेसी फैलाते हैं कि प्यार बड़ा होता है जाति, धर्म और समाज का बंधन नहीं। यहां एक बात समझने की है कि समाज का दबाव या प्रभाव उचित अनुचित का निर्णय में भले दकियानूसी करे पर उसकी उपस्थिति श्रद्धा को अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने में मदद जरूर करती।

दूसरी तरफ आयुषी को भी उसके सबसे प्रिय और रक्षक पिता ने मार डाला और उसके भाई की ट्रॉली में पैक कर फेंक दिया क्योंकि समाज सवाल उठाता कि बेटी ने अंतरजातीय विवाह क्यों किया? क्या समाज उस परिवार के दर्द और दुःख को थोड़ा भी कर पाएगा जो अब वे झेल रहे हैं? सोचना समाज को है कि कमी कहां पर है जो देह प्रदर्शन, उन्मुक्त यौन संबंध और विद्रोह के बीच मूक दर्शक बना है या सीधे हत्या करने पर उतारू है। समय के हिसाब से मान्यताएं बदलती ही हैं पर समन्वय कैसे हो क्या ऐसा कर अशांत पश्चिमी मॉडल उचित है या कट्टर भारतीय प्राचीन मॉडल के बीच कोई रास्ता निकाल सकता है? समाज को सोचने का समय आ गया है।

## जमशेदपुर की खबरें

# झारखंड का एक ऐसा गांव जहां धनकटनी के लिए नहीं देनी पड़ती है मजदूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मजदूरों की समस्या देख पूर्वजों ने बनायी परंपरा**

**बुजुर्ग बताते हैं कि धान कटाई के लिए गांवों में मजदूरों का नहीं मिलना बड़ी समस्या है। इसी समस्या से निजात के लिए हमारे पूर्वजों ने यह परंपरा बनायी थी। इससे न केवल कृषि कार्य आसानी से निपट जाते हैं, बल्कि गांव में आपसी सहयोग की प्रवृत्ति बढ़ती है। इससे गरीब किसानों को बहुत लाभ होता है।**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कई गांवों में आज भी धान कटनी के बाद नकद मजदूरी देने की परंपरा नहीं है। ग्रामीणों में आपसी सहयोग से कार्य निपटाने की परंपरा है। इसे देंगा देपेंगा कहा जाता है। इसके तहत ग्रामीण एक-दूसरे की फसल काटकर मदद करते हैं। कोई मजदूरी नहीं लेता है। इससे कृषि कार्य आसानी से निपट जाते हैं। ऐसा ही एक गांव है कुंदुबेड़ा। यह जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर है।

**आदिवासी समाज में सदियों पुरानी है परंपरा :** बुजुर्गों के अनुसार, आदिवासी समाज में सदियों से परंपरा है। जिले के अधिकांश गांवों में अब यह परंपरा खत्म हो चुकी है। पुरती टाइटल बहुल कुंदुबेड़ा के किसानों ने परंपरा को अब भी बचाकर रखा है। इसका कड़ाई से पालन करते हैं। खेत में 150-200 ग्रामीण एकबार में उतरते हैं।

**150 से 200 लोग उतरते हैं धान काटने :** ग्रामीणों के अनुसार, एक खेत में एक बार में 150 से 200 लोग धान काटने उतरते हैं। बीच में टिफिन होती है। किसी पेड़ के नीचे सामूहिक भोजन करते हैं। फिर हाथों में हंसिया थामे खेतों में उतर जाते हैं। इससे गरीब किसानों के बड़े से बड़े खेतों की फसल जल्दी कट जाती है।

**बागवानी भी करते हैं :** कुंदूबेड़ा गांव के किसान धान के साथ बागवानी भी खूब करते हैं। इस कार्य में बड़े बुजुर्ग से लेकर छोटे बच्चे भी उत्साहपूर्वक हाथ बंटाते हैं।

**हो समाज की पुरानी परंपरा :** किसान प्रकाश पुरती कहते हैं कि कृषि कार्य के लिए आजकल गांवों में मजदूर नहीं मिलते हैं। ऐसे में 'देंगा देपेंगा' परंपरा के कारण काम आसानी से कर लेते हैं। हमें इससे बहुत लाभ होता है। वहीं किसान मंगल सिंह चातर कहते हैं कि धान कटनी में हाथ बंटाने की परंपरा हो समाज में सदियों से प्रचलित है। कुंदुबेड़ा में इस परंपरा का निर्वहन उत्साहपूर्वक आज भी होता है। इससे भाईचारा बनती है।

# आदित्यपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 24 घंटे में तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

**हरिओम नगर के इंदिरा बस्ती में हुई चोरी के मामले का किया खुलासा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने 24 घंटे में हरिओम नगर के इंदिरा बस्ती में हुई चोरी के मामले का खुलासा कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। जिसका नाम परवीण खातून बताया गया। गिरफ्तार अन्य दो अपराधियों में शेख रहमत अली, रहमत कुरैशी शामिल हैं। सभी आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती और जुगसलाई के रहनेवाले बताये जा रहे हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चुराए गए गहने भी बरामद कर लिये। वहीं कुछ गहनों की रिकवरी के प्रयास में पुलिस जुटी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि तीनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया इस घटना में अन्य भी शामिल हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। उन्होंने लोगों से घरों में सुरक्षा बढ़ाने एवं कहीं भी बाहर निकलने से पहले पुलिस को सूचना देने की अपील की। ताकि उस इलाके में गश्ती बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया अन्य चोरों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला ने उपायुक्त से लगायी न्याय की गुहार




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भालूबासा हरिजन बस्ती की रहने वाली महिला शिवानी महानंद ने टाटा स्टील अर्बन सर्विसेज लिमिटेड के वाटर डिवीजन कर्मचारी धीरज मुखी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। गुरुवार को शिवानी महानंद ने उपायुक्त कार्यालय में पहुंचकर न्याय की गुहार लगायी। उन्होंने कहा धीरज मुखी ने उसके खिलाफ टीएसयूआईएसएल में शिकायत की है। अब वह जबरन कंपनी का क्वार्टर खाली कराना चाहता है। मौके पर दलित मुखी समाज के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# सरकार की विफलता व वादाखिलाफी पर भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन आज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के खिलाफ शुक्रवार को भाजपा महानगर के द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में बैठक की गयी। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में गुंजन यादव ने आक्रोश प्रदर्शन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कई आवश्यक चर्चा कर प्रदर्शन को पूर्ण रूप से सफल बनाने की दिशा में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आक्रोश-प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं के उत्साहवर्धन हेतु पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू जी एवं प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा मुख्य रूप से शामिल होंगे। बैठक में सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, प्रेम झा, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति अधिकारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुचीराम बाउरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष बिनानंद सिरका, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद निसार, अभिमन्यु सिंह चौहान, पीके करूवा उपस्थित रहे।

# भाजमो के प्रतिनिधिमंडल ने पटमदा क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जुगसलाई विधान सभा प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष भास्कर मुखी ने जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के बामनी, जल्ला, आगुई डांगरा, बेलटंड,तीला बनी मे जनसंपर्क अभियान चलाया। गुरुवार को अभियान के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओ से अवगत हुए। वही गेंगड़ा गांव के एक बुजुर्ग ने भास्कर मुखी को राशन नहीं मिलने व पेंशन नहीं मिलने की जानकारी दी। उन्होंने तत्काल उन्हें साथ लेकर बीडीओ के पास जाकर उनका आधार बैंक अकाउंट का कॉपी लेकर बीडीओ को सौंपा। बीडीओ ने जांच कर शीघ्र सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। वहीं भास्कर मुखी ने ग्रामीणों के साथ रक्तदान शिविर में शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर पटमदा भाजमो मंडल अध्यक्ष मिहिर महतो, राजू चटर्जी, महामंत्री अर्जुन मुखी शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 16 दिनों से गायब नाबालिग लड़की को भवनाथपुर पुलिस ने मध्य प्रदेश से सकुशल बरामद किया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत के शिवनगरी गांव से बीते 16 दिनों से गायब एक नाबालिग लड़की को भवनाथपुर पुलिस मध्य प्रदेश के जयंत शहर से सकुशल बरामद कर उसे थाना ले आयी। जहां जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उक्त नाबालिग लड़की को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बरामद नाबालिग लड़की ने पुलिस को बताया कि मां द्वारा डांट फटकार किये जाने से नाराज होकर वह बीते 7 नवंबर को घर छोड़कर मध्यप्रदेश के जयंत शहर चली गयी थी। वह वहां निर्माणाधीन मकान में मजदूरी कर रही थी। बुधवार को भवनाथपुर पुलिस उसे खोजते हुए जयंत शहर आ पहुंची और मुझे पकड़ कर थाना लायी तथा मेरे परिजनों के हवाले कर दिया।

### आवास योजना में अवैध वसूली की बीडीओ से शिकायत कर प्रखंड कोर्डिनेटर को हटाने की मांग

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मकरी पंचायत के ग्रामीणों ने प्रखंड कोर्डिनेटर द्वारा पीएम आवास योजना में अवैध वसूली किये जाने की बीडीओ से शिकायत कर उक्त कोर्डिनेटर को अविलंब हटाने की मांग की है। सुरेंद्र सिंह, मानिकचंद सिंह, उदय राम, जयशंकर सिंह, प्रदीप यादव, अर्जन राम, मंगेश्वर राम सहित काफी संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि कोर्डिनेटर द्वारा प्रति आवास 3600 रु. की उगाही की जाती है। अवैध राशि नहीं देने पर कार्य को बाधित किया जाता है। ग्रामीणों ने कोर्डिनेटर के विरुद्ध आवेदन देकर हटाने की मांग की है।

### टक्कर मारकर आटो पलटा, दो घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल थाना क्षेत्र के एआईडी संस्थान के समीप यात्रियों को लेकर जा रहा तेज रफ्तार आटो एक रिक्शा ठेला में टक्कर मार कर पलट गया। इस घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में मेराल के नेनुआ मोड़ निवासी सह रिक्शा ठेला चालक राम नरेश महतो पिता रुपु महतो एवं आटो में सवार रमना थाना क्षेत्र के हरादाग निवासी संजय चौधरी पिता सोनू चौधरी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम रामनरेश महतो अपने खेत से रिक्शा ठेला पर घास लेकर घर लौट रहा था। इस दौरान गढ़वा की ओर से आ रहे एक आटो ने उसके रिक्शा ठेला में टक्कर मार दिया और वहीं पलट गया। बताया कि आटो में 10 यात्री सवार थे। इस घटना में रिक्शा ठेला लेकर जा रहे राम नरेश महतो के सिर व बायीं आंख में चोट आयी है। जबकि संजय चौधरी के पैर व कमर में गंभीर चोट लगी है। जबकि आटो में सवार चार अन्य यात्रियों को मामूली चोट लगी है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को सदर अस्पताल भेजवाया गया।

### खेलो झारखंड के तहत कांडी प्रखंड में खेला जा रहा सेमीफाइनल मैच विवादों के कारण अधूरा रह गया

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कांडी 10+2 विद्यालय के मैदान में बुधवार को सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा था जो विवादों के कारण अधूरा रहा। इन दिनों झारखंड सरकार के द्वारा खेल को बढ़ावा देते हुए प्रत्येक पंचायत क्षेत्र के विद्यालय से खेलो झारखंड के तहत फुटबॉल टूर्नामेंट कराया जा रहा है। बुधवार को प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल का मैच कांडी+2 स्कूल कांडी बनाम हरिहरपुर राजकीयकृत शंकर प्रताप देव के बीच खेला जा रहा था। वहीं मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिहरपुर हाई स्कूल के कप्तान और कोच के अपील के बाद बीच में ही खेल बंद कर दिया गया। कांडी+2 के खिलाड़ियों में तीन खिलाड़ी बाहर के खेल रहे थे। कांडी प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला ने जब जांच की तो तीन खिलाड़ी बाहर के पाए गए। इसके आलोक में मैच रेफरी ने दोषी पाए गए +2 कांडी टीम को हार एवं हरिहरपुर को जीत का घोषणा कर दी। वहीं मैच करा रहे अजय कांत और लक्ष्मण राम ने हरिहरपुर टीम को सेमीफाइनल के लिए जीत घोषित कर दिया। उसके उपरांत हरिहरपुर बनाम खरौंधा के बीच फाइनल मुकाबला होने लगा। इसी बीच कांडी +2 के अंग्रेजी शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के द्वारा कांडी+2 के विद्यार्थियों को खेल मैदान में भेज दिया गया और खिलाड़ी फाइनल मुकाबला नहीं होने दिये। दो घंटा तक मैच बंद रहा। उसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापिका कांडी के द्वारा सभी नियम दरकिनार करते हुए फिर से हरिहरपुर उच्च विद्यालय और कांडी प्लस टू के खिलाड़ियों द्वारा सेमीफाइनल खेलने के लिए दबाव बनाया गया। इस मामले को लेकर कांडी शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने मोबाइल के माध्यम से प्लस टू कांडी के प्रभारी प्रधानाध्यापिका को मामला तुल ना पकड़े उसका संदेश दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उसके बावजूद भी कांडी जमा दो स्कूल के अंग्रेजी शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने एकाएक मैच ग्राउंड में प्रवेश कर गलत मंशा से हरिहरपुर हाई स्कूल के खिलाड़ियों का मनोबल डाउन करने लगे और विवाद करवाने लगे और लड़ाई कराने के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया। जिसके चलते हरिहरपुर उच्च विद्यालय के खिलाड़ी जान बचाकर किसी तरह से मैच ग्राउंड से अपने घर के लिए रवाना हो गए। इस विषय में जमा दो हाई स्कूल कांडी की प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला ने कहा कि इस विषय में अभी मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकती।

**कार्यक्रम :** मंत्री ने किया 13 करोड़ की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं का शिलान्यास

# जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आ रहा है : मिथिलेश ठाकुर

**अत्याधुनिक बस स्टैंड एवं सरस्वती नदी पर उच्चस्तरीय पुल का होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 45 योजनाओं की आधारशिला रखी। मंत्री ने पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में मुख्य रूप से तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सोनपुरवा में अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बस स्टैंड, करीब दो करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से मंझियाव मोड़ के समीप सरस्वती नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण एवं मंझियांव मोड़ का सुंदरीकरण व हाई फ्लैग मास्ट का अधिष्ठापन शामिल है।



#### यह होगी बस स्टैंड की खासियत

तीन करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस बस स्टैंड में भव्य मुख्य द्वार सहित 40 दुकानें, रेस्टोरेंट, महिला डोरमेट्री, पुरुष डोरमेट्री, शौचालय की व्यवस्था, पूछताछ केंद्र, प्रतीक्षालय, टिकट घर, दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, एक साथ 20 बसों के ठहराव की व्यवस्था, स्टोर, किचन, ऑफिस जैसी सारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह बस स्टैंड गढ़वा का गौरव होगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा शहर के मझियांव मोड़ पर स्थित सरस्वती नदी का पुल वर्षों से जर्जर हो गया था। यह अंतरराज्यीय मार्ग है। जिसके कारण आवागमन में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब इसका निर्माण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में वर्तमान में 40 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। ताकि यहां दुकान लगाने वाले लोग बेदखल नहीं हो। इसके अलावा 100 अन्य दुकानों का भी निर्माण होगा जिससे अन्य लोगों के रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सोच गढ़वा को विकसित जिलों में शामिल करना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार बनते ही विकास को लेकर चिंतित हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य किये जा रहे हैं। जहां भी देखें विकास ही विकास नजर आ रहा है। गढ़वा बस स्टैंड सर्वश्रेष्ठ बस स्टैंड बनेगा। इसका निर्माण कार्य 18 माह में पूर्ण कर लिया जाना है। इसके लिए मंत्री ने संवेदक को कहा कि इसे चुनौती के रूप में लेते हुए गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के अंदर इसका निर्माण कार्य पूर्ण करें।

मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कुमुद कुमार झा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, संतोष केशरी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, अनिता दत्त, अंजली गुप्ता, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, घनश्याम प्रसाद, मदनी खान, नीलू खान, आशीष अग्रवाल, दिव्य प्रकाश केशरी, संजय ठाकुर, रेखा चौबे, रविंद्र गुप्ता, नसीम अख्तर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान झामुमो महिला जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता ने दिया इस्तीफा

**कहा- जिस पार्टी में महिलाओं का सम्मान नही उस पार्टी में एक पल भी कैसे रह सकती हूं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में अवस्थित सार्वजनिक बस स्टैंड के निर्माण की आधारशिला रखने के दौरान मंच पर अंजली गुप्ता को पहले तो विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू द्वारा अपमानित किया गया, फिर खुद विधायक द्वारा कहा गया कि इसे पार्टी से फौरन निकालो।



उधर अपमानित होने से बिफरी अंजली गुप्ता द्वारा मंच पर ही कहा गया कि आप क्या मुझे निकालियेगा मैं खुद ऐसी पार्टी को लात मारती हूं और इतना कहते हुए वह मंच से उतर कर चलते बनीं। उधर नाराज अंजली द्वारा पत्रकारों से बात करते हुए कहा गया कि जिस पार्टी के साथ शुरुआती दौर से पूरी वफादारी के साथ रही। उन्होंने कहा कि उस वक्त से लेकर अब तक पंद्रह लाख से ज्यादा पार्टी कार्यक्रमों में मेरा अपना खर्च हुआ।

#### आने वाले वक्त में इस पार्टी का कोई नामलेवा नहीं होगा

अंजली गुप्ता ने पत्रकारों से कहा कि जिस पार्टी में एक महिला प्रतिनिधि को मंच पर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया, उस पार्टी में एक पल भी रहना मेरे लिए हितकर नहीं है। आज मैं जेएमएम को छोड़ रही हूं। बहुत जल्द देश की सबसे बड़ी पार्टी में शामिल हो कर एक नयी पारी की जहां शुरुआत करूंगी। वहीं दूसरी ओर जेएमएम को दिखाउंगी कि एक निष्ठावान कार्यकर्ता के साथ गलत व्यवहार का नतीजा क्या होता है। आने वाले वक्त में इस पार्टी का कोई नामलेवा नहीं होगा।

## धुरकी पुलिस ने सगमा से एक ट्रक लकड़ी और हाइड्रा मशीन किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी/सगमा।** थाना क्षेत्र के सगमा गांव से बीडीओ सत्यम कुमार व थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने एक ट्रक लकड़ी व एक हाइड्रा मशीन को जब्त कर लिया है। इस संबंध में गत बुधवार को बीडीओ सत्यम कुमार से इसकी जानकारी लेने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं कॉल रिसीव नहीं करने के बाद उन्हें वाट्सएप मैसेज कर पूछा गया इसके बाद भी सगमा के बीडीओ ने मैसेज का रिप्लाई नहीं दिया।

इधर थाना प्रभारी सदानंद कुमार से पूछे जाने पर उन्होने बताया कि सगमा बीडीओ के नेतृत्व में एक ट्रक पर लिपटस की लकड़ी हाइड्रा मशीन से लोड की जा रही थी, वहीं सगमा बीडीओ के द्वारा धुरकी पूलिस को सूचना दी गयी। इसके बाद बीडीओ ने स्वयं हाइड्रा मशीन और ट्रक को पकड़कर जब्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक पर लदी लकड़ी को पकड़कर पुलिस जब थाने लेकर जा रही थी तो अचानक ट्रक खराब हो गया और उसे सगमा सेंट्रल बैंक के निकट खड़ा कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बीडीओ के निर्देश पर उक्त लकड़ी लदे ट्रक व हाइड्रा को जब्त कर लिया गया है और थाना में लगाया गया है।



## भंडरिया लैंपस के चुनाव में चंद्रशेखर सिंह बने नये अध्यक्ष



**चंद्रशेखर सिंह को 52 वोट मिले, जबकि उनके निकट प्रतिद्वंद्वी रमेश टोप्पो को 40 वोट मिले**

**10 सक्रिय सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया लैंपस का चुनाव संपन्न हो गया। नौका गांव निवासी चंद्रशेखर सिंह लैंपस के नये अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किए गये। इसकी जानकारी देते हुए लैंपस चुनाव के निर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि चंद्रशेखर को 52 वोट मिले, जबकि उनके निकट प्रतिद्वंद्वी रमेश टोप्पो को 40 वोट मिले। साथ ही 10 सक्रिय सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये हैं। इनमें देवानंद कुमार, राजेश कुमार वर्मा, संजय केसरी, संतोष वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, अंती टोप्पो, कुर्सेला केरकेट्टा, देव कुमारी देवी और सुनीता केरकेट्टा के नाम शामिल हैं। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचित अध्यक्ष और सक्रिय सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में लोग शामिल थे।


झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1006/2022-23
दिनांक :–23.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "डेमोटांड़ (NH-33) से भेलवारा पथ (RCD पथ) के चौडीकरण एवं मजबुतीकरण कार्य (कुल लम्बाई 1.870 कि.मी.) वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 7,50,94,500.00 (सात करोड़ पचास लाख चौरानबे हजार पाँच सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 06 (छः) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 15.12.2022 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.12.2022 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818
कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग।
PR 283276 Road(22-23)D



कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

!! आम सूचना !!
(प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी))

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक "तिलैया किफायती आवास परियोजना के तहत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तिलैया बस्ती में निर्माण किये गये G+3, तिलैया किफायती आवास परियोजना में 07 रिक्त आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किये जाने हेतु जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में दिनांक 18.11.2022 दिन शुक्रवार को समय 12:00 बजे मध्यान से निर्धारित किया गया था जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया था, पुनः 07 रिक्त आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किये जाने हेतु जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में दिनांक 26.11.2022 दिन शनिवार को समय 11:30 बजे पूर्वाहन निर्धारित किया गया हैं।

अतः वैसे लाभर्थी जिनके द्वारा तिलैया किफायती आवास परियोजना में आवासों के आवंटन हेतु सुरक्षा जमा राशि 5000/– की राशि केनरा बैंक, झुमरी तिलैया शाखा में जमा किया गया है. उनसे अनुरोध है कि दिनांक 26.11.2022 दिन शनिवार को जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्
PR283302 (Urban Development)22-23*D



प्राचार्य का कार्यालय राजकीय पोलिटेकनिक, सिमडेगा।
अति अल्पकालीन निविदा संबंधी सूचना

राजकीय पोलिटेकनिक, सिमडेगा के पुस्तकालय के लिए पुस्तकों के क्रय हेतु निबंधित प्रतिष्ठानों से मुहरबंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। BOQ प्राप्त कर निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि 09 /12/2022 तक रहेगी ।

1. BOQ शर्तो के साथ संस्थान के खाता संख्या: Principal Govt. Polytechnic Simdega. A/C 37789397709 IFSC-SBIN0001091 मे 250/– शुल्क अदायगी कर दिनांक 07/12/2022 के 4 बजे अप0 तक प्राप्त की जा सकती है।
2. पूर्ण निविदा पत्र संस्थान कार्यालय मे जमा करने की अंतिम तिथि 09/12/2022 के 4 बजे अप0 तक है।
3. प्राप्त निविदाओं को क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष दिनांक 10/12/2022 को 11 बजे पूर्वा0 प्राचार्य कक्ष मे खोला जाएगा, जिसमे इच्छुक निविदाकर्ता बैठक मे उपस्थित हो सकते है।

निविदा मे Technical Bid तथा Financial Bid का विवरण अलग –अलग लिफाफा मे जमा करना होगा। सर्वप्रथम निविदाओं का Technical Bid खोला जाएगा, जिन निविदाकर्ताओ का Technical Bid सही पाया जाएगा, उन्ही निविदाकर्ताओ का (Financial Bid) खोला जाएगा ।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, सिमडेगा।
PR 283237 Primary Education(22-23)D



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़

सूचना
विशेष मध्यस्थता अभियान
दिनांक : 05.12.2022 से 09.12.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची के निर्देश पर तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के संरक्षण में तिल विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा दिनांक 05.12.2022 से 09.12.2022 तक विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परिवार न्यायालय से संबंधित मामलों एवं उसी से संबंधित अन्य मामले जैसे–दहेज उत्पीड़न, 498ए भा0 द0 वि0, घरेलू हिंसा, भरण–पोषण इत्यादि के मामले जो व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ के विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं का निस्तारण आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया जाएगा ।

प्रस्तुत किए जाने वाले मामले

| | |
|---|---|
| तलाक संबंधी मामले | दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले |
| वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले | भा0 द0 वि0 की धारा 498ए के मामले |
| दत्तक ग्रहण के मामले | घरेलू हिंसा के मामले |
| भरण–पोषण के मामले | घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामले |
| बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले | परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले |

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि उक्त विशेष मध्यस्थता अभियान के तहत लाभुक अपने मामलों को संबंधित न्यायालयों से मध्यस्थता केन्द्र में भेजवाकर विशेष अभियान के तहत उनका निस्तारण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।

अधो0/–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़।
PR.NO.283242 District(22-23):D


**बैठक :** सहिया साथी एवं वीटीटी का जिला स्तरीय समीक्षा सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# संस्थागत सुरक्षित प्रसव में सहिया अपनी भूमिका निभायें : उपायुक्त

**बरगड़ प्रखंड की सहिया पोखली देवी को अच्छे कार्यों के लिए शॉल देकर किया गया सम्मानित**

अजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त, गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सभी सहिया साथी एवं वीटीटी का जिला स्तरीय एक दिवसीय समीक्षा सह संवाद कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के द्वारा किया गया। उक्त समीक्षात्मक बैठक सह संवाद कार्यक्रम में उपायुक्त गढ़वा श्री घोलप ने सभी सहियाओं एवं वीटीटी से सीधा संवाद किया। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा सभी के सहयोग से 1 जनवरी 2022 से जून 2022 तक सहियाओं के माध्यम से किए गए प्रसव का एक प्रपत्र में प्रतिवेदन बनाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करने की बात कही।

उपायुक्त श्री घोलप ने कहा कि सहियाएं सुनिश्चित करें कि सरकारी अस्पतालों या पंजीकृत क्लीनिकों में ही प्रसव कराने हेतु जाएं। इस हेतु लोगों को जागरूक करें। उक्त बैठक में प्रोजेक्ट स्वास्थ्य सुचिता की जानकारी विस्तार से लोगों को दी गयी।

प्रोजेक्ट 'स्वास्थ्य शुचिता' की शुरुआत से संस्थागत प्रसव में वृद्धि के साथ-साथ सदर अस्पताल से मरीजों को अन्यत्र अस्पतालों में रेफर करने की संख्या में कमी आयी है। प्रायः जिले में यह देखा गया कि अधिक संख्या में अवैध क्लिनिक संचालित हैं। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में निवास करने वाली एक बड़ी आबादी को बिचौलियों के माध्यम से इनकी पहुंच सरकारी अस्पतालों तक रोका गया। जिसमें पैसों के साथ-साथ कई लोगों की जानें भी गयीं। वैसे अस्पताल जो क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप संचालित नहीं हैं तथा अकुशल लोगों द्वारा मरीजों का इलाज किया जाता था उसके बाद जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद कई अस्पतालों को सील किया गया तथा कई अस्पतालों ने अपना लाइसेंस सरेंडर किया।

प्रोजेक्ट स्वास्थ्य सुचिता का सकारात्मक परिणाम मिला, जिससे लोगों का सरकारी अस्पतालों पर भरोसा बढ़ा। संस्थागत प्रसव, सिजेरियन आदि मामलों की वृद्धि सदर अस्पताल में देखी गई। साथ ही सदर अस्पताल से अन्यत्र अस्पतालों में मरीजों के रेफर करने के मामले में कमी आयी। अधिकाधिक गरीब गर्भवती महिलाओं का अब सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव हो रहे हैं। सुरक्षित प्रसव एवं माता-शिशु स्वास्थ्य के लिए इस अभियान के तहत जिला प्रशासन स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए कई कदम उठा रहा है।

कार्यक्रम में प्रखंड बरगड़ की सहिया पोखली देवी को अच्छे कार्यों के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया। बरगड़ प्रखंड के सरूवत अस्पताल बनाने की मांग की गई। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा सभी आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन आदि उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**बुढ़ू (आजाद सिपाही)।** बुंडू धुर्वा मोड़ पुराना बस स्टैंड के समीप गुरुवार को जय हो सेवा संस्था की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था ने समाज के एक बहुमूल्य जीवन को बचाने में सहयोग देने की अपील की है। कहा कि रक्तदान महादान है। सभी मानवता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए उक्त रक्तदान शिविर में भाग लेकर पुण्य के भागीदार बनें।

## बस व टेलर की टक्कर में आठ घायल

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** रांची टाटा पथ पर भुईयाडीह के निकट दुआरसीनी के पास गुरुवार की रात करीब नौ बजे टाटा से सिवान जा रही बस ने एक टेलर को ठोकर मार दी। इस घटना में आठ लोग घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घायलों को तमाड़ अस्पताल पहुंचाया।

### आयुष्मान कार्ड को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

# मिशन मोड पर हो गोल्डेन कार्ड का निर्माण: डीसी

## जिला मुख्यालय में जल्द शुरू होगा 200 बेड और तोरपा में 100 बेड वाले अस्पताल का निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बिरसा कॉलेज के ऑडिटोरियम में गुरुवार को जिला स्तरीय स्थायी आयुष्मान कार्ड (गोल्डेन कार्ड) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीसी ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत, जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में संचालित करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में सभी छह प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली दुकानदार, प्रज्ञा केंद्र संचालक और एएनएम शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन दो पालियों में किया गया। डीसी ने गोल्डेन कार्ड की महता की चर्चा करते हुए




अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी शशि रंजन।

कहा कि जिले के सभी योग्य लाभुकों को गोल्डेन कार्ड से अच्छादित करना जिला प्रशासन का दायित्व है। लाभुक परिवार के सभी सदस्यों को सरलता से गोल्डेन कार्ड प्राप्त हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जनवितरण प्रणाली दुकानवार शिविर लगा कर गोल्डेन कार्ड बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर जिले में अहर्ता प्राप्त लाभुकों गोल्डेन कार्ड से 100 फीसदी आच्छादित करने के लिए जन वितरण प्रणाली दुकानवार प्रज्ञा केंदों के संचालकों, ऑपरेटर, स्वास्थ्य विभाग की एएनएम-एमपीडब्ल्यू की प्रतिनियुक्ति की गयी है। डीसी ने जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को निर्देश दिया कि गोल्डेन कार्ड बनाने के लिए अपनी दुकान से जुड़े लाभुक परिवारों को सूचित कर निर्धारित तिथि को 30-30 लाभुक परिवार के सदस्यों को बुलाकर गोल्डेन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता कतई क्षम्य नहीं है। उन्होंने प्रत्येक राशन डीलर को तीन दिनों में सभी योग्य लाभुकों का गोल्डेन कार्ड बनाने का निदेश दिया।

डीसी ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के क्रम में गंभीर रोगों के इलाज के लिए अतिशीघ्र जिला मुख्यालय में 200 बेड और तोरपा में 100 बेड वाले अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। वहीं, डीडीसी नितीश कुमार सिंह द्वारा पीपीटी के माध्यम से गोल्डेन कार्ड की विशेषताएं, पात्रता, उम्र सीमा, समस्याएं, गोल्डेन कार्ड उपयोग करने की प्रक्रिया आदि विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही प्रज्ञा केंद्र के संचालकों को सीएससी पोर्टल के माध्यम से गोल्डेन कार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो आदि मौजूद थे।

## खूंटी में पुलिस ने दो साल बाद कब्र से निकाला फुटबॉल खिलाड़ी का कंकाल

### उग्रवादियों ने गोली मारकर की थी हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना क्षेत्र स्थित उदय नारायणपुर गांव से पुलिस ने दो साल बाद कब्र से फुटबॉल खिलाड़ी का शव (कंकाल) बरामद किया है। नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण इस दौरान उदय नारायणपुर गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सुरक्षा के मद्देनजर जिला पुलिस के साथ साथ सीआरपीएफ के जवान तैनात थे। अड़की और कराईकेला थाना की पुलिस मौके पर मौजूद थी। दरअसल शव को चाईबासा के कराईकेला थाना क्षेत्र में दफना दिया था। शव कराईकेला थाना क्षेत्र से खूंटी पुलिस ने बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के अड़की थाना क्षेत्र के ईचाहातु गांव में दो साल पहले (जुलाई 2020) हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसमें अड़की थाना क्षेत्र के उदयनरायणपुर गांव की ड्डी टीम खेलने गई थी। इस टीम में उदयनारायणपुर गांव का निकोलस सोये (23) भी खेलने के लिए गया था। खेल के दौरान की शाम में पीएलएफआई उग्रवादियों ने मैदान में हमला कर दिया था और फायरिंग भी कर दी थी। जिसमें निकोलस की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर अड़की थाना में एक मामला दर्ज हुआ था। जिसकी जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि निकोलस की उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में मौत हो गई है और परिजन ने शव दफना दिया है। इसके बाद गुरुवार को बीडीओ और कराईकेला थाना पुलिस की उपस्थिति में अड़की थाना पुलिस ने लाश बरामद किया है।अब बरामद लाश को फॉरेंशिक जांच के लिए भेजी जायेगी। वहीं ईलाका नक्सल प्रभावित होने के कारण सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। बताया जाता है कि दो साल पहले जब हत्या हुई थी तो उग्रवादियों ने परिजनों को धमकी दी थी। धमकी के बाद परिजन डर से पुलिस के पास नहीं गया था और चुपके से कराईकेला थाना, जिला पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र में शव दफना दिया था। इसी बीच परिजनों ने चुपके से एक आवेदन भी थाना में दे दिया था, लेकिन आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इसी बीच थाना में केस रिव्यू के दौरान केस पर संज्ञान लिया गया। उसके बाद मामला वरीय पुलिस अधिकारी के संज्ञान में मामला आया। उसके बाद मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। मजिस्ट्रेट के रूप बीडीओ गिरिजानंद किस्कू के सामने शव बाहर निकाला है।

## सिल्ली में आजसू बुद्धिजीवी मंच की बैठक संपन्न, सुदेश महतो ने दिये कई सुझाव



लोगों को संबोधित करते आजसू सुप्रीमो व विधायक सुदेश महतो।

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली विधानसभा बुद्धिजीवी मंच की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को सिल्ली स्टेडियम में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता योगेश्वर महतो और संचालन भागवत सुनार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। उन्होंने सिल्ली विधानसभा के समस्याओं के समाधान के लिए जनसमूह को कई सुझाव दिए। विभिन्न प्रकार के योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए संकल्प लिए जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, हर घर में जल नल योजना तथा जल संरक्षण पर अपने विचार दिए। मजदूर संगठन को कैसे रोजगार मुहैया होगा इस पर अपने विचार दिए और 60 साल के ऊपर के दंपति को प्रत्येक वर्ष तीर्थाटन पर जोर दिए, ताकि वह निरंतर चलते रहे। इस मौके पर विजय चंद्र महतो, शरत चंद्र महतो, धीरेंद्र नाथ महतो, बुद्धदेव दत्ता, शिशिर कुमार सिंह, नरेश चंद्र महतो, रास बिहारी महतो, लंबोदर महतो, तरुण कुमार सिंह, रतन लाल महतो, कर्म सिंह महतो, लखींद्र महतो, लोहरा महतो, मोतीराम महतो एवं सिल्ली विधानसभा के सभी पंचायतों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में भाग लेने आये लखीसराय के दो युवक फर्जी सर्टिफिकेट के साथ हुए गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी में चल रही गृह रक्षा वाहिनी की बहालह प्रक्रिया के दौरान बिहार के लखीसराय जिले के दो अभ्यर्थियों को फर्जी दस्तावेज के साथ लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। एक सप्ताह से चल रही होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया गुरुवार कों समाप्त हो गयी। पकड़े गये युवकों के पास से फर्जी स्थानीय प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, मैट्रिक सर्टिफिकेट भी बरामद किये गये हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में चल रही बहाली प्रक्रिया में भाग लेने दोनों युवक फजी प्रमाणपत्र के साथ पहुंचे थे। उनकी पहचान सरबिन कुमार और राजेश कुमार के रूप में हुई है। मुख्यालय डीएसपी जयदीप लकड़ ने बताया कि दोनों युवक बहाली प्रक्रिया में भाग लेने आये थे। प्रमाण पत्रों की जांच के दौरान दोनों के आवासीय प्रमाण पत्र के फर्जी होने का शक होने पर उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो दोनों से स्वीकार किया कि फर्जी तरीके से कागजात बनाकर वे बहाली प्रक्रिया में शामिल होने आये थे।

### 491 पदों के लिए 6243 अभ्यर्थी हुए शामिल

स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में पिछले एक सप्ताह से चल रही गृह रक्षा वाहिनी की बहाली प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त हो गई। 491 पदों के लिए 6243 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

## पिपरवार में आज मनाया जायेगा शहीद कृष्णा महतो का शहादत दिवस

**पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में शुक्रवार को शहीद कृष्णा महतो का 23 वां शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन समिति के नागेश्वर महतो ने बताया कि दोपहर दो बजे कल्याणपुर बाजारटांड़ स्थित शहादत स्थल पर और चार बजे बचरा चार नम्बर चौक स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।**

## पिपरवार के कांग्रेसी व समाजसेवी ने पूर्व मंत्री योगेंद्र, विधायक अंबा प्रसाद से की मुलाकात



### विस्थापन, पुनर्वास, रोजगार सहित कई समस्याओं से कराया अवगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता और समाजसेवियों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को राज्य पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से उनके आवास पर जाकर मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से दोनों को अवगत कराया गया। विस्थापित प्रभावित स्थानीय ग्रामीणों के नौकरी, मुआवजा, पुर्नवास, विस्थापन, रोजगार, ठेकाप्रथा, बुनियादी सुविधा, प्रदूषण सहित ग्रामीण इलाकों में व्याप्त समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सीसीएल द्वारा सीएसआर और डीएमएफटी फंड से चलाए जा रहे योजनाओं में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कार्य देने सहित कई बातों की जानकारी दी गई। समस्या सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने प्रबधंन से बात कर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। कहा कि खनिज संपदाओं पर पहला अधिकार स्थानीय लोगों का है। उनके हक और अधिकार को दिलाने के लिए हर संभव काम किया जाएगा। वहीं, विधायक अंबा प्रसाद ने भी स्थानीय ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, समाजसेवी अब्दुल कुदुस अंसारी, राजीव रंजन प्रसाद, सुभाष साव, मोहम्मद हुसैन आदि मौजूद थे।

## एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी सताकी कैंप में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सताकी में स्थित एसएसबी 26वीं बटालियन ए कंपनी की ओर से अंबाझरिया और सताकी पंचायत के 10 युवकों को लेकर कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रांरभ किया गया। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत युवकों को 30 दिन तक कम्प्यूटर का बेसिक कोर्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी कमांडेट दिनेश कुमार ने किया। इस मौके पर इंस्पेक्टर सतेन्द्र कुमार, एएसआई तिलकराज, भूपेंद्र कुमार, धरम चंद्र, हरेकृष्ण महतो आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ सूचित्रा ने किया पीएम आवास मनरेगा व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सूचित्रा मिंज ने गुरुवार को प्रखंड के दो गांव चोगा और कोड़ाडीह में आंगनबाड़ी केंद्र, पीएम आवास व मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान चोगा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को सही समय पर नाश्ता नहीं देने पर सेविका को फटकार लगाई। वहीं जल्द आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस क्रम में जामुदाग पंचायत के चोगा गांव और लान्दूपडीह पंचायत के कोड़ाडीह गांव में पीएम आवास योजना के लाभुक के आवास निर्माण कार्य का जायजा लिया। बीडीओ ने बताया कि चोगा और कोड़ाडीह गांव में आवास योजना के निरीक्षण में दर्जनों लाभुकों द्वारा राशि प्राप्त करने के बाद भी अब तक आवास का कार्य पूर्ण नहीं किया गया था। उन लाभुकों को दो सप्ताह तक कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उक्त समय तक कार्य पूरा नहीं होने की स्थिति में संबंधित लाभुक पर कानूनी करवाई की जाएगी। वहीं मनरेगा योजना का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर प्रखंड समन्वयक पीएम आवास राजीव रंजन गुप्ता, बीपीओ बबिता गोस्वामी, जेईई महताब अख्तर, पंचायत सेवक अवधेश यादव, रोजगार सेवक प्रदीप महतो आदि उपस्थित थे।

## सिल्ली में बाइक सवार हमलावरों ने व्यक्ति को गोली मारी, हालत नाजुक



### सिर के नीचे लगी गोली को डॉक्टरों ने बाहर निकाला, हमलावरों का पता लगाने में जुटी पुलिस, पहुंचे डीएसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली के श्यामनगर इलाके में गुरुवार को बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। उसकी पहचान जितेंद बड़ाईक के रूप में हुई है। वह सोनाहातू थाना क्षेत्र के पड़ेंगचाऊली का रहने वाला हैं और अपने दो साथियों के साथ घर लौट रहे थे। पेशे से पशु खरीद-बिक्री करने वाले कारोबारी जितेंद्र के पास 90 हजार रुपये भी थे। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल जितेंद्र को सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। वहीं, डॉक्टरों ने उसके सिर के नीचे लगी गोली को बाहर निकाल दी दिया है। हालांकि हालत अभी नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया है कि हमलावर चेहरे पर नकाब पहन कर आए थे। घायल व्यक्ति अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है। उसका बयान लेने के बाद ही हमला के कारणों और हमलावरों का सुराग मिल सकेगा। वहीं पुलिस घायल के साथियों से भी पूछताछ कर रही है। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर डीएसपी भी सिल्ली थाना पहुंच गये हैं।

## मैं शेर तू शेरनी नागपुरी डांस वीडियो रिलीज

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आरपी टैलेंट यूट्यूब चैनल के बैनर तले मैं शेर तू शेरनी नागपुरी डांस वीडियो एल्बम का निर्माण निमार्ता सुरेंद्र पातर द्वारा किया। यह एल्बम आरपी टैलेंट यूट्यूब चैनल में प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अभिनेता एवं अभिनेत्री राकेश पातर एवं किरण बड़ाईक है। गायक रमेश लोहरा एवं प्रिती बारला है, गीतकार सुभाष मुंडा, फिल्मांकन आशीष एंथोनी एवं कोरियोग्राफर निशांत टाइगर द्वारा किया गया है। इस एल्बम को बनाने में मुख्य रूप से सुचांद मुंडा एवं शेखर लोहरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## धान फसल प्रदर्शनी एवं कटाई दिवस का आयोजन



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के मुरगी गांव में सिजेंटा इंडिया लिमिटेड द्वारा धान फसल प्रदर्शनी एवं कटाई दिवस मनाया गया। इस दौरान एस 54003 सिजेंटा कंपनी 2 नंबर खेत के लिए कामेश्वर यादव के खेत में लगाया गया फसल को कटाई किया गया और कटाई करने के बाद धान के उपज को गांव के किसानों को बताया गया और समझाया गया। सिजेंटा कंपनी के मदन मोहन कुमार, कंपनी के क्षेत्र प्रतिनिधि, बलराम मंडा, प्रेम कुमार वर्मा, अनीस अंसारी ने भी किसानों को कई जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरूपीरी पंचायत के मुखिया सीता देवी एवं मुरूपीरी पंचायत समिति सदस्य रूही देवी उपस्थित थीं। मौके पर धान कटाई दिवस कार्यक्रम में उपस्थित महिला समूह के लोगों को कंपनी की ओर से चटाई दिया गया। मौके पर कामेश्वर यादव ,शंकर यादव, गणेश यादव, किनू यादव, सावित्री देवी, कुस्त्रेन देवी, धानी देवी बीना देवी सीता देवी, संगीता देवी, जीतमनी देवी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

### गुंजन सिंह के परिवार को सांत्वना देने बचरा पहुंचे कांग्रेस विधायक

# जनमत का अपमान कर सरकार को अस्थिर करने में लगी है भाजपा : अनूप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** झारखंड महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के पिता के निधन के बाद कांग्रेस विधायक अनूप सिंह गुरुवार को बचरा स्थित उनके आवास पहुंच कर गुंजन सिंह व उनके परिवारजनों को सांत्वना दी। विधायक के बचरा पहुंचने पर उनके श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव कासिम उर्फ मुन्ना के नेतृत्व में यूनियन के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उसके बाद वहां से पैदल ही कांग्रेस नेत्री गुंजन सिंह के पिता के



गुंजन सिंह के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते विधायक अनूप सिंह व अन्य।

निधन पर उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए आर्थिक मदद भी की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार पूरी मजबूती से जनकल्याणकारी नीतियों को लागू करते हुए अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने भाजपा पर सरकार को लगातार अस्थिर करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा जनमत का अपमान कर रही है, लेकिन इससे कुछ नहीं होने वाला। उन्होंने भाजपा पर राजनैतिक प्रतिशोध के तहत केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। कैश कांड के बाद कांग्रेस में उठापटक की खबरों को नकारते हुए कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से एकजुट है और विधायकों को मेरे द्वारा जानबूझकर फसाने का आरोप निराधार है। इस मौके पर कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह, एसडी सिंह एवं गुंजन सिंह के परिवार जनों में गुंजन के साथ अभय सिंह, किशन सिंह, पिंकी देवी आदि मौजूद थे।

## ठाकुरगांव में दुर्घटना में सात लोग घायल

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** खखरा मोड़ के पास अनियंत्रित मोटरसाईकिल की चपेट में आने से ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के खखरा निवासी संतु महतो, शांति देवी, बालो देवी, ईशा कुमारी, लालिन देवी, पांचो देवी और उर्मिला देवी घायल हो गये। जानकारी के अनुसार ये सभी एक शादी समारोह में शामिल होकर रात में करीब 9 बजे अपने घर लौट रहे थी इसी दौरान बरौदी की ओर से तेज रफ्तार बाईक ने इन सभी को पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें सभी घायल हो गये। परिजनों के द्वारा सभी को स्पर्श अस्पताल ठाकुरगांव लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बाईक को जब्त कर लिया। दुर्घटना में संतु महतो की कमर में गहरी चोट लगी है। वहीं शांति देवी का हाथ टूट गया। बाईक में तीन लोग सवार थे और तीनों थाना क्षेत्र के गेसवे गांव के रहने वाले हैं।

## बिजली नहीं रहने से ग्रामीण परेशान

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे क्षेत्र में लगातार हो रहे बिजली के कटो से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रत्येक दिन सुबह 4 से 10 बजे तक एवं शाम 4 से रात के 9 बजे तक बिजली नहीं रहती है। ऐसे में बिजली से चलने वाले सभी उपकरण ठप पड़ जाते है। मिश्रा टोली निवासी गिरीधर मिश्र ने बताया कि बिजली के कटो की शिकायत विभाग को फोन कर कई बार दी है। बिजली विभाग इस समस्या पर गौर नही दे रहा, कह रहा है कि बिजली उपलब्ध नही हो पा रहा है। बताया कि गांव के लगभग सभी घरों में मीटर लगा हुआ है। लेकिन विभाग बिजली की आपूर्ति सुचारु रुप से नही कर पा रहा है। बिजली ना आने से सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों के पढ़ाई में होती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनके गांव में बिजली की आपूर्ति ठीक ढंग से करायी जाये जिससे उन्हें कुछ थोड़ी राहत मिल सकें।

## महासिद्धी शक्ति पीठ में नौ दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम संपन्न



**धर्म-संस्कृति का जुड़ाव संस्कारित जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है : अनुराधा मुंडा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** लुपूंग पंचायत के बाहेया खक्सीगढ़ा स्थित महासिद्धी शक्ति पीठ मे आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान कार्यक्रम भव्य भंडारा के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर देवत्थान जतरा का भी आयोजन किया गया। जतरा मेला में सात खोड़ा नृत्य मंडलियों ने पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए वहीं संध्या से मध्य रात्रि तक बंगाल से आये कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को भक्तिभाव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा थीं जबकि विशिष्ठ अतिथि के तौर पर भाजपा के युवा नेता रामसाय मुण्डा थे। मौके पर अनुराधा मुण्डा ने कहा कि धर्म-संस्कृति का अनुठा संगम हमें बेहतर और संस्कारित जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। शक्तिपीठ के मुख्य संरक्षक लक्ष्मण भक्त बाबा ने इस बीरान और जंगली क्षेत्र को धर्म-संस्कृति का संगम स्थल के रूप मे विकसित कर पर्यटन स्थल का रूप देने की कोशिश की है जो अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अजय कुमार महतो, रामसाय मुण्डा, घनेनाथ महतो, ग्रामप्रधान शिवलाल पाहन, अजय सिंह भोगता, शंभुनाथ गंझु, राजेन्द्र महतो, दीपक महतो, राजेश महतो, झुबल महतो सहित अन्य ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## विधायक ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भवन निर्माण विभाग के द्वारा प्रखंड के ईंटा गांव में गुरुवार को तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ें विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। ग्रामीणों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पहुंच मार्ग, समुदायिक भवन, मंच निर्माण, पेयजल, अहाता और अन्य निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि तहसील कचहरी बनने से गांव के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इसके पूर्व विधायक ने घाघरा गांव में कल्याण विभाग से बनने वाली कब्रिस्तान घेराबंदी का शिलान्यास किया।मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका उरांव,उपप्रमुख मोददसिर हक मुखिया रमेश उरांव,अनिता बाड़ा,प्रो करमा उरांव, बुधराम बाड़ा, बुद्धदेव उरांव, गोपाल उरांव, घोमा सिंह, मजकूर सिद्दीकी, मीर मुस्लिम, तंजीर हुसैन, रैफुद्दीन मिरदाहा, इरशाद, मनकू कुजूर मौजूद थे।

## महायज्ञ के आयोजन को लेकर कमेटी का गठन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू प्रखंड के भांटबोड़ेया गांव में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक सोहराई महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 14 फरवरी 2023 से 18 फरवरी 2023 तक गांव में पांच दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यज्ञ की सफलता को लेकर कमेटी का गठन भी किया गया। कमेटी में अध्यक्ष चन्द्र कांत गिरि, उपाध्यक्ष रामेश्वर महतो, रामसेवक महतो, सचिव बिजय महतो, सहसचिव रवि महतो, मोहन महतो, कोषाध्यक्ष सुभाष पुरी चुने गये। वहीं कमेटी में संरक्षक मिथलेश गिरि, तपेश्वर गिरि, कलेश्वर महतो, राधाकांत गिरि, महाबीर महतो बनाये गये। मौके पर उमेश साव, शिबु ठाकुर, रामप्रसाद साव, बालो महतो, अजय मुंडा, रूपन देवी, पिंकी देवी, दीपिका देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## मोबाइल टावर से बैटरी की चोरी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गढ़गांव स्थित अमेरिकन टावर कॉरपोरेशन के मोबाइल टावर से बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने दो वोल्ट की तीन सौ एंपियर वाली 22 पीस बैटरी की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार टावर के केबिन रुम के दरवाजे में लगे तालों को तोड़कर चोर अंदर प्रवेश किये। चोरी की सूचना टावर के गार्ड हरमुज अंसारी द्वारा थाना को दे दी गयी है।

## भाजपा इटकी मंडल ने आक्रोश रैली निकाली



इटकी (आजाद सिपाही)। भाजपा इटकी मंडल द्वारा गुरुवार को राज्य सरकार के विरोध में आक्रोश रैली निकाली गयी व बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। राज्य सरकार के नाम प्रेषित ज्ञापन में राज्य सरकार के पदाधिकारियों द्वारा आम जनता का कोई काम नहीं करने के अलावा बढ़ती रिश्वतखोरी व खराब विधि व्यवस्था की भी चर्चा की गयी है। रैली की शुरूआत कुंदी खेल मैदान से की गयी। कार्यकर्ता राज्य सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। कार्यक्रम में पार्टी के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्द्धन पांडेय, राजेश्वर महतो, राजकुमार तिर्की, बुद्धू मुंडा, शंकर महतो, संजय सहारा, बासु गोप, अनिल उरांव, गौतम मुंडा, रितेश केसरी व श्रवण कुमार यादव सहित अन्य शामिल थे।

## ओरमांझी में गोड्डा के सांसद का पुतला फूंका



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा झारखंडी खतियानधारियों पर अमर्यादित टिप्पणी करने, झारखंडियों का अपमान करने, उन्हें बांग्लादेशी एवं आतंकी बताने पर ब्लॉक चौक दड़दाग, ओरमांझी में 1932 खतियानी मंच के द्वारा सांसद का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से 1932 खतियानी मंच के जलेश्वर महतो, दिगंबर महतो, अंबिका महतो, विकु कुमार, उपमुखिया उमेश महतो, अनिल कुमार, कुशल कुमार, रूपेश कुमार, आनंद महतो, संजय, सीताराम, घुरन, आकाश, अम्बिका महतो आदि उपस्थित थे।

**आक्रोश :** सूरज महली की हत्या के विरोध में ललगुटवा के लोगों में आक्रोश

# कटहल मोड़ के समीप बांस-बल्ली और रोड में बैठ कर सड़क जाम की

**प्रशासनिकअधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समझाने के बाद हटाया गया जाम**

**प्रशासन जांच कर रहा है जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा : प्रवीण कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के लालगुटवा निवासी सूरज महली को बुधवार की रात गोली मारने से मौत हो गयी। हत्या के विरोध में आक्रोशित लालगुटवा के सैकड़ों निवासियों ने थाना क्षेत्र के रिंची कटहल के समीप और रांची गुमला राजमार्ग-23 में स्थित कटहल मोड़ के चारों ओर बांस बल्ली और रोड में बैठकर जाम कर दिया। लोगों ने न्याय दो न्याय, अपराधियों को जल्द गिरफ्तार का नारा लगा रहे थे। वहीं ग्रामीणों ने रोड पर टायर जलाकर हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने मांग की कि शीघ्र ही हत्या का खुलासा किया जाए और अपराधियों की गिरफ्तारी की जाये। अन्यथा कटहल मोड़ को अनिश्चितकालीन बंद कर दिया जाएगा। कटहल मोड़ रोड जाम गुरुवार की सुबह 8:30 बजे से शुरू होकर ढाई घंटा तक जाम रहा। जाम से कटहल मोड़ के चारों और वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गयीं। प्रशासनिकअधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समझाने के बाद 11 बजे जाम को हटा लिया गया। मुख्य पदाधिकारियों ने मौके पर मुख्य रूप से पुलिस मुख्यालय के डीएसपी-टू के प्रवीण कुमार ने जाम कर रहे लोगों से कहा कि इस संबंध में प्रशासन जांच कर रहा है जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा। वहीं नगड़ी पुलिस ने कार्यवाही आरंभ कर दी है जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होगे। मौके पर नगड़ी थाना के प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो, इटकी थाना प्रभारी रजनी रंजन और कांग्रेस नेता सह हटिया विधानसभा प्रभारी अजय शाहदेव, भाजपा नेता शोभा यादव, समाजसेवी लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, लाल प्रमोद सिंह, लाल गुटवा पंचायत के मुखिया मंगल उरांव, उपमुखिया प्रवीन तिर्की सहित कई लोगों ने जाम हटाने में सहरानीय योगदान दिया।

इधर लालगुटवा पंचायत के मुखिया मंगल उरांव ने स्थानीय पत्रकारों को बताया कि मृतक सुरज महली बेहद ही गरीब परिवार से था। मृतक सुरज महली किसी किसी का वाहन चला कर जीवनयापन करता था। वह घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था। लगभग एक साल पहले उसकी शादी हुई थी। पत्नी आरती और बूढ़ी मां और पिता बुधनाथ महली हैं। उन्होंने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है और जल्द हत्या का खुलासा करने का आग्रह किया है।



### मृतक की पत्नी को दिया आर्थिक सहयोग

मौके पर पुलिस मुख्यालय के डीएसपी-टू प्रवीण कुमार ने मृतक की पत्नी आरती देवी को आर्थिक सहयोग दिया। जाम में पहुंचे नगड़ी प्रमुख मधु कच्छप, कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता अजय नाथ शाहदेव और भाजपा नेत्री शोभा यादव ने भी मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग दिया।

## छठ तालाब के मुख्य मार्ग को बंद करने की कोशिश का ग्रामीणों ने किया विरोध, काम बंद कराकर धरना पर बैठे

**गेल कंपनी की ओर से जेसीबी से मार्ग को बंद कर बाउंड्री निर्माण के लिए खोदा जा रहा था गड्ढा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के नयासराय में वर्षों पुराना छठ तालाब के मुख्य मार्ग को बगल में बन रही गेल कंपनी द्वारा बंद करने की कोशिश की जा रही थी। जिसकी सूचना मिलते ही नयासराय सहित आसपास के ग्रामीण वहां जुट गए और काम बंद कराकर विरोध प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। गुरुवार को सुबह जेसीबी से मार्ग को बंद कर बाउंड्री के लिए गड्ढा खोदा जा रहा था। रास्ता बंद करने की खबर सुनते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए और वहां पहुंच कर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने लगे। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि हम सभी हटिया विस्थापित ग्रामीणों को सरकार ने कोई सुविधा नहीं दी है और अब हमारी आस्था के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। इस मार्ग से ग्रामीण छठ तालाब और शिव मंदिर को जाते हैं। तालाब में अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी किये जाते हैं। एकमात्र रास्ता को बंद कर देने से गांव के लोग अब पूजा पाठ करने भी कहां जाएंगे। ग्रामीणों ने मौके पर एक स्वर में कहा कि किसी भी हालत में रास्ता को बंद करने नहीं दिया जाएगा।

मौके पर कांग्रेस के हटिया विधानसभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव, जिप सदस्य पूनम देवी, नगड़ी प्रमुख मधु कच्छप, बजरंग महतो, मुखिया ममता तिर्की, पंसस एनामुल अंसारी, उप मुखिया जहाना प्रवीण, पंकज शाहदेव, शम्भु नाथ देवघरिया, मेघनाथ महतो, बिजू महतो, शिवशंकर बैठा, श्वेता देवी, लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण वहां पहुंचे। मौके पर जन प्रतिनिधियों ने नगड़ी अंचलाधिकारी संतोष शुक्ला और आईआईएम के प्रशासनिक अधिकारी अविनाश कुमार से मिले और अपनी बात रखी। इस पर कंपनी के वरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग से उच्च अधिकारियों और रांची के उपायुक्त को अवगत कराने का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों ने भी स्थायी समाधान नहीं होने तक वहीं अनिश्चितकालीन धरना पर बैठने का निर्णय लिया है।

## झारखंड एडवोकेट वेलफेयर सोसाइटी के मीडिया प्रभारी को मातृ शोक



**रांची (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता एवं झारखंड एडवोकेट वेलफेयर सोसाईटी के मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद के बड़े भाई रामकृष्ण महतो 72 वर्ष का आज सोनाहातू स्थित हरीन ग्राम में निधन हो गया। श्री महतो कृषि विभाग में प्रक्षेत्र सहायक के पद से वर्ष 2012 में सेवानिवृत्त हुए थे। श्री महतो का अंतिम संस्कार आज कांची नदी के तट पर जंड़गा घाट में किया गया। श्री महतो के निधन पर सिविल कोर्ट रांची के जीपी हृदय नाथ विश्वकर्मा, झारखंड एडकोकेट वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष पीडी सिंह, सचिव भरत चन्द्र महतो, महासचिव अजहर अहमद खान, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन ठाकुर, रेखा वर्मा, सत्यप्रकाश, रौशन पासवान समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## हेसातू-हरातू पंचायत से हुई भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिकिदिरी।** अनगड़ा प्रखंड कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत हेसातु व हरातु पंचायत से गुरुवार को पदयात्रा की शुरुआत की गयी। दोनों पंचायत के लोग पदयात्रा कर थाना मैदान पहुंचे, जहां पदयात्रा सभा में तब्दील हो गई। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय प्रभारी अमूल नीरज खलखो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार झूठी सरकार है, जनता को भ्रमित करके रखी है। जिससे जनता त्राहिमाम कर रही है। वहीं विधानसभा प्रभारी सतीश पॉल ने कहा कि मोदी सरकार ने लोगों को जाति पाति भेदभाव में तोड़ कर रखा है। मौके पर श्रवण कुमार मुंडा, फारूक खान, निर्मल, करमाली गणेश रजवार, महेश गंझु, सुरेश करमाली, मुन्ना मुंडा, मुमताज खान, जगन मुंडा, बरतु मुंडा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## थाना परिसर में जलजमाव व नाली की सफाई को लेकर बैठक आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शुक्रवार को प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग में जलजमाव व नाली की सफाई को लेकर अपराह्न चार बजे दुकानदारों की एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी दुकानदारों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने दी है।

**प्रदर्शन :** चान्हो प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकपा माले ने किया प्रदर्शन, भुवनेश्वर केवट ने कहा

# प्रखंड में है भ्रष्टाचार, घोटालों पर चुप्पी साधे हैं अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** भाकपा माले ने चान्हों प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और गरीबों, किसानों व मजदूरों के ज्वलंत सवालों को लेकर प्रखंड मुख्यालय के समक्ष गुरुवार को जोरदार प्रर्दशन किया। प्रर्दशन को संबोधित करते हुए राज्य स्थायी कमेटी के सदस्य भुवनेश्वर केवट ने झारखंड के चान्हो प्रखंड मुख्यालय को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बदली है पर वही पुरानी व्यवस्था बरकरार है। आज भी प्रखंड मुख्यालय में गरीबों को मामूली सुविधाओं के लिए के प्रखंड का चक्कर लगाते लगाते कई जोड़े चप्पल घिस जाते हैं। अधिकारी बिचोलिये मालामाल हैं, आम जनता बेहाल है। जिला सचिव जगमोहन महतो ने कहा कि सुखाड़ की घोषणा के बावजूद अब तक गरीबों को राहत राशि का भुगतान नहीं मिला है। मनरेगा बिचौलियों के लूट का चारागाह बन गया है। राशन की दुकानों से गेहूं गायब हो गया है। मंहगाई रोको नहीं तो सरकार की विदाई होगी।

एक 12 सूत्री मांगपत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा गया, जिसमें सुखाड़ राहत की राशि किसान परिवारों को भूगतान करने, पीडीएस की दुकान से गेहूं की आपूर्ति बहल करने, मनरेगा को सख्ती से लागू कर 200 दिन रोजगार और 500 रुपये मजदूरी की गारंटी करने समेत अन्य मांगें शामिल हैं। माले कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के पूर्व आम बगान से रैली निकाल कर चान्हो प्रखंड कार्यालय पहुंचकर वहां प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में चोरिया, तरंगा, चामा, टांगर समेत कई पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया। मौके पर आबिद अंसारी, बासुदेव भगत, जीतू किसपोटा, इदरीस अंसारी, अलमा खलखो, मदन मुंडा, संतोष रविदास, फ्रांसिस एक्का, संजू सिंह, अजय महली, सुषमा लकड़ा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम निवासी पूनम मिश्रा ने पावर लिफ्टिंग में किया उम्दा प्रदर्शन किया




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय चैंपियनशिप का विधिवत समापन किया गया। इस दौरान सभी विजेताओं को एसोसिएशन की तरफ से ट्राफी, मेडल और सैटिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में नामकुम निवासी पूनम मिश्रा 64 केजी वर्ग में उम्दा प्रदर्शन करते हुये तीन मेडल जिसमें दो गोल्ड और एक रजत पदक प्राप्त किया। गौरतलब है कि पूनम मिश्रा का यह पहला प्रतियोगिता था। आजाद सिपाही से बात करते हुये फिटनेस फर्स्ट जिम नामकुम के ऑनर सुनील मुंडा ने पूनम मिश्रा को बधाई देते हुये बताया कि पूनम काफी मेहनती और फुतीर्ली है। बताया कि इससे पूर्व भी फिटनेस फर्स्ट जिम के युवाओं ने अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अच्छा प्रदर्शन कर नामकुम क्षेत्र सहित जिम का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर चैम्बर उपाध्यक्ष अमित शर्मा, हजारीबाग पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण जैन, सचिव अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय पोद्दार, सह-सचिव सुजाता भगत, सदस्य अयोध्या अकेला आदि उपस्थित थे।

### जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा ने मनरेगा सिंचाई योजना का शिलान्यास और पीएम आवास का किया उद्घाटन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कुटियातु पंचायत के पिंडारकोम में मनरेगा सिंचाई कूप योजना का शिलान्यास तथा तेतरी ग्राम में जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्मित आवास योजना का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया और लाभुकों को गृह प्रवेश कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बन रहा है लेकिन जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिले यह भी ध्यान में रखा जाना चाहिये। जनता की सुख सुविधा के लिये सरकार और पदाधिकारी काम करते है। जनता की सुख सुविधा एवं खुशहाली के लिये जनता ने हमें चुना है। इसलिए जनता के लिये लगातार विकास का काम करने का प्रयास करूंगा। मौके पर जिप सदस्य रामावतार केरकेट्टा, मुखिया निशा उरांव, पंसस रोजलीन तिर्की, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, पंचायत जेई बिजेन्द्र उराँव के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे`

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में काव्य गोष्ठी का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में गुरुवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन कवि डॉ० संजय अध्यक्ष हिन्दी विभाग ने किया। काव्य गोष्ठी में मुख्या रूप से प्रो० डॉ० एसपी यादव, डॉ० संजय कुमार, डॉ. कमल कांत पात्रा, डॉ ब्रजेश कुमार, प्रो० रूद्रनाथ निरंची आदि कवियों ने अपने मनमोहक काव्य-पाठ से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. चंद्रजीत कुमार, डायरेक्टर आएक्यूएसी डॉ. कमल कांत पात्रा, डीन रिसर्च डॉ ब्रजेश कुमार, डायरेक्टर इन्क्यूबेशन डॉ. ए सुमति, डीन आट्र्स एवं हुमानिटीज डॉ. मनोज कुमार, डीन एजुकेशन डॉ. तबस्सुम खातून, डीएसडब्ल्यू डॉ अर्पणा शर्मा, डीन पैरामेडिकल डॉ. पी.कुमार, इंचार्ज डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डॉ. अंजनी कुमार सिंह, एचआर डायरेक्टर अरविन्द यादव, विश्वविद्यालय के शिक्षासहकर्मी एवं विद्यार्थी मुख्य रुप से उपस्थित थे '

### बेड़ो सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चनगनी दरहा मर्चा के समीप बेड़ो-मांडर मार्ग पर गुरुवार की शाम लगभग साढ़े छह हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरे को गंभीरावस्था में रिम्स भेज दिया गया। घटना के बाद जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने ऑटो से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बेड़ो पहुचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चनगनी बेड़ो निवासी 40 वर्षीय चारो खलखो पिता तिला खलखो को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुरियो बेड़ो निवासी 42 वर्षीय जगना उरांव पिता स्व. एतवा उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जहां चनगनी गांव के समाजसेवी युवक विजय खलखो ने बताया कि चारो खलखो टांगर बसली मांडर से अपने घर आ रहा था। वहीं जगना उरांव बिजुपाड़ा से अपना घर पुरियो वापस आ रहा था, तभी दरहा मर्चा के समीप चारो खलखो की बाइक में तेल नहीं रहने पर धकेलते हुए चनगनी आ रहा था इसी बीच जगना उरांव ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे वे दोनों सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति ने पर्यटन मित्रों के बीच विंड चीटर जैकेट का किया वितरण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को हुंडरू जलप्रपात में एक कार्यक्रम आयोजित कर हुण्डरू जल जलप्रपात से पन्द्रह एवं सीता जलप्रपात से छह कुल 21 पर्यटक मित्रों के बीच विंड चिटर जैकेट का वितरण किया गया। वितरण झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद व संरक्षक बालेश्वर बेदिया ने किया। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पर्यटक मित्रों को ठंड के समय ड्यूटी करने में काफी दिक्कत होती है, ठंड को ध्यान में रखते हुए विंड चिटर जैकेट वितरण किया। झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति की ओर से जोन्हा, दशम, पंचघाघ एवं हिरणी आदि जलप्रपात पर्यटन स्थल के कार्यरत सभी पर्यटक मित्रों को भी जैकेट वितरण किया जाएगा। मौके पर बालेश्वर बेदिया, सोहन बेक, हरिचरण बेदिया, राजेश महतो, विष्णु कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, चंद्र उदय बेदिया, मनोज बेदिया, लछमन महतो, जीतवाहन भोगता, कोशिला देवी, लालो देवी, बुधराम बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, महेश्वर बेदिया आदि उपस्थित थे।

# झारखंड लूट का अड्डा बन गया : अन्नपूर्णा

## भाजपा ने निकाली जनाक्रोश रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के जनविरोधी नीतियों और भ्ष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने गुरुवार को मेदिनीनगर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पलामू में इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं झारखंड राज्य एससी मोर्चा के अध्यक्ष शिव शंकर उरांव के साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक की अध्यक्षता में जन आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान से होते हुए छह मुहान चौक की ओर आगे बढ़ा। जिसका संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। यह जन आक्रोश रैली मेदिनीनगर समाहरणालय के समक्ष एक जनसभा में तब्दील हो गई। हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ के जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए धरना प्रदर्शन को सफल बनाया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अबुआ राज के बबुआ मुख्यमंत्री ने पूरे राज्य को लूट का का अड्डा बना दिया। बालू, गिट्टी, कोयला सब कुछ भ्रष्टाचार का केंद्र बना हुआ है। अन्ननपूर्णा देवी ने कहा कि इस राज्य के दिशोम गुरु कहे जाने वाले शिबू सोरेन ने 1990 के दशक में इस राज्य को कांग्रेस के हाथों बेच दिया था। अर्थात एक बेचने वाला और दूसरा खरीदने वाला और एक तीसरा दल राष्ट्रीय जनता दल जिसने कहा था कि झारखंड हमारे लाश पर ही बन पायेगा। फिर भी केंद्र में भाजपाा की सरकार जैसे ही बनी बिहार से झारखंड को अलग करने का कार्य भाजपा ने किया। अतः हम भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का यह कर्तव्य बनता है कि इस राज्य को लूट का का अड्डा नहीं बनने देंगे उसके लिए जितने भी आंदोलन होंगे वह करने से हम बाज नहीं आयेंगे। छोटे राज्यों का निर्माण का उद्देश्य यह था कि सभी सुखी संपन्न हो, सभी को रोजगार मिले लेकिन इस राज्य सरकार ने प्रत्येक वर्ष पांच लाख लोगों को नौकरी देने का जो वादा किया था और जब तक नौकरी ना मिले तब तक बेरोजगारी भत्ता देने का भी वादा किया था उस वादे का क्या हुआ? लेकिन यह वादाखिलाफी की सरकार केवल और केवल झूठे वादे करके जनता को लॉलीपॉप दिखा करके अपना उल्लू सीधा करने का काम किया। इस सरकार का कोई नैतिक अधिकार नहीं बनता है कि वह सत्ता में बनी रहे। वही एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि यह सरकार ऐसी निकम्मी सरकार है कि कब किसकी हत्या हो जाये, लूट हो जाये,मारपीट हो जाये,पता नहीं। इसका जिम्मेदार कौन होगा यह भी देखने वाला कोई नहीं है? बड़े से बड़े अधिकारी तक दबी जुबान से कहते हैं कि क्या किया जाए सिस्टम ही ऐसा है? इसका स्पष्ट संकेत है कि यह सरकार लूट की सरकार है। इस सरकार को सत्ता में बने रहने का पल भर भी अधिकार नहीं है। भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री का पलामू की पवित्र धरती पर आगमन हुआ है जो अपने आप हमें हम सभी का उत्साहवर्धन करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि यह बलात्कारियों की सरकार है। उसका पोषण करने वाली सरकार है। यहां पुलिस में दरोगा पद पर आसीन बेटी के साथ भी हत्या हो जाती है, इससे स्पष्ट है कि कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। इस निकम्मी सरकार को राज्य की सत्ता पर बने रहने का पल भर भी अधिकार नहीं है। वहीं पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आज दलितों और आदिवासियों के साथ अत्याचार हो रहा है और इस अत्याचार में ब्लॉक स्तर के अधिकारी से लेकर के जिला स्तर के अधिकारी भी लगे हुए हैं। जब से यह सरकार बनी है तब से उग्रवादियों का राज कायम हो गया है। कोई भी व्यक्ति सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

इस मौके पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी, पलामू भाजपा प्रभारी विनय जयसवाल, महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह,परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पांडे, पूर्व सांसद मनोज कुमार, उदय शुक्ला, लवली गुप्ता, नरेंद्र पांडे,दुर्गा जोहरी, धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, मुन्ना चंद्रवंशी, रामचंद्र यादव,श्यामा द्विवेदी,रेनू देवी, सुजाता सिंह,जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, नवेंदु मिश्र, सोमेश सिंह, सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन एवं सभा समाप्ति की घोषणा महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

# संवैधानिक मूल्यों की रक्षा सबका कर्तव्यः सांसद

## ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात हैः कुलपति



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा मेदिनीनगर शहर के गांधी स्मृति टॉउन हॉल में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. राम लखन सिंह, पीआइबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात सभी अतिथियों ने संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका, पलामू के स्वतंत्रता सेनानी, आजादी का अमृत महोत्सव एवं आठ साल-सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण से संबंधित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का पाठ भी किया गया। संबोधित करते हुए सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिये देश के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जा रहा है। आज संविधान को याद करने का दिन है। हम सभी को संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। सांसद महोदय ने चित्र प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि संसद भवन में आयोजित चित्र प्रदर्शनी से किसी मायने में यह प्रदर्शनी कम नहीं हैं। इस प्रदर्शनी में नीलांबर-पीतांबर से लेकर देश के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को शामिल किया गया जाना काफी हर्ष का विषय है। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रामलखन सिंह ने कहा कि अमृत महोत्सव के जरिये जन-जन तक स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा पहुंच रही है। इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन पलामू ही बल्कि पूरे प्रमंडल के लिए गौरव की बात है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पूर्वी जोन के महानिदेशक भूपेंद्र कैंथोला ने कहा कि मंत्रालय के द्वारा देश भर में इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन वर्ष 2023 तक किया जा रहा है। इस तरह की प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को भारत सरकार की योजनाओं एवं राष्ट्रीय महत्व की चीजों की जानकारी दी जाती है। पीआइबी-सीबीसी के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्र ने कहा कि लोग पूरे परिवार के साथ इस तरह की प्रदर्शनी को देखने आयें। यहां लगायी गई प्रदर्शनी काफी शिक्षाप्रद है। मेदिनीनगर नगर निगम के उप महापौर राकेश कुमार सिंह ऊर्फ मंगल सिंह ने भी प्रदर्शनी की सराहना करते हुए आम लोगों से इसे देखने की अपील की। आकाशवाणी, डालटनगंज की कार्यालय प्रमुख क्लाउडिया सोरेंग ने भी दूरदर्शन के एप की जानकारी दी। कार्यक्रम को गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रचार्य नीरज कुमार द्विवेदी ने संबोधित किया। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, डालटनगंज गौरव कुमार पुष्कर ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया एवं संबोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोशिका शालिनी श्रीवास्तव ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, तकनीकी सहायक अंजनी कुमार मिश्रा, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक, सर्वश्री शाहिद अख्तर, राकेश यादव, ब्रह्मदेव यादव,अनूप राकेश खलखो, नवीन पांडेय, शशिकांत, नरेश सिंह, जितेंद्र मेहता,रामजन्म पाल, सतीश कुमार, विवेकानंद, सचिन,राजेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, शिवजी प्रसाद, आकांक्षा कुमारी, स्मृति कुमारी, हेमलिन कांत, रख्शॉ रमीजा, प्रीति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। चित्र प्रदर्शनी के दौरान संविधान सभा के सदस्य रहे स्व. यदुवंश सहाय के पुत्र वृजनंदन सहाय उर्फ मोहन बाबू को सांसद एवं पूर्वी जोन के महानिदेशक के द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस के मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने एवं संविधान के मूल्यों को समझाने के लिए गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रातः 10.30 बजे से विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। इसके लिए विद्यार्थियों के बीच टोपी एवं टी-शर्ट का वितरण किया गया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

चित्र प्रदर्शनी के पूर्व युवाओं और छात्रों को आजादी का अमृत महोत्सव एवं संविधान दिवस का महत्व समझाने के लिए क्विज, रंगोली, पेंटिंग्स, भाषण एवं निबंध प्रतियोगाताओं का आयोजन गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं बीच किया गया था। इनके विजेताओं को सभी गणमान्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### स्टॉल के जरिये लें सरकारी योजनाओं की जानकारी

गांधी स्मृति टॉउन हॉल में आयोजित प्रदर्शनी स्थल के बाहर जेएसएलपीएस, पलामू, भारतीय डाक विभाग पलामू एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का स्टॉल लगाया गया है। इन स्टॉल्स के जरिए आम लोग उत्पाद खरीद सकते हैं एवं सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं।

# डा. अब्दुल हमीद चौक की सड़क और प्रो. नादिम बल्खी मार्ग को स्वीकृत कराऊंगीः अरुणा शंकर

## सदर अस्पताल और पुलिस स्टेडियम का नाम डॉ. अब्दुल हमीद के नाम पर हो : अशफाक



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अपने पूर्वजों के नाम पर चौक एवं मार्ग का नामकरण कराकर खुद को धन्य मानूंगी। डां अब्दुल हमीद और प्रो. नादिम बल्खी का डालटनगंज शहर पर बहुत बड़ा एहसान है। उन्होंने पूरे जिले को हिन्दू- मुस्लिम एकता में बाँधे रखा। इनके नाम पर चौक एवं मार्ग का नामकरण ही इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त बाते मेयर अरुणा शंकर ने तंजीमुल अंसार कमेटी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मेरा भरपूर प्रयास रहेगा कि तंजीम के हर मांगों को पूरा करा सकूं। हमारा संबंध आप सभी से भाई-बहन की तरह है। मैं आपकी हर समस्या के साथ सदैव तत्पर रहूंगी। विदित हो कि कार्यक्रम के प्रारम्भ में महापौर को तंजीम ने शॉल व बुके से सम्मानित किया। तंजीम के सदर अशफाक अहमद ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि सदर अस्पताल एवं पुलिस स्टेडियम का नाम डां अब्दुल हमीद के नाम पर हो एवं कन्नी राम मध्य विद्यालय के समीप चौक को डां अब्दुल हमीद चौक एवं इस चौक से ट्रेनिंग स्कूल होते हुए कर्बला तक डां अब्दुल हमीद मार्ग नामकरण किया जाये। साथ ही साहित्यकार प्रो. नादिम बल्खी के स्मरण में बदरूदोजा के घर से हमीदिया उर्दू स्कूल होते हुए स्व. हाजी शब्बीर के घर तक साहित्यकार प्रो. नादिम बल्खी मार्ग नामकरण किया जाये। सदर अशफाक ने कहा की मेदिनीनगर पुलिस स्टेडियम पलामू का लाल किला है। तंजीम के सरपरस्त ज्याउद्दीन अंसारी ने सभा में पांच सूत्री मांगों को पढ़कर सुनाया एवं महापौर को सौंपा। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद हैं कि महापौर तंजीम को पूरा सहयोग करेंगी। कार्यक्रम का संचालन एवं विषय प्रवेश तंजीम के सचिव नसीम अहमद ने किया। सभा को हाजी मोबिन अली, हाजी इबरार अहमद असदकी, शायर एवं प्रो. डां मकबूल मंजर, शायर एमजे अजहर, मुस्तफा बल्खी, खजांची मो. सेराज अंसारी, मुमताज अहमद, आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन मो. यासीन द्वारा किया गया। मौके पर तंजीम के उपाध्यक्ष हाजी महबूब नुरी, कलाम आजाद, रवायत हुसैन, अधिवक्ता हुसैन वारिस, मो. फैजुल नबी उर्फ रजा, मन्जूर अली, फय्याज अहमद, जैनुल आबेदीन, सदरुल हसन खां, ई. शमसुद्दीन, जलाल अंसारी, ऐजाज अली, शायर अशफाक अहमद, हुनैन अंसारी, नौशाद अहमद खां, हसन इमाम, मनव्वर हुसैन, अब्दुल वहाब, मो. नफीस, मेयर प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फिरोजुद्दीन अंसारी, समीर ज्या, जुनैद अख्तर, मो.जावेद उर्फ सोनू, अनवर हुसैन, अतीकुर्रहमान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# श्राद्ध में पौधरोपण से प्रकृति और पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के सबसे अधिक सुदूरवर्ती हुलसम पंचायत के तारू दाग बाघमनवा निवासी विलास यादव की मौत चेन्नई में एक दुर्घटना में हो गयी थी। उनके श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता– पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेख है। श्राद्ध में स्वर्गीय विलास यादव के पुत्र अंकेश यादव,राकेश यादव, अखिलेश यादव, मुखदेव यादव, विष्णु देव यादव,सुभाष गुप्ता,अरुण पाठक, जुबेर अंसारी,जयराम सिंह, हरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह,कैलाश भुइया उपस्थित थे।

# पता नहीं आजकल त्रिपाठी जी को क्या हो गया है : महापौर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को एक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान चौधराना बाजार के किराए के संबंध में पूछे जाने पर कहीं कि पता नहीं आजकल त्रिपाठी जी को क्या हो गया है। जिस पत्र को दिखाकर वह प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं, डुगडुगी बजवा के बाजार में सबको बता रहे किराया कम हो गया भाई किराया कम हो गया माला पहनाओ जब व्यवसायियों को यह पता चलेगा कि उसी पत्र के अंतिम पारा में लिखा है किराया अभी नहीं अगले चुने हुए बोर्ड से यथोचित निर्णय लिया जायेगा तब व्यवसायियों को वे क्या जवाब देंगे। पता नहीं इनको आजकल क्या हो गया है। महापौर ने कहा कि ऐसे ही एक बार पहले जब कैबिनेट मिनिस्टर थे तो खासमहाल का कैंप बिना पूरी जानकारी लिए वाहवाही लूटने के उद्देश्य से जल्दबाजी में कैंप लगवा बैठे थे और जब शहर वाले कैंप में नहीं पहुंचे तो उन्हें समझ आया की कहीं कुछ गड़बड़ हो गया और धीरे से निकल पड़े। महापौर अरुणा शंकर ने चौधराना किराये के संबंध में स्पष्ट किया कि जो सरकार ने किराया निगम चुनाव उपरांत निर्वाचित बोर्ड से 4 रुपया निर्धारित करने की बात पत्र में लिखी है। उसे मैं आगामी बोर्ड में ही प्रस्ताव लाकर सरकार को पत्र दूंगी कि अभी से किराया कम करने की अनुमति नगर विकास मुझे दें ताकि किराया अभी से लागू हो बाद में क्यों?। वही किराया कम करने के साथ हर 5 वर्षों के उपरांत मात्र 10 प्रतिशत किराया वृद्धि का भी प्रस्ताव बोर्ड से पारित कराया जायेगा ताकि बीच में कोई हमारे व्यवसाय भाइयों को आगे अनाप-शनाप किराया बढ़ाकर तंग ना कर सके। महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि जो किराया 6 रुपया के दर से व्यवसायियों से लिया गया है मैं प्रयास करूंगी उनका किराया 4 रुपया के दर से हिसाब करते हुए शेष राशि आगे एडजस्ट किया जाये क्योंकि व्यवसायियों ने अंडर प्रोटेस्ट वह किराया दिया था। महापौर से त्रिपाठी जी के अचानक इतनी व्याकुलता पर सवाल पूछे जाने पर कहीं आजकल पता नहीं उन्हें क्या हो गया है अजीब अजीब बातें बोल रहे कल एक इंटरव्यू में कह रहे थे महिलायें घर में रहती हैं बाहर का क्या पता तो शायद वह भूल गए हैं उनके दल के नेतृत्वकर्ता भी एक महिला है। नेता जी पता नहीं आजकल क्या क्या कह रहे है। ऐसी स्थिति में मैं उनकी बातों को बुरा नहीं मानती औरों किसी को भी नहीं मानना चाहिए। अब देखिये ना कभी सीधे नेता जी राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ जा रहे तो कभी सीधे राष्ट्रीय स्तर से एका एक लूडो के सांप सीढ़ी की तरह नीचे आकर निकाय चुनाव लड़ने लगते है पता नहीं उनको क्या हो गया है। मैं किराया कम कराने के लिए विशेष बधाई झारखंड चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री जी को जिनके प्रयास से सरकार ने बिना नक्शा के बने 3 तल्ले तक का मकान वैध कराने हेतु नोटिफिकेशन किया और होल्डिंग टैक्स तथा खासमहाल को सरलीकरण कराने पर कार्य चल रहा है। साथ ही जेएमएम जिला अध्यक्ष गुड्डू जी तथा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक जी को भी बधाई देती हूं जिन लोगों ने व्यवसायिक हित में दलगत भावना से ऊपर उठकर निगम एवं चेंबर की बातों को सरकार तक पहुंचायी।

## स्पोर्ट्स



हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन दर्शकों को दो रोमांचक मैच देखने को मिला। पहला मैच खड़गड़ा बनाम पतरिया के बीच खेला गया।

# कर्नल कप फुटबॉल का पहला मैच ड्रा, दूसरे मैच में कुकही ने जमुआ को हराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन दर्शकों को दो रोमांचक मैच देखने को मिला। पहला मैच खड़गड़ा बनाम पतरिया के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रहा तथा दूसरा मैच जमुआ बनाम कुकही के बीच खेला गया। जिसमें कुकही की टीम 1 गोल जीत दर्ज किया। आज के मैच के मुख्य अतिथि कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के पिता और सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का कोशिश करें

उन्होंने बताया कि खेल को खेल भावना से खेलें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का कोशिश करें। कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा क्लब इस टूर्नामेंट के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों को इंगित कर रहा है। खेल के माध्यम से मानवता, एकता और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। मैच के दौरान क्लब के महासचिव मनोज शर्मा, निर्णायक नेहाल मिर्जा, सगीर अहमद एसएम अकरम, विनय कुमार सिंह, गोविंद कुमार नीरज कुमार सिंह, विशाल कुमार सिंह एवं हजारों दर्शक गण मौजूद थे। कल का मैच हैदरनगर बनाम रपुरा तथा देवरी कलां बनाम सरहु के बीच खेला जायेगा।

# कैथोलिक आश्रम में खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलननगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम में खेलो झारखंड-2022 प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष रीता देवी, प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पांडेय ने दीप प्रज्लवलित कर किया। प्रतियोगिता के एथेलेटिक्स में 100, 200, 400, 600, 800, 1500 एवं 3000 मीटर दौड़, 400 व 1600 मीटर रिले दौड़, लंबी कूद, उंची कूद, जैवलिंग थ्रो, चक्का फेक, गोला फेक व कराटे प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके साथ कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबाल, कुश्ती एवं तिरंदाजी प्रतियोगिता भी हुए। प्रतियोगिता में छह से आठ और 9 से 12 आयु वर्ग के बालक-बालिका दोनो वर्ग में दर्जनों खिलाड़ियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मो. कमरूद्दीन, चंद्रिका चैधरी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मो. अरफान कौसर, अरशद अली, निखिल कुमार सहित विद्यालय परिवार को विशेष योगदान रहा।

## उद्भेदन : भेलाटांड़ में युवक की हत्या, 12 घंटे के अंदर मामले का खुलासा

# बहन से प्रेम विवाह करने से नाराज साले ने ही की जीजा की हत्या, हुआ गिरफ्तार

**आरोपित की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल खून से सना बांस भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत भेलाटांड़ में बुधवार की रात 28 वर्षीय विजय ठाकुर नामक युवक की हत्या कर दी गई। हालांकि बरवाअड्डा पुलिस ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए 12 घंटे के अंदर मामले का खुलासा करते हुए वारदात को अंजाम देने वाले मृतक के साले को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान अभिषेक महतो के रूप में हुई है। यही नहीं, आरोपित साले की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना बांस भी बरामद कर लिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद अभिषेक घर छोड़कर फरार था। उसका मोबाइल


मौके पर मौजूद पुलिस व लोग।

रात से स्विच ऑफ था। पुलिस को पूरा शक था कि हत्या में उसी का हाथ है। इस लिए पुलिस रात से ही उसे ढूंढ़ रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना पर पुलिस ने अभिषेक को पकड़ा तो पूरा मामला स्पष्ट हो गया।

**बहन के प्रेम विवाह करने से था नाराज:** बतातें चलें कि अभिषेक की बहन भारती से पांच माह पहले ही विजय ठाकुर ने परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर प्रेम विवाह कर लिया था। दोनों की शादी से अभिषेक और उसके घरवाले काफी नाराज थे। यह मामला केस मुकदमा तक पहुंच गया था। हालांकि अभी पुलिस अभिषेक की गिरफ्तारी का खुलासा नहीं कर रही है। इधर, मृतक विजय ठाकुर के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

विजय ठाकुर के पिता गिरिडीह के बेंगाबाद चपुआडीह निवासी रामचंद्र ठाकुर ने भी इस मामले में विजय के ससुरालवालों पर शक जाहिर किया था। विजय अपनी प्रेमिका भारती से शादी करने के बाद घरवालों की नाराजगी से बचने के लिए धनबाद में प्रभातम मॉल के पास किराये का मकान लेकर रह रहा था। विजय सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था और उसकी पत्नी प्रभातम मॉल के ही एक स्टोर में काम करती है।

### रात में मिला था खून से लथपथ शव

बुधवार की रात बरवाअड्डा पुलिस ने विजय का खून से लथपथ शव भेलाटांड़ सरकारी स्कूल के पास से बरामद किया था। मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही थी। भारती के चार चाचा को भी पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। विजय के सिर पर जोरदार हमला किया गया था, जिससे उसके सिर से काफी खून बह गया और उसने दम तोड़ दिया। स्थानीय कुछ लोगों ने खून से लथपथ शव को देख बरवाअड्डा पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद डीएसपी अमर कुमार पांडेय और थानेदार सुमन कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रिजनल अस्पताल कॉलोनी ढोरी में विवाह मंडप का हुआ शिलान्यास



करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 16 रीजनल कॉलोनी ढोरी में विवाह मंडप कार्य का शिलान्यास बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया तथा वार्ड पार्षद रश्मि सिंह ने संयुक्त रूप से किया। यह विवाह मंडप शौचालय युक्त निर्मित किया जाएगा। पंडित ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन करवाया। उसके उपरांत शिलान्यास कार्य किया गया। विधायक ने कहा कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र में विकास के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उसी के तहत आज एक कदम आगे बढ़ाते हुए यह कार्य किया गया है। कहा कि कांग्रेस की नीति आदिवासी, दलित और गरीब वर्गों के उत्थान करने की है। विधानसभा क्षेत्र में सड़क व पुलिया सहित सभी कार्य को पूरे करने का दृढ़संकल्प है। समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश सरकार ने सूबे को विकास की राह पर अग्रसर किया। यह निरंतर जारी रहेगा। सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र का कोई गांव अछूता नहीं रहेगा। मौके पर आबिद हुसैन, अजय झा, हरेंद्र सिंह, मुरारी सिंह, चूल्हन सिंह, राजीव महतो आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डेकोरेटर संचालक ने पड़ोसियों पर लगाया मारपीट कर घायल कर देने का आरोप

झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया ऊपर कुल्ही निवासी सह डेकोरेटर संचालक रंजित कुमार ने गुरुवार को झरिया पुलिस से शिकायत करते हुए कुंदन कुमार, परवेज कुरैशी, गुल्लू शेख और सोहेब कुरैशी पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। घायल रंजित ने पुलिस को बताया कि दोपहर में वह धोबी कुल्ही स्थित अपने डेकोरेटर गोदाम में कार्य कर रहा था। तभी कुछ लोग दरवाजा पीटने लगे। दरवाजा खोलने पर गाली गलौज और मारपीट करने लगे। बीच बचाव को आई मेरी भाभी के साथ भी बुरा सलूक और छेड़खानी की गई। हो हल्ला होने के बाद लोगों के जुटने पर मुझे घायल कर भाग निकले। जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की पिटाई से उसका सर फट गया और हाथ भी टूट गए हैं। वहीं मारपीट की घटना के पीछे रंजित द्वारा उक्त स्थान पर गोदाम खोलना बताया गया। सूत्रों के अनुसार पूर्व में उक्त गोदाम के पास नशेड़ियों का अड्डा होता था, जो अब गोदाम खुलने से बंद हो गया। मामले को लेकर झरिया पुलिस जांच में जुटी है, लिखित शिकायत के आलोक में मारपीट के आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## झारखंड सरकार खेल को नहीं दे रही महत्व, प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं : ढुल्लू महतो




महुदा (आजाद सिपाही)। महुदा महाविद्यालय में गुरुवार को रन फॉर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उन चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के याद में दौड़ लगाई गई, जो कोरोनाकाल में मरीजों का ईलाज करते हुए खुद संक्रमित होकर अपनी जान गवां चुके हैं। कार्यक्रम के जरिये उन सभी को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महुदा कॉलेज मैदान से हुई और रेलवे मैदान में समाप्त हुई।बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और शेखर सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद कॉलेज छात्रों ने एक साथ दौड़ लगाई और एकता का संदेश दिया। इस दौरान महाविद्यालय के सचिव दिपनारायण शर्मा और प्राचार्य श्यामलाल महतो ने विधायक को पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भरत महतो, सिकंदर रवानी, गोकुल कुम्भकार, जियाउद्दीन, निमाय चंद्रा, उत्तम कुमार, आदित्य कुमार, दिवाकर कुमार, राजकुमार महतो, राजकुमार प्रसाद, खालदा मझार, प्रफुल कुम्भकार, उपेंद्र कुम्भकार, चंदन तिवारी आदि थे। वहीं, बाघमारा विधायक ने कॉलेज प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये एक अच्छी पहल है। लगे हाथ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सरकार खेल को महत्व नहीं दे रही है। जबकि प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर इन प्रतिभाओं को अवसर दिया जाए तो झारखंड प्रदेश का नाम हर खेल में पूरे विश्व में होगा। वहीं, कॉलेज सचिव दीपनारायण शर्मा ने कहा कि चिकित्सक मरीज की जान बचाने के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा देता है। कोरोना काल में ऐसे तमाम उदाहरण पूरे देश ने देखे हैं। 'रन फॉर लाइफ' के जरिये हम लोगो को एक संदेश देना चाहते हैं कि रोजाना रनिंग से हमारा शरीर शारीरिक-मानसिक रूप से स्वास्थ्य रहता है।

## हाइवा की चपेट में आकर खलासी की मौत, नाराज परिजनों ने साइडिंग में शव रखकर मांगा मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भगतडीह।** बीसीसीएल बोर्रागढ़ साइडिंग में बुधवार की देर रात ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे हाइवा की चपेट में आकर उसके ही खलासी की मौत हो गई। मृतक की पहचान रेहान खान (23) के रूप में हुई है। वहीं, इस घटना की सूचना से साइडिंग में काम कर रहे कर्मियों मे हड़कंप मच गया। मृतक के स्वजन अस्पताल से रेहान का शव लेकर बोर्रागढ़ साइडिंग पहुंचे। शव को साइडिंग में रखकर मुआवजा और नियोजन की मांग की। आंदोलन की वजह से साइडिंग का कार्य ठप रहा। बाद में जमसं बच्चा गुट, मासस नेता और बीसीसीएल प्रबंधक के साथ मृतक के स्वजनो की वार्ता हुई। वार्ता में बच्चा गुट के केडी पांडे, गुड्डु सिंह, सुग्रीव सिंह और मासस नेता रूस्तम अंसारी, कुइयां कोलियरी प्रबंधक संजीव कश्यप और मृतक के स्वजन का नेतृत्व बलियापुर के मुखिया अनवर खान कर रहे थे। जिसमें मृतक के आश्रीत को 6.5 लाख रुपये मुआवजा दिलाने पर सहमति बनी। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इसके बाद मृतक रेहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। इधर पुलिस ने हाइवा को जब्त करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।



### घर का इकलौता चिराग था रेहान, पसरा मातम

जानकारी के मुताबिक रेहान हाइवा में खलासी का काम करता था। बुधवार की देर रात बोर्रागढ़ साइडिंग में कोयला गिराकर वापस कुइयां कोलियरी जा रहा था। तभी गोरखपुरिया कैंप के पास हाइवा में तकनीकी खराबी आ गई। रेहान उतरकर चक्का में ओट लगा रहा था। तभी हाइवा पीछे से ढुल गया और रेहान उसके चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह बलियापुर का रहनेवाला था। उधर, घटना की सूचना पाकर सीआइएसएफ, झरिया इंस्पेक्टर पीके झा और बोरागढ़ ओपी प्रभारी सौरभ चौबे दल बल के साथ साइडिंग पहुंचे। हाइवा अरूण सिंह नामक व्यक्ति का बताया जाता है। लोगों की मानें तो रेहान अपने घर का एकलौता चिराग था। उसके पिता मो नसीम खान की मौत तीन साल पूर्व हो चुकी है। तब से वह अपनी विधवा मां शाहिदा खातून,बहन सादिया और रेशमा प्रवीण को काम कर जीविका चला रहा था।

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

राजगंज (आजाद सिपाही)। राजगंज थाना क्षेत्र के जीटी रोड के धावाचिता ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गश्त कर रहे एएसआई सीताराम प्रसाद मौके पर पहुंचे व एम्बुलेंस बुलाकर मृतक को धनबाद एसनीएमएमएच भेज दिया। बताया जा रहा कि बाइक सवार बरवाअड्डा से तोपचांची की तरफ जा रहा था तभी धावाचिता ओवरब्रिज के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वह सफेद रंग की शर्ट व ब्लू रंग का स्वेटर व भूरा रंग का पेंट पहना हुआ था। उसकी उम्र 45 वर्ष बतायी जा रही है।

## डीसी व एसपी ने लुगूबुरु घंटाबारी धोरोमगढ़ पहाड़ का किया निरीक्षण

# पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर करना होगा काम: डीसी

**डीडीसी कीर्तीश्री, जिले के वरीय पदाधिकारी व अधिकारी आदि भी चढ़े पहाड़ पर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ पहाड़ पर पर्यटन को बढ़ावा देने एवं यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत को लेकर जिला प्रशासन कई योजनाओं को शुरू करने पर काम कर रहा है।

लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ पहाड़ पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रॉकवे डेवलपमेंट, वॉक शेड निर्माण, विभिन्न सात घाटों का जीर्णोद्धार, पेयजलापूर्ति को लेकर वाटर टैंक निर्माण, सोलर लाइट का अधिष्ठापन, डॉक्टर रूम का निर्माण, मंदिर का जीर्णोद्धार, कंट्रोल रूम का निर्माण, गेस्ट रूम का निर्माण, चाहरदिवारी, व्यू प्वाइंट/सेल्फी प्वाइंट आदि का निर्माण को लेकर निर्णय लिया गया है। डीसी कुलदीप चौधरी ने संबंधित तकनीकी पदाधिकारियों को इन सभी को लेकर प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद डीसी ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने एवं यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा/सहूलियत को लेकर धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर-पहाड़ के विभिन्न हिस्सों के विकास के लिए रूपरेखा तैयार किया गया। आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर तकनीकी टीम को जरूरी निर्देश दिया। इस मौके पर जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष देश के विभिन्न राज्यों एवं विदेशों से लाखों श्रद्धालुओं का यहां आगमन होता है।

यह स्थल आदिवासियों के लिए सालों भर आस्था का केंद्र रहता है। एसपी चंदन झा, डीडीसी कीर्तीश्री, एससी सदात अनवर, एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एसडीओ बेरमो अनंत कुमार, एसडीपीओ सतीश चंद्र झा समेत जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारी आदि लुगुबुरू पहाड़ का निरीक्षण किया।


लुगूबुरु घंटाबारी धोरोमगढ़ पहाड़ का निरीक्षण करते डीसी, एसपी व अन्य।

## आज से 29 तक प्रभावित रहेंगी ट्रेनें, बोकारो-महुदा होकर नहीं चलेगी रांची-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा और खड़गपुर में अलग-अलग दिनों में लिए जानेवाले ट्रैफिक ब्लॉक के कारण झारखंड, बंगाल और बिहार की ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। खड़गपुर रेल मंडल के खाटकूड़ा स्टेशन पर ओवरब्रिज के गार्डर चढ़ाने के लिए शुक्रवार को ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। वहीं, आद्रा मंडल में भी विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। इस वजह से टाटा-बरकाकाना, दानापुर-टाटा समेत कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। दूसरी ओर, 29 नवंबर को आद्रा मंडल में अंडरपास निर्माण के लिए ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रांची-हावड़ा इंटरसिटी बोकारो, चंदुपरा और महुदा होकर नहीं चलेगी। इसे खड़गपुर-टाटा रूट से डायवर्ट कर दिया जाएगा। दोनों ओर से ट्रेन टाटा होकर चलेगी। इधर पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के चित्तरंजन और सालानपुर के बीच डाउन लाइन पर गुरुवार से ही ट्रैफिक ब्लॉक शुरू हो गया है। अपराह्न 3.20 से शाम 6.20 तक आठ दिनों के लिए ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा। 24, 25, 27, 28, 29 व 30 नवंबर और एक व दो दिसंबर को ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 03676 झाझा-आसनसोल मेमू पैसेंजर ढाई घंटे लेट से चलेगी। 03582 बांका-जसीडीह पैसेंजर डेढ़ घंटे लेट से चलेगी।

### रद्द की गई ट्रेनें

- 13512 आसनसोल-टाटा एक्सप्रेस 25 नवंबर को रद
- 13311 टटा - आसनसोल एक्सप्रेस 25 नवंबर को रद

### प्रभावित ट्रेनें

- 08151 टाटा-बरकाकाना पैसेंजर 25 नवंबर को दोपहर 3:15के बदले शाम 5:15 पर चलेगी।
- 03549 आसनसोल-पुरुलिया मेमू 25 को आद्रा तक जाएगी
- 03593 पुरुलिया - आसनसोल मेमू 25 को आद्रा से चलेगी

पत्रांक– 816 दिनांक 24.11.2022

**कार्यालय, प्राचार्या, इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग।**

**शारीरिक जाँच परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना।**

इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग में सत्र 2022–023 के लिये छठा वर्ग में नामांकन हेतु झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा संचालित मुख्य प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण छात्राओं की शारीरिक जाँच निम्नांकित तिथियों को उनके क्रमांक के समक्ष अंकित समयानुसार शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, हजारीबाग में होगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अंकित तिथियों को ससमय शारीरिक जाँच हेतु अपनी पुत्री को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, हजारीबाग में निश्चित रूप से उपस्थित कराने का कष्ट करें। सभी छात्रायें अपना मूल प्रवेश पत्र साथ ही बोर्ड के समक्ष हाल का खीचा हुआ एक पासपोर्ट साईज का फोटो लेती जायेंगी बिना इसके शारीरिक जाँच नहीं होगी।

| तिथि | प्रवेश परीक्षा क्रमांक | समय |
|---|---|---|
| 05-12-2022 सोमवार | 2031391,2061384,2061385,2131280,2161914,2202171, 2061383,2201956,2061386,2061382,2091934,2201946, 2061388,2141482,2131281,2082108,2061387,2131262, 2031012,2082095 ( 20 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 06-12-2022 मंगलवार | 2131457,2131404,2082099,2082104,2091717,2082112, 2082110,2082113,2082097,2202131,2091939,2161908, 2081784,2212796,2142994,2082106,2111843,2201925, 2161910,2201933 ( 20 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 07-12-2022 बुधवार | 2201965,2061050,2081909,2192945,2091394,2081027, 2133071,2082456,2082929,2081065,2152399,2151697, 2071081,2091613,2152369,2132103,2091331,2132422, 2091329,2153337 (20 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 08-12-2022 गुरूवार | 2042022,2072524,2072677,2221231,2093300,2132186, 2082167,2032313,2132169,2072811,2021100,2082575, 2081755,2151509,2132611,2132179,2152355,2072814, 2221040,2081791 (20 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |
| 09-12-2022 शुक्रवार | 2081747,2032040,2162774,2191137,2152377,2193107, 2132098,2092262,2202128,2203000,2082928,2201136, 2082923,2091744,2092352,2131238,2131033,2093201, 2093298,2161544 (20 छात्राऐं ) | 09.00 A.M |

कार्यालय दूरभाष संख्या 06546296531 पर आवश्यकता पड़ने पर शारीरिक जाँच हेतु जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित तिथि को यदि शारीरिक जाँच में छात्राएं उपस्थित नहीं होती हैं, तो अन्तिम तिथि दिनांक 10.12.2022 को प्रातः 09.00 बजे निश्चित रूप से शारीरिक जाँच करवा लेंगी अन्यथा अलग से शारीरिक जाँच हेतु तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्या,
इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग।

PR 283292 (School Education and Literacy) 22-23 (D)

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा**
**E-Mail ID- dscogarhwa@gmail.com**

**कृषको, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदानित दर पर पम्प सेट एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक वितरण की योजना**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉची, राज्यादेश सं0 41 दिनांक 11.11.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अन्य के लिए अनुदानित दर पर पम्पसेट एवं पाईप तथा छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना की योजना।

पम्पसेट एवं पाईप वितरण की योजना

मनरेगा अंतर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्षो में तालाब जीर्णोद्वार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत् निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य जल श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत् पम्पसेट (1.5–3.0 H.P.तथा 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा 1.0 एच0पी0 सोलर पम्प सेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जायेगा।

| क0 | पम्पसेट के प्रकार | लक्ष्य | 90% अनुदान |
|---|---|---|---|
| 1 | पम्पसेट 1.5–3.0 H.P. एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | 300 | अधिकतम रू0 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) |
| 2 | पम्पसेट 3.5–5.0 H.P.) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) | 40 | अधिकतम रू0 30,000.00 (तिस हजार रूपये मात्र) |
| 3 | 1.0 एच0पी0 सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) | 20 | अधिकतम रू0 90,000.00 (नब्बे हजार रूपये मात्र) |

जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग (निदेशक समेती/भूमि संरक्षण निदेशालय/कृषि निदेशालय/उद्यान निदेशालय) द्वारा सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चूका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नही होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नाम सूचीबद्व करायेगें।

छोटे कृषि उपरकण बैंक की स्थापना

महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स, में कृषक समूह के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 (पॉच लाख) रूपये पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर एवं उनके सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर इत्यादि के वितरण किया जयेगा। मिनी ट्रक्टर पैकेज अथवा पावर टीलर या अन्य कृषि यंत्रो का पैकेज की कुल किमत 6.25 (छः लाख पच्चीस हजार) रूपये से अधिक होने या अनुदान की राशि 5.00 (पॉच) लाख से अधिक होने पर कृषक समूह अपना अतिरिक्त अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। जिसका लक्ष्य गढ़वा जिले के लिए 15 इकाई (पन्द्रह) व्यक्तिगत कृषको के लिए अधिकतम लागत रूपये 2.00 लाख रखे जाने एवं इसका 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 1.60 (एक लाख साठ हजार) रूपये देय होगा। जिसका लक्ष्य 12 (बारह) इकाई लक्ष्य प्राप्त है।

1. झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
2. स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10 से 12 सदस्यों का होना आवश्यक है।
3. छोटे कृषि उपकरण बैंक में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल /लैम्पस–पैक्स या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
4. वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूह के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैद्य लाईसेंस होगा।
5. व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ भूमि होगी।
6. माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
7. कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के द्वारा किसी यंत्रो/पम्पसेट/एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा उन यंत्रो को छोड़कर ही अन्य किसी कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
8. आवेदन पत्र जमा करने हेतु आवश्यक निर्देशः–
(1) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमान्त कृषक/महिला समूह का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(2) आवेदन पत्र पर त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
(3) कृषक/समूह/संस्था द्वारा आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में नियमानुसार सच्ची सूचना अंकित कर संबंधितों की अनुशंसा के पश्चात ही इस कार्यालय में जमा की जा सकेगी।
(4) आवेदक कृषक अंचलाधिकारी से निर्गत भू–धारिता सम्बन्धि प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेगें।
(5) आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(6) अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार्य नही होगा।
(7) पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 21.12.2022 को संध्या 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगें एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के कार्यालय से जॉच के फलस्वरूप दिनांक 25.12.2022 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा।
(8) आवेदन पत्र इस कार्यालय एवं संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण निदेशालय के वेवसाईट-www.jharkjandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पताः– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा संयुक्त कृषि भवन गढ़वा फोन नं0–9431192883

ह0/
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 283309 Agriculture(22-23)D

### पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह की प्रेसवार्ता

# भूपेश बघेल के जेल भेजे जाने के बयान पर कहा कि सीएम झूठ बोलकर सिंपैथी चाहते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव दौरे और बीते 4चार वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा राजनांदगांव के विकास हेतु नहीं किये गए कार्यों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की। डॉ रमन ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बीते 4 सालों से राजनांदगांव के विकास कार्यों को रोक रखा है और अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डांट मुलाकात करते हुए राजनांदगांव पहुंच कर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल राजनांदगांव में बयान दिया था कि उनकी माता को पुलिस थाने में बिठा कर रखा था। जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि कभी भी उनके परिवार को कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही थाने में बुलाया गया, लेकिन ये कहते फिर रहे हैं कि हमें थाने में बुलाकर अपमानित किया गया मुझे लगता है कि उन्हें अपनी राजनीति चमकाने के लिए झूठ बोल कर तथा भावनात्मक बातें करके सहानुभूति बटोरने का कार्य बंद करना चाहिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा तत्कालीन मंत्री की झूठी अश्लील सीडी फैलाने के बाद भी डॉ रमन सिंह द्वारा उन्हें जेल में डालने के बयान पर बात करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा कि भूपेश बघेल ये कह रहे हैं कि डॉ रमन सिंह ने मुझे जेल में डाल दिया, जबकि इसकी जाँच केंद्र की एजेंसी सीबीआइ द्वारा हुई और केस दिल्ली में चल रहा है और ऐसा घिनौना कार्य करने वाले किसी भी आदमी के साथ ये होगा ही इतना बड़ा अपराध सार्वजनिक रूप से कर के कोई उसे छुपा नहीं सकता।

# मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के निवास कार्यालय में मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक हुई। इससे पहले राज्य कैबिनेट की 14 जुलाई को बैठक हुई थी। करीब डेढ़ महीने बाद हो रही कैबिनेट की इस बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए है।

**पृथक-पृथक विभागों के गठन:** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के कल्याण और विकास के लिए पृथक-पृथक विभागों के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। इससे इन वर्गों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक सुव्यवस्थित तरीके से क्रियान्वयन हो सकेगा।

**नियुक्त व्यक्तियों का स्थानांतरण संभाग के बाहर नहीं:** राज्य शासन द्वारा अधिसूचित अनुसूचित क्षेत्रों बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों तथा बिलासपुर संभाग के कोरबा और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का स्थानान्तरण, प्रतिनियुक्ति, संविलियन, संलग्नीकरण जिले और संभाग के बाहर नही किया जाएगा।

**किसानों को 3 लाख तक का अल्प कालीन ऋण बिना ब्याज :** किसानों के सहकारी ऋणों पर ब्याज अनुदान नियम 2021 में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार उद्यानिकी कार्यो, मत्स्य पालन एवं गौपालन के लिए लघु और सीमांत किसानों को 3 लाख रुपये तक का अल्प कालीन ऋण बिना ब्याज के मिलेगा।

**रायपुर में कृषि भवन के निर्माण का निर्णय :** मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिए गए कि राज्य में किसानों के हित में कृषि और उससे संबंधित उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुपालन आदि संबद्ध विभागों की गतिविधियों को एक ही जगह से क्रियान्वित करने के लिए अन्य विभागों की भांति नवा रायपुर में कृषि भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया। कृषि भवन निर्माण के लिए नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर 19 में 3.14 एकड़ भूमि चिन्हांकित की गई है। इसके लिए एक रुपए टोकन में भूमि आबंटित करने का निर्णय लिया गया।

**पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना :** ाज्य में पम्प स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पंप स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2022 का अनुमोदन किया गया।

# पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक ने भुवनेश्वर और तालचेर के बीच विंडो ट्रैलिंग का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक रूप नारायण सुनकर ने गुरुवार भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और भुवनेश्वर से अंगुल होते हुए तालचेर तक विंडो ट्रैलिंग का निरीक्षण किया और विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। अश्विनी वैष्णव माननीय रेल मंत्री ओडिशा पर विशेष ध्यान दे रहे हैं और ओडिशा में चल रहे विभिन्न परियोजनाओं के कार्य उनके निरंतर अनुध्यान और प्राथमिकता में रहे हैं। रेल मंत्री निदेर्शानुसार सुनकर ने गुरुवार को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन सकुर्लेटिंग एरिया, रिजर्वेशन काउंटर, स्टेशन एवं प्लेटफॉर्म पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने प्रस्तावित नए स्टेशन भवन डिजाइनों की भी समीक्षा की और प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने भुवनेश्वर से तालचेर (अंगुल के रास्ते) की तालचेर क्षेत्र में विभिन्न साइडिंग के लिए विंडो ट्रैलिंग निरीक्षण भी किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न सार्वजनिक संगठनों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन प्राप्त किया और शिकायतों के शीघ्र निवारण का आश्वासन दिया।

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक सुनकर ने सम्मानित यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न परियोजना कार्यों को तेजी से पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी। प्राथमिक फोकस सकुर्लेटिंग एरिया, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, लाइटिंग, वेटिंग रूम, शौचालय, लिफ्ट आदि के विकास पर है, जो यात्रियों के आराम के लिए बहुत जरूरी हैं। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक के साथ रिंकेश राय मंडल रेल प्रबंधक खुर्दा रोड मुख्यालय और खुर्दा रोड मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# गंभीर बुजुर्ग रोगी को बचाने में सफल रहे समम डॉक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** यहां सम अल्टीमेट मेडिकेयर के डॉक्टरों ने 79 साल के एक व्यक्ति को गंभीर निमोनिया से बचाने के लिए 57 दिनों तक संघर्ष किया। निकुंज किशोर दास को 23 सितंबर को बुखार, सांस लेने में तकलीफ और द्विपक्षीय निमोनिया के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज को तुरंत आइसीयू में भर्ती कराया गया और नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन पर रखा गया। उन्हें पहले से ही मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हाइपोथायरायड, क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी), धमनी फाइब्रिलेशन सहित कई सह-रुग्णताएं थीं और उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी, जिससे मामले को संभालना मुश्किल हो गया था। कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट, प्लास्टिक सर्जन और इंटेंसिविस्ट सहित डॉक्टरों की एक बहु-विषयक टीम ने बहु-विषयक उपचार दृष्टिकोण का पालन करते हुए रोगी का इलाज किया। अस्पताल में क्रिटिकल केयर के वरिष्ठ सलाहकार डॉ आनंद मिश्र ने कहा कि एंटीबायोटिक और अन्य दवाओं के प्रभाव ने धीरे-धीरे उनकी स्थिति में सुधार आया और दो दिन के भीतर उन्हें एक केबिन में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, केबिन में दो दिन बिताने के बाद, उन्हें अनियमित दिल की धड़कन, यूरिनरी ब्लीडिंग और सांस लेने में कठिनाई होने लगी, जिसके कारण उन्हें वापस आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया और उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉ मिश्र ने कहा कि गुर्दे की विफलता और कम हीमोग्लोबिन के कारण उन्हें कई बार डायलिसिस और अन्य रक्त उत्पादों की भी आवश्यकता थी। गंभीर निमोनिया और एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम और ट्रेकियोस्टोमी भी किया गया था। आखिरकार 57 दिनों तक रहने के बाद मरीज को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ईसीआर–सीएओ–कॉन–उत्तर–ई.निविदा/उत्तर–45–22–23 दि. 22.11.2022, ई.निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअनि–उत्तर–ईटीएन–45–22–23 दि. 22.11.2022,** भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.:** 1. **कार्य का नाम:** वाल्मिकी नगर–पनियहवा खण्ड में पुल संख्या 383 बी और 383 सी के डायवर्जन कार्य के लिए ब्लैंकेटिंग गिटटी की आपूर्ति और प्रसार, तटबंध की ढलानों पर बोल्डर पिचिंग की आपूर्ति और बिछान, बीजी ट्रैक लिंकिंग, पी.वे सामाग्री का परिवहन, ट्रैक को नस्ट करनार एवं साथ में दो गर्डर पुल के निर्माण वाल्मिकी नगर–पनियहवा खण्ड में। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** रू. 17,21,10,783.30, **3. निविदा हेतू अग्रधन राशि जमा :** रू. 10,10,600.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 13.12.2022 चौदह तीस बजे। **5. वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि :** उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/ पूमरे/महेन्द्रुघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। द्रष्टव्यः प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/01526/कॉन/इंजी०/टी/22–23/44**


# रवींद्र भारती विवि में आदिवासी दंपति को अपमानित करने पर एक निलंबित, छह बर्खास्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** पिश्चम बंगाल के रवींद्र भारती विश्वविद्यालय (विवि) में कर्मरत आदिवासी दंपती को नीची जाति का बताकर अपमानित करने के मामले में विवि के सात कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। उनमें से एक को निलंबित जबकि छह को बर्खास्त कर दिया गया है। दंपती ने इसके खिलाफ महानगर के सिंथी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

**नल का पानी भी पीने नहीं दिया गया :** मानिक हेम्ब्रम और उनकी पत्नी शकुंतला हेम्ब्रम ने आरोप लगाया कि विवि में उनके सहकर्मियों ने उन्हें नीची जाति का कह कर न केवल उनका अपमान किया, बल्कि उन्हें विवि के नल का पानी तक पीने नहीं दिया गया और मारा-पीटा भी गया। रवींद्र भारती प्रबंधन ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक स्थायी कर्मचारी को निलंबित व ठेका आधार पर काम करने वाले छह कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। मानिक हेम्ब्रम ने कहा कि पिटाई के दौरान सहकर्मियों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया था। अब तक उन्हें वह वापस नहीं मिला है।

**जानकारी मिलते ही कार्रवाई :** विवि के कुलपति सब्यसाची बसु रायचौधरी ने कहा कि जानकारी मिलते ही कार्रवाई की गयी है। विवि परिसर में इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विवि सूत्रों से पता चला है कि आरोपित इससे पहले भी विवि के कुछ कर्मचारियों की पिटाई कर चुके हैं। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के रंग-रूप पर बंगाल के जेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अखिल गिरि की अशोभनीय टिप्पणी को लेकर काफी बवाल मचा था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस मसले पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ी थी।



गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित जनाक्रोश रैली को पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया। मौके पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, नुनूलाल मरांडी, प्रकाश सेठ, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा आदि मौजूद थे।

## एसओजी के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बलांगीर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों ने दो माओवादी को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने गंधमार्दन जंगल में माओवादियों के साथ गोलीबारी चल रहा था। इस मुठभेड़ के दौरान दो माओवादी मारे गये। पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल ने कहा कि बलांगीर जिले के गंधमार्दन पहाड़ियों में शुरू किये गये एक खुफिया आधारित ऑपरेशन के दौरान माओवादियों और एसओजी के बीच मुठभेड़ हुई। करीब आधे घंटे तक ये फायरिंग जारी रही। बाद में तलाशी के दौरान वर्दी में दो महिला माओवादियों के लाश के साथ दो इंसास राइफलों को बरामद की गयी। पता चला है कि ये दोनों एसीएम रैंक के हैं और ये छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। वे बलांगीर - बरगड - महासमुद्र डिवीजन से संबंधित हैं। बंसल ने कहा कि कॉम्बिंग अभियान तेज कर दिया गया है।

# 28वां कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 15 दिसंबर से

**अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान को न्योता**

**बंगाल के नये राज्यपाल सीवी आनंद बोस को दिया जायेगा विशेष आमंत्रण**

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल

**कोलकाता।** 28वां कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआइएफएफ) आगामी 15 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है, जो 22 दिसंबर तक चलेगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में केआइएफएफ का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। इसमें बालीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, उनकी अभिनेत्री पत्नी जया बच्चन व सुपरस्टार शाहरुख खान मौजूद रह सकते हैं। उन्हें न्योता भेजा गया है।

**पहली बार एक कैलेंडर वर्ष में दूसरी बार हो रहा आयोजन :** बतातें चलें कि शाहरुख खान बंगाल के ब्रांड एम्बेस्डर भी हैं। नव नियुक्त राज्यपाल सीवी आनंद बोस को उद्घाटन समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। गौरतलब है कि केआइएफएफ के इतिहास में पहली बार एक कैलेंडर वर्ष में इसका दूसरी बार आयोजन होने जा रहा है। कोरोना महामारी के कारण दो साल इसका आयोजन नहीं हो पाया था। 27वां संस्करण इसी साल 25 अप्रैल से शुरू हुआ था और एक मई तक चला था। उस दौरान 40 देशों की 163 फिल्में दिखायी गयी थीं। अब इसी साल फिर से इसका आयोजन होने जा रहा है। कोरोना के पहले अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान नियमित रूप से इसके उद्घाटन समारोह में मौजूद रहते थे और अब फिर से दिख सकते हैं।


DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721 www.universityfly.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar– I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | | |
| English Grammar– I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**